आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 181 | उज्जैन, गुरुवार 16 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके।

### अमेरिका ने 7 घंटे तक ईरान पर बम बरसाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। आईआरजीएस ने बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं आया, तो अगले हफ्ते बिजलीघरों और पुलों को भी निशाना बनाया जाएगा।

### टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने ममता का साथ छोड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सीनियर लीडर मदन मित्रा ने बुधवार को ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया। वे ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल हो गए। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है। मित्रा के तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट में शामिल होने का फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कस रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को ईडी ने मदन मित्रा की पत्नी और उनके दो बेटों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला म्युनिसिपल भर्ती घोटाले से जुड़ा हुआ है। बुधवार को कोलकाता में ऋतब्रता बनर्जी के नेतृत्व वाले विद्रोही तृणमूल कांग्रेस गुट में शामिल हुए।

### तीनों में से किसी पत्नी का धर्म नहीं बदला: आमिर खान



**मुंबई।** तीसरी शादी करने के बाद एक्टर आमिर खान को सोशल मीडिया पर लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहा जा रहा है। आमिर ने इन आरोपों पर सफाई दी है। वेबसाइट रेडिफ के साथ बातचीत में आमिर ने कहा- मेरी तीनों शादियों में किसी भी पत्नी ने धर्म परिवर्तन नहीं किया, क्योंकि शादियां सिविल मैरिज थीं। तीसरी पत्नी गौरी हिंदू नहीं बल्कि ईसाई हैं। आमिर ने कहा- मेरी बेटी इरा की शादी एक हिंदू से हुई है। मेरी दोनों बहनों निखत खान और फरहत खान के पति भी हिंदू हैं। कजिन मंसूर की शादी एक ईसाई से हुई है। एक्टर आमिर खान और उनकी पार्टनर गौरी स्प्रैट ने 5 जुलाई को शादी की। दोनों ने मुंबई के पाली हिल (बांद्रा) स्थित आमिर के घर पर शादी के कागजात पर साइन किए। यह एक प्राइवेट मैरिज सेरेमनी थी, जिसमें दोनों परिवारों के लोग और कुछ बेहद करीबी दोस्त ही शामिल हुए। शादी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज के रूप में रजिस्टर की गई।

### बनारस में गंगा किनारे बनेगा एलिवेटेड कॉरिडोर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज बुधवार, 15 जुलाई को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मोबाइल फोन प्रोडक्शन तक कई बड़े फैसलों को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों में इंफ्रास्ट्रक्चर, फर्टिलाइजर और रेलवे प्रोजेक्ट्स से जुड़े सात बड़े फैसले हैं। इस पैकेज में सेमीकॉन 2.0, मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम और यूरिया-2026 के लिए नेशनल इन्वेस्टमेंट पॉलिसी शामिल हैं, जिन पर कुल 2,19,353 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट और कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स की बैठक हुई। इसके बाद प्रेस ब्रीफिंग में कैबिनेट के फैसलों के बारे में जानकारी दी गई।

### इंग्लैंड में पंजाबी लड़की की हत्या, चाकू से 5 वार किए

**अमृतसर।** पंजाब के तरनतारन की युवती की इंग्लैंड में हत्या कर दी गई। उसके पेट-छाती में 5 बार चाकू से वार किए गए। युवती करीब दो साल पहले स्टूडेंट वीजा पर हायर एजुकेशन के लिए गई थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसे वर्क परमिट मिल गया था और वह वहीं रहकर नौकरी कर रही थी। युवती की हत्या के बाद आरोपी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वो चाकू लेकर जाता हुआ दिख रहा है। वीडियो घर के गेट के कैमरे में कैद हुआ। युवती के पेरेंट्स ने बेटी का भविष्य संवारने के लिए अपनी जमीन तक बेच दी थी, ताकि वो उसे इंग्लैंड भेज सकें। परिवार को उम्मीद थी कि उनकी बेटी विदेश में बेहतर पढ़ाई करके अच्छी नौकरी हासिल करेगी।

भूख हड़ताल के बाद से सोनम वांगचुक का करीब 8.25 किलो वजन घटा, लो ब्लड शुगर, चक्कर, ज्यादा कमजोरी और मांसपेशियां हुई कमजोर

# सोनम वांगचुक के अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई

## कोर्ट ने केंद्र-दिल्ली सरकार से जवाब मांगा, वांगचुक को तुरंत मेडिकल सुविधा और इलाज देने की मांग की, वांगचुक 18 दिन से भूख हड़ताल पर, सेहत बिगड़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली






दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल को बहुत जरूरी माना। केंद्र और दिल्ली सरकार से गुरुवार सुबह तक जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह सुनवाई एक जनहित याचिका पर की। इसमें वांगचुक को तुरंत मेडिकल सुविधा और इलाज देने की मांग की गई है।

वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 18 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। उनकी हालत लगातार गिरती जा रही है। 8.50 किग्रा तक वजन गिर गया है। सरकार सोनम वांगचुक को तुरंत इमरजेंसी ट्रीटमेंट, जीवनरक्षक उपचार और जरूरी पोषण उपलब्ध कराए। साथ ही सरकार उनके आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर बातचीत भी शुरू करे।


भूख हड़ताल के बाद से सोनम वांगचुक का करीब 8.25 किलो वजन घट गया है। उन्हें लो ब्लड शुगर, चक्कर, ज्यादा कमजोरी और मांसपेशियां कमजोर होने जैसी दिक्कतें हो रही हैं। किसी की जान खतरे में होने पर सरकार चुप नहीं रह सकती। भूख हड़ताल शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन नागरिक की जान बचाना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

**थरूर ने वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की-** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर लिखा- सोनम वांगचुक जी से मेरी भावनात्मक अपील है कि वे अपना अनशन समाप्त करें। आपने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और किसी भी अनशन का यही उद्देश्य होता है। देश को आगे की लंबी लड़ाई के लिए आपकी आवाज की जरूरत है। सोमवार से संसद का सत्र शुरू हो रहा है। हमें लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच पर छात्रों के मुद्दे उठाने का अवसर मिलेगा। इन समस्याओं का समाधान संसद में होना चाहिए, न कि किसी की जान जोखिम में डालने वाले अनशन से। कृपया मेरी अपील स्वीकार करें।

### नेताओं-फिल्मी हस्तियों की प्रतिक्रिया

- **सपा चीफ अखिलेश यादव-** जिस भाजपा सरकार को वह अपने आमरण अनशन से जगाने की कोशिश कर रहे हैं, वह सिद्धांतहीन और भ्रष्ट व्यवस्था बन चुकी है। इतनी निर्मम सरकार के लिए किसी का भी बलिदान मायने नहीं रखता।
- **पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल-** मैं 16 जुलाई शाम 5 बजे जंतर-मंतर जाकर सोनम वांगचुक और सीजेपी के प्रदर्शनकारियों से मुलाकात करूंगा और अपना समर्थन दूंगा।
- **टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा-** सरकार को आपके या करोड़ों युवाओं के जीवन की परवाह नहीं है। आपका जीवन हमारे लिए मायने रखता है। अनशन बंद करें और लड़ाई जारी रखें।

### राखी सावंत जाएंगी जंतर-मंतर !



राखी सावंत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के बारे में बात करती हुई नजर आ रही हैं। राखी सावंत इसमें कह रही हैं, प्लीज सोनम जी मैं गुजारिश करती हूं कि इन फालतू लोगों के लिए आप जान मत दीजिए। आप बहुत कीमती हैं। आपकी जान बहुत कीमती है। राखी ने आगे कहा, 'मैं जंतर-मंतर जाऊंगी और अपने हाथों से उनका फास्ट तुड़वाऊंगी। उनको नींबू पानी पिलाऊंगी, उन्हें आमरस पिलाऊंगी।'

नोएडा में स्कूटी चार्जिंग के दौरान हुआ धमाका

## 4 मंजिला बिल्डिंग में लगी आग से 2 जिंदा जले

एजेंसी ▸▸ नोएडा

नोएडा में बुधवार सुबह 11 बजे 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में 2 लोग जिंदा जल गए। एक बच्चा और एक युवती गंभीर रूप से झुलस गए। फायर ब्रिगेड ने सीढ़ियों के सहारे 50 परिवारों का रेस्क्यू किया।

पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि बिल्डिंग के बेसमेंट में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज हो रही थी। इसी दौरान उसमें धमाका हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। 30 से 40 बाइकें जलकर राख हो गईं। धुआं उठता देखकर बिल्डिंग के आसपास रहने वाले सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए। बिल्डिंग के निचले हिस्से में फंसे लोग बाहर निकल गए, लेकिन ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग फंस गए।



### पुलिस ने बिल्डिंग मालिक को हिरासत में ले लिया

फायर ब्रिगेड कर्मियों ने जिस बिल्डिंग में आग लगी थी, उसकी छत से सामने वाली बिल्डिंग तक सीढ़ियां लगाकर पुल बनाया। फिर उसके सहारे लोगों को दूसरी बिल्डिंग में सुरक्षित पहुंचाया। पुलिस ने बिल्डिंग मालिक को हिरासत में ले लिया है। हादसे में जाने गंवाने की वाली लड़की स्नेहा श्रीवास्तव (22) बिहार की रहने वाली थी। अभी युवक की पहचान नहीं हो पाई है। बिल्डिंग में करीब 50 कमरे थे। आग सेक्टर-66 के ममूरा इलाके में लगी। यह भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां बड़ी संख्या में नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ रहते हैं।

## यूके की व्हिस्की, कारें और ब्यूटी प्रोडक्ट्स सस्ते मिलेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में यूके की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर अब सस्ते मिलेंगे। बुधवार से भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया। यानी अब भारत के 99% सामानों को यूके में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं यूके के 99% सामान 3% एवरेज टैरिफ पर आयात होंगे। इससे 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 राउंड की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे।

## कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री का भाई शालिगराम गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिगराम गर्ग और उसके एक साथी को छतरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शालिगराम समेत 4 लोगों पर जमीन विवाद में मोतीलाल कुशवाहा नाम के युवक को गोली मारने का आरोप है। मामला राजनगर में गौशाला के पीछे की जमीन के विवाद से जुड़ा है।

पुलिस ने शालिगराम और अंकित मिश्रा को बुधवार शाम गिरफ्तार किया जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। घायल मोतीलाल कुशवाहा राजनगर थाना इलाके के कोड़ा गांव का रहने वाला है। उसे मंगलवार को गोली लगने के बाद गंभीर हालत में छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मोतीलाल ने पुलिस को बताया था- शालिगराम गर्ग मेरी जमीन छीनना चाहते हैं। वे सतीश सिंह घोष, तुलसी मिश्रा, अंकित मिश्रा, आशीष और दूसरे साथियों के साथ मंगलवार सुबह मेरे घर पहुंचे। मुझे घर से बाहर खींच लाए। सभी ने लाठी-डंडों से हमला किया। इसके बाद शालिगराम ने तीन-चार राउंड फायर किया। एक गोली मेरे सीने में लगी।



## ब्यौहारी अमृत भारत रेलवे स्टेशन का कल पीएम करेंगे लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल का प्रमुख रेलवे स्टेशन ब्यौहारी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक स्वरूप में विकसित होकर यात्रियों की सेवा के लिए पूर्णतः तैयार है। लगभग 20.58 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस स्टेशन का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल लोकार्पण किया जाएगा। यह अवसर ब्यौहारी क्षेत्र, शहडोल जिले तथा जबलपुर मंडल के लिए गौरव का क्षण होगा।

## 2004 से पेट्रोल में एथेनॉल मिल रहा गाड़ियों को नुकसान का सबूत नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में ई-20 पेट्रोल, एथेनॉल, माइलेज और गाड़ियों पर इसके असर को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एथेनॉल से गाड़ियां खराब होने का कोई प्रमाण नहीं है। 2004 से पेट्रोल में एथेनॉल मिलाया जा रहा है। अब तक किसी की गाड़ी खराब होने का कोई प्रमाण सामने नहीं आया। सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं।

## यूपी-बिहार में भारी बारिश

### जगन्नाथ यात्रा से पहले ओडिशा में रेड अलर्ट, राजस्थान-एमपी में मानसून ब्रेक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में मानसून ऐक्टिव है। बुधवार को बिहार के गयाजी में स्कूल जा रहे तीन बच्चों पर बिजली गिर गई। एक बच्चे की मौत हो गई। समस्तीपुर में भी बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।

यूपी के लखनऊ में मंगलवार को तेज बारिश हुई। बलिया में सरयू और घाघरा नदी के किनारों पर कटान शुरू हो गया। इसके चलते बांसडीह में 150 परिवार घर छोड़कर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं।

इधर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में मानसून पर ब्रेक लग गया है। मानसून ट्रफ, अरब सागर और



बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं पूर्वी भारत में आकर रुक गई हैं। इससे पश्चिम-उत्तर भारत तक पर्याप्त मात्रा में नम हवाएं नहीं पहुंच पा रही हैं, इसलिए बारिश कम हो रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, कुछ दिनों बाद नया लो-प्रेशर सिस्टम बनने या मानसून ट्रफ के पश्चिम की ओर बढ़ने पर इन राज्यों में भी अच्छी बारिश शुरू हो सकती है। ओडिशा में बारिश का रेड अलर्ट है।

## भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा लीक

### दावा- हैकर्स ने ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स और अन्य रिकॉर्ड की जानकारी सार्वजनिक की

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुड़े हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। रायटर्स के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप वर्ल्ड लीक्स ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है। इनमें पॉवर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की जानकारी और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए हैं।



तमिलनाडु के कुडनकुलम प्रोजेक्ट में शामिल अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बयान कर सेंध लगने की पुष्टि की। रिलायंस ग्रुप ने कहा कि थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी योट्टा के सर्वर पर सेंध लगी थी। इस घटना की जानकारी सरकार को दे दी गई है। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि कौन-सा डेटा प्रभावित हुआ। सर्वर में सेंध मई में हुई थी, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है। न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड रिलायंस के साथ मिलकर मामले की समीक्षा कर रहा है। वहीं भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम भी इस डेटा लीक की जांच कर रही है।

कैग की रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

## प्रदेश के 1895 सरकारी स्कूलों में एक भी टीचर नहीं

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

एमपी हाईकोर्ट में सरकारी स्कूलों में टीचरों की कमी को लेकर जनहित याचिका दायर की गई है। इंदौर निवासी सौरभ त्रिपाठी ने 2025 की कैग (सीएजी) रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि प्रदेश के 1,895 शासकीय शालाओं में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है, जिससे लाखों बच्चों का शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मंगलवार को राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता सौरभ त्रिपाठी ने याचिका में कहा कि प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था गंभीर अव्यवस्थाओं से जूझ रही है। वर्ष 2025 की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार 7 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट होने के बावजूद हजारों स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। इससे बच्चों के शिक्षा के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। मामले की सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने की। अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सरकार से शिक्षक नियुक्ति, बजट के उपयोग और कैग रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों पर विस्तृत जवाब मांगा गया है।

### परीक्षा परिणामों पर भी पड़ा असर



याचिका में कहा गया है कि शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का असर छात्रों के परीक्षा परिणामों पर भी साफ दिखाई देता है। सत्र 2018-19 में हाईस्कूल का पास प्रतिशत 67.74 प्रतिशत था, जो 2021-22 में घटकर 38.53प्रतिशत रह गया।

### अब सरकार को देना होगा जवाब

प्राथमिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब सरकार को अदालत के समक्ष यह स्पष्ट करना होगा कि शिक्षक नियुक्तियों, बजट खर्च और सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## बाबा के दर्शन का मोह

बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का मोह उनसे कुछ भी करवा रहा है। खास तो वीआईपी दर्शन का मोह अपराध तक करवा रहा है। आए दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिसमें बाबा के दर्शन के लिए व्यवस्था को ही धोखा देने तक से ऐसे श्रद्धालु चूक नहीं रहे हैं। हाल ही के दिनों में ऐसे एक नहीं अनेक मामले व्यवस्थापकों के सामने आए हैं। तीन दिन पहले देश की आर्थिक राजधानी से आए तीन श्रद्धालुओं ने वेब साईड पर शीघ्र दर्शन व्यवस्था का टिकिट देखकर उसे अत्याधुनिक तरीके से बना लिया और मोबाइल में रखने के साथ ही उसका प्रिंट निकाल लिया। जब श्रद्धालु इस टिकिट को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के दायरे से निकलने लगे तो टिकिट के कोडिंग एवं बार कोड से पकड़े गए। मंदिर के व्यवस्थापकों ने उन्हें वर्दी केंद्र तक भेजा था। यही स्थिति एक बार फिर मंगलवार को सामने आई प्रदेश की राजधानी के दो नाबालिग एवं हाल ही में युवक की गिनती में आए श्रद्धालु ने शीघ्र दर्शन के लिए रसीद बनाई।





इस रसीद में शीघ्र दर्शन व्यवस्था गर्भगृह का उल्लेख अत्याधुनिक तरीके में कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था में रसीद को देखते ही एक बारगी में ही पकड़े गए। मामला वर्दी केंद्र तक पहुंचा और नाबालिक को तो दर्शन के मोह में बख्श दिया गया लेकिन हाल ही में किशारावस्था पार कर युवक को दबोचा गया। उसे प्रतिबंधात्मक दंड दिया गया। वीआईपी दर्शन के मोह में ऐसे अनेकों मामले बारबार सामने आ रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि वीआईपी दर्शन की इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को काफी ज्यादा मन पर असर किया है और उसी मोह में बाबा के दर्शन में भी अपराध की स्थिति कायम होने के मामले बढ़ने लगे हैं। ऐसे में मंदिर समिति को अब एक बार पुर्नविचार की स्थिति में शीघ्र दर्शन पर विचार करना चाहिए। सही में भी आगंतुक उसका पात्र है या नहीं इस पर भी विचार होना चाहिए उसके बाद ही उसे इसकी पात्रता मिलना चाहिए।

## न्यूज कॉलम

- सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- मेटल डिटेक्टर से जांच और बिना जेब वाले कुर्ते के बयान का किया था समर्थन, स्वामी परमानंद को लिखा पत्र, दी आंदोलन की चेतावनी।
- पश्चिम बंगाल के पुजारियों का बंद वेतन फिर शुरू करने की मांग, महाकाल दर्शन करने आए बंगाल के राज्यमंत्री उमेश राय का महासंघ ने किया स्वागत।
- 21 जुलाई से मानसून सत्र में मध्य प्रदेश विधानसभा और संसद में मालवा के हजारों निवासियों के हस्ताक्षर के साथ जन याचिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी।
- बड़ा उदासीन अखाड़े में संपत्तियों की बंदरबांट, रजिस्ट्रार ने लेन-देन पर लगाई रोक, महंतों की शिकायत पर कार्रवाई, अखाड़ा परिषद भी करेगा हस्तक्षेप
- विहिप कार्यालय में 34 दुर्गा वाहिनी बहनों ने लिया प्रशिक्षण, 15 प्रखंडों में खुलेंगे बाल संस्कार केंद्र, इतिहास-संस्कृति से बच्चों को रूबरू कराने की पहल।
- सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र, श्याम भक्ति सेवा संस्थान और मारवाड़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि दैवज्ञ चंडू जयंती पर जोधपुर में निःशुल्क ज्योतिष शिविर।

## माली समाज द्वारा डॉ. सोलंकी का अभिनंदन

**उज्जैन।** नव नियुक्त विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी का संत लिखमीदास शिक्षण समिति की साधारण सभा में अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व निगम सभापति सोनू गहलोत, माली समाज के संरक्षक शिवनारायण जागीरदार, पूर्व मंडी अध्यक्ष ओम हारोड, पार्षद सपना सांखला, पूर्व पार्षद कुंदन माली। अध्यक्षता की समिति अध्यक्ष लालाराम गहलोत नें की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा संत श्री के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्ज्वलित किया। अतिथियों द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी का सम्मान साफा पहनाकर, शाल श्रीफल एवं संत लिखमी दास जी की प्रतिकृति भेंट कर किया।

## ट्रेंडिंग





### सीएनजी की जगह सीबीजी भरा जा रहा वाहनों में, ईंधन के नाम पर बड़ी गड़बड़

# माईलेज हो रहा कम, इंजन हो रहा खराब


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अगर आपके चौपहिया वाहन में भी सीएनजी भरवाने के बाद माईलेज में कमी हो रही है और इंजन में खराबी की स्थिति बनने लगी है तो सतर्क हो जाएं। कहीं ऐसा तो नहीं की आप लेने सीएनजी गए थे और वाहन के टैंक में सीबीजी भर दी गई, जिससे वाहन के ये हाल होने लगे हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद हुई शिकायतों के आधार पर जांच में लिए गए हैं।

अगर आप अपने गैस टैंक वाले चौपहिया वाहन को लेकर प्रदेश के अन्य जिलों में जा रहे हैं तो सीएनजी लेते समय सावधानी रखकर लें। वाहनों के लिए ईंधन के लिए गैस पंपों पर उपभोक्ताओं साथ गड़बड़ होने की स्थिति बनने लगी है। अब सीएनजी के नाम पर सीबीजी दी जा रही है।

**प्रदेश के कुछ जिलों में मामले सामने आए, शिकायतों के बाद जांच**

प्रदेश के कुछ जिलों में पंपों पर सीएनजी के बदले सीबीजी बेचकर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। सीएनजी के भाव 105 रुपये प्रति लीटर वसूले जा रहे हैं जबकि सीबीजी की वास्तविक उत्पादन लागत मात्र 60 रुपये प्रति लीटर बताई जा रही है। इस मामले की पुष्टि के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी से संपर्क के प्रयास उनके मोबाइल रिसीव नहीं करने से संभव नहीं हो सके और इसकी तह तक जानकारी सामने नहीं आ सकी है।



### लोग पूरे मामले से अंजान

सायबर ठगी की तरह ही सीएनजी की बजाय सीबीजी मामला भी है। वाहन चालक को भरोसे में रखकर उसके साथ धोखाधड़ी के इस मामले से वाहन संचालक पूरी तरह से अनभिज्ञ ही हैं। इधर बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले ने प्रदेश के कई जिलों को अपनी चपेट में लिया है और सीएनजी की बजाय सीबीजी का उपयोग कतिपय संचालकों ने करते हुए उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

### वाहनों के इंजन को नुकसान

उपभोक्ताओं को सीएनजी बताकर महंगी दरों पर सीबीजी बेचना सीधे तौर पर धोखाधड़ी है। गैस पंप संचालक सीबीजी बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और आम जनता को इसका सीधा नुकसान हो रहा है। सीबीजी की कैलोरिक वैल्यू सीएनजी की तुलना में कम होती है जिसके कारण वाहनों के माइलेज पर बुरा असर पड़ रहा है। कुछ जिलों में आए मामलों में सामने आ रहा है कि कार और ऑटो चालकों के अनुसार उनके वाहनों का माइलेज 5 से 6 किमी प्रति लीटर तक कम हो गया है। सीबीजी में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है जो वातावरण की नमी को तेजी से सोख लेती है। यही कारण है कि वाहनों के इंजन में बार-बार तकनीकी खराबी आ रही है।

**जबलपुर में शिकायत-** जबलपुर में इस तरह का मामला सामने आने पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा और घनश्याम सोनकर ने कलेक्टर से शिकायत की है। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर को तत्काल प्रभाव से जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच का स्पष्ट कहना है कि यह कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम का खुला उल्लंघन है। इस कानून के तहत दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। कलेक्टर ने मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए अपर कलेक्टर को तुरंत जांच करने के आदेश जारी किए हैं।

# आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

### पहली बार तीन अलग-अलग रथों पर देंगे दर्शन, ढाई लाख की पोशाख पहनेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस्कॉन मंदिर की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा पहली बार तीन अलग-अलग पारंपरिक रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। भगवान के लिए ढाई लाख रुपए की विशेष शाही पोशाक तैयार कराई गई है।

**बंगाल के कारीगरों ने तैयार की शाही पोशाक**

मंदिर के पीआरओ ने बताया कि भगवान की विशेष पोशाक तैयार करने के लिए बंगाल से 10 कारीगर बुलाए गए थे। पिछले दो महीनों से कारीगरों ने रेशमी वस्त्रों पर जापान से मंगवाए गए विशेष मोतियों, जरी, धागों और डायमंड से आकर्षक पोशाक तैयार की है। पोशाकों पर धार्मिक प्रतीकों की सुंदर कारीगरी भी की गई है। आयोजकों के अनुसार नंदीघोष रथ सबसे विशाल होगा और श्रद्धालु स्वयं रस्सियां खींचकर रथ यात्रा में सहभागी बनेंगे। राघव पंडित दास प्रभु ने बताया कि हर वर्ष बुधवारिया क्षेत्र से निकलने वाली रथयात्रा इस बार आगर रोड स्थित मंडी चौराहे से प्रारंभ होगी। यात्रा के स्वरूप और मार्ग में बदलाव किया गया है ताकि अधिक श्रद्धालु इसमें शामिल हो सकें।



**प्रदेशभर में 101 स्थानों पर निकलेगी रथयात्रा-** प्रदेश सरकार के सहयोग से इस वर्ष मध्य प्रदेश में 101 स्थानों पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें उज्जैन इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी। **खाती समाज भी निकालेगा पारंपरिक रथ-** खाती समाज की ओर से भी हर वर्ष की तरह ढाबा रोड से भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथयात्रा निकाली जाएगी। हालांकि सड़क निर्माण कार्य के कारण इस बार यात्रा का मार्ग छोटा रखा गया है और यह गोपाल मंदिर तक ही जाएगी।

### विदेशी श्रद्धालु और झांकियां बढ़ाएंगी आकर्षण

रथयात्रा में ढोल-ताशा दल, हाथी, घोड़े, बग्घियां, कीर्तन मंडलियां और भगवान की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैलगाड़ियों पर श्रीकृष्ण और गोपियों की वेशभूषा में सजे बच्चे भी शामिल होंगे। देश-विदेश से आए श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन और भगवान जगन्नाथ के जयघोष के साथ यात्रा की भव्यता को और बढ़ाएंगे।

# आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पाठशाला - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलार किया, झूला झुलाया, पोषण आहार का वितरण किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के सदावल में स्थित यह आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पाठशाला है। उन्होंने बुधवार को उज्जैन के सदावल स्थित स्वेज फार्म सक्षम सीएसआर फंड से बनाए गए आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के अवलोकन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम में यह वक्तव्य दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद कर उन्हें दुलारा, झुला झुलाया और पोषण आहार का वितरण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीएसआर फंड से बनाए गए इस आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी व्यवस्थाएं हैं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छोटे-छोटे बच्चों को दुलार करते हुए सभी को लड्डू के पैकेट, पोषण आहार के रूप में चना और मूंगफली के पैकेट वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंगनबाड़ी केंद्र पर फूड जोन, स्वास्थ्य परीक्षण कक्ष, मेडिसिन कक्ष का अवलोकन कर जानकारी ली।

**डीजीपी मकवाना की माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना की माता स्व. श्रीमती गंगा देवी मकवाना (86) वर्ष का निधन होने पर उनके राजस्व कालोनी स्थित निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजली अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से भेंट की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## आचार्य शैलेंद्र पाराशर 'आजीवन उपलब्धि सम्मान' 2026' से सम्मानित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थाएँ बालमंच एवं परिष्कृति द्वारा आयोजित आजीवन उपलब्धि सम्मान समारोह 2026 अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ, जिसकी मनोहारी प्रस्तुति मानस शर्मा एवं मानसी शर्मा ने दी। सारस्वत सांस्कृतिक आयोजनमें उपस्थित अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया पूर्णता यार्दे व समूह द्वारा प्रस्तुत अभंग गायन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को आजीवन उपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रथम सम्मान राज कुमुदजी को प्रदान किया गया, जिनका स्वागत हरीश पोद्दार एवं मानस शर्मा ने किया तथा प्रशस्ति वाचन पलक पटवर्धन ने किया। आचार्य बालकृष्ण शर्मा व अमिताभ मिश्र द्वारा सम्मान प्रदान किया गया, वहीं राज कुमुदजी का अमिताभ मिश्र ने अपने प्रेरक उद्बोधन से सभी को संबोधित किया।

## 51 पौधों का रोपण कर सांसद फिरोजिया का जन्मदिन मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दशहरा मैदान, स्थित शिप्रा क्रिकेट अकादमी द्वारा उज्जैन-आलोट लोकसभा सीट के सांसद व उज्जैन डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के चैयरमैन एवं खेलप्रेमी अनिल फिरोजिया का जन्मदिन सांसद से केक कटवाकर व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 51 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर मनाया गया व अकादमी परिवार की ओर से जन्मदिन पर उनका सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर उज्जैन डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष यूनुस शेख, उज्जैन डिवीजन क्रिकेट के पूर्व सेलेक्टर प्रभात समेरिया, प्रवीण श्रीवास्तव, अकादमी के मुख्य कोच नितिन श्रीवास्तव सर एवं अकादमी के सभी बॉयज एवं गर्ल्स खिलाड़ी व गणमान्य नागरिक, खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### भगवान श्री मंगलनाथ मंदिर में भौम अमावस्या पर

## शासकीय पूजन की रसीदों से 4.82 लाख की आय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक के.के. पाठक ने बताया कि शिप्रा तट स्थित भगवान श्री मंगलनाथ जी के मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का सतत आगमन हो रहा है। 14 जुलाई को भौम अमावस्या पर प्रातः 7 बजे की आरती के बाद दोपहर 3:30 बजे तक निर्धारित समयावधि में भात पूजन एवं अन्य पूजनों के लिए यजमानों की निरंतर भीड़ लगी रही।

इस माह मंगलवार के साथ भौम अमावस्या का संयोग होने के कारण भूमि प्राप्ति, धन प्राप्ति, शीघ्र विवाह, यश प्राप्ति, मंगल दोष निवारण एवं समस्त रोग निवारण जैसी कामनाओं को लेकर श्रद्धालुओं/यजमानों की विशेष भीड़ देखने को मिली।मंदिर के विद्वान पंडितगणों एवं



आचार्यगणों द्वारा सभी पूजनों को पूर्ण विधान के साथ संपन्न कराया गया। इन पूजनों की कंप्यूटरीकृत एवं मैन्युअल शासकीय रसीदें मंदिर समिति के कर्मचारियों द्वारा जारी की गईं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के सक्षम नेतृत्व एवं एडीएम/अध्यक्ष तथा तहसीलदार/सचिव, मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में 14 जुलाई 2026 को 2300 शासकीय रसीदें काटी गईं, जिनसे रुपए 4,82,500/- (चार लाख बयासी हजार पांच सौ मात्र) की आय प्राप्त हुई। यह मंदिर समिति की अब तक की रिकॉर्ड आय है।

प्रशासक के.के. पाठक ने बताया कि मंदिर में आने वाले दिव्यांग एवं असहाय श्रद्धालुओं को कर्मचारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ व्हीलचेयर सहायता प्रदान कर भगवान श्री मंगलनाथ जी के सुलभ दर्शन कराए गए। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से तेज गति से चल रहा है।

# देवास गेट से मालीपुरा, दौलतगंज तक सीवरेज कार्य के बाद सड़क बदहाल

### सड़क पर खोदे गए गड्ढों का भराव कर ऐसे ही छोड़ा, उबड़-खाबड़ मार्ग से वाहन चालकों को रोजाना हो रही परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की समय पर मरम्मत नहीं होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों देवासगेट से मालीपुरा होते हुए दौलतगंज चौराहे तक सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया गया था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क को उसके पुराने स्वरूप में नहीं लाया गया। न तो सड़क की मरम्मत की गई और न ही उसे समतल कर पहले की तरह किया गया, जिससे पूरा मार्ग आज भी उबड़-खाबड़ बना हुआ है।

सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए थे। कार्य पूरा होने के बाद केवल गड्ढों में मिट्टी डालकर भराव कर दिया गया, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गई। परिणामस्वरूप सड़क जर्जर हालत में है और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**धूल, गिट्टी और पत्थरों से बढ़ रहा हादसों का खतरा**

सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण मार्ग पर मिट्टी, गिट्टी और पत्थर बिखरे हुए हैं। वाहनों के गुजरने पर गिट्टी और पत्थर उछलकर राहगीरों व अन्य वाहन चालकों को लग रहे हैं। वहीं दिनभर वाहनों की आवाजाही के कारण धूल के गुबार उड़ते रहते हैं, जिससे आसपास के दुकानदारों और लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है।

### अधिकारियों के निदेर्शों के बावजूद बरती जा रही लापरवाही

- नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सीवरेज कार्य कर रही निर्माण कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जहां भी सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो जाए, वहां तत्काल सड़क की मरम्मत कर उसे पहले जैसी स्थिति में लाया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। इसके बावजूद कई स्थानों पर निर्माण कंपनियां निर्देशों की अनदेखी कर रही हैं।
- देवासगेट से मालीपुरा होते हुए दौलतगंज चौराहे तक का मार्ग इसका ताजा उदाहरण है, जहां सीवरेज कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई। केवल गड्ढों का भराव कर सड़क को जर्जर हालत में छोड़ दिया गया है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 16 जुलाई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### चोइथराम मंडी में हम्माल की मौत, मंडी व्यवस्था पर उठे सवाल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले की चोइथराम मंडी में एक हम्माल की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद मंडी की व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंडी क्षेत्र में नशाखोरी, चोरी और अवैध वसूली जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं है। उनका कहना है कि इन मुद्दों को लेकर आए दिन स्थानीय लोगों और संबंधित लोगों के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती है। घटना के संबंध में पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही मौत के कारण और लगाए गए आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।


### जिला कोषालय में समस्या निवारण शिविर 16 एवं 17 को

**इंदौर।** शासकीय कार्यालयों में अकाउंट संबंधी पोर्टल में आने वाली तकनीकी और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय में 16 एवं 17 जुलाई को विशेष शिविर आयोजित किया गया है। अकाउंट संबंधी पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान इस शिविर में किया जाएगा। यह शिविर 16 एवं 17 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक जी-2 में आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री मोनिका कटारे ने कहा कि शिविर में पूर्व से लंबित तकनीकी समस्याओं के निराकरण का त्वरित निराकरण करने तथा इससे संबंधी निराकृत रऊ, प्रचलित रऊ एवं रऊके लंबित प्रकरण तथा पूर्ण अभिलेख विवरण सहित सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं ।

### कार्यालय संचालन के लिए 521 करोड़ 4 लाख की स्वीकृति

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार ने शहरों के कायाकल्प के लिए नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही कैबिनेट ने किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ रुपये की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कुण्डलिया परियोजना को निरंतर रखने जैसे कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगायी है।

### निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन आमंत्रित



**इंदौर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) प्री-कम-मेन्स परीक्षा 2027 की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण केन्द्र की सहायक आयुक्त एवं प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी प्रशिक्षण केन्द्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित शीघ्र संस्थान में जमा करें तथा निःशुल्क कोचिंग का लाभ प्राप्त करें। लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) प्री-कम-मेन्स परीक्षा 2027 की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु प्रवेश के लिए आवेदक का मध्यप्रदेश का अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग का निवासी होना आवश्यक है। आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच तथा स्नातक में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

### वैश्विक हवाई संपर्क, व्यापार, निवेश और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 जुलाई, बुधवार को इंदौर में मध्यप्रदेश नागरिक विमानन नीति-2025 से वित्त पोषित प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा इंदौर से आबू धाबी का शुभारंभ करेंगे। यह उड़ान प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी से सीधे जोड़ेगी। टाटा समूह की विमानन इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित यह सेवा सप्ताह में चार दिन (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार) को उपलब्ध रहेगी। इंदौर से आबू धाबी हवाई सेवा प्रारंभ होने से मालवा-निमाड़ क्षेत्र की बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। वर्तमान में इस मार्ग पर यात्रियों को दिल्ली अथवा मुंबई के माध्यम से यात्रा करनी पड़ती है, जिससे लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है। नई उड़ान शुरू होने से यह यात्रा लगभग 3 घंटे 15 मिनट में पूरी हो सकेगी।

### बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए जिलेभर में चलेगा विशेष अभियान

**इंदौर।** प्रदेशव्यापी दस्तक अभियान का शुभारंभ सोमवार को जिले में भी किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसनानी के निर्देशन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता ने अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण विकासखंडों में भी अभियान प्रारंभ कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हासानी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों तक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंचाना है। इसके लिए आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। अभियान के दौरान विशेष रूप से हाई रिस्क क्षेत्रों, शहरी स्लम, दूरस्थ एवं दुर्गम बस्तियों, खानाबदोश परिवारों, ईंट-भट्ठों, बंजारा बस्तियों तथा निमार्णाधीन स्थलों पर रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

---

इंदौर का सबसे बड़ा डबल डेकर फ्लाईओवर इसी माह होगा शुरू, फ्लाईओवर का काम अंतिम चरण में चल रहा

# शहर के लोगों को ट्रेफिक के सिरदर्द से मिलेगी जल्द निजात

## लोड टेस्टिंग में सफल रहने के बाद लवकुश चौराहा की अब इस भुजा से यातायात शुरू करने की तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



लवकुश चौराहा पर बनाए जा रहे शहर के सबसे बड़े डबल डेकर फ्लाईओवर का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। बाणगंगा से उज्जैन की तरफ जाने वाली भुजा के एक स्पान और बो स्ट्रिंग पर स्लैब डालने का काम बाकी है। साथ ही एप्रोच का कार्य भी होना है और इसमें करीब एक माह का समय लगेगा। वहीं उज्जैन से बाणगंगा की तरफ वाली भुजा का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। एक-दो स्थानों पर एप्रोच बनाई जानी है, जिसका कार्य किया जा रहा है। लोड टेस्टिंग में सफल रहने के बाद अब इस भुजा से यातायात शुरू करने की तैयारी है। इसके शुरू होने से चौराहे पर वाहनों का दबाव कम होगा।

### अरबिंदो से बाणगंगा की तरफ जाने वाले वाहनों को मिलेगी हरी झंडी

क्योंकि अभी लवकुश चौराहा से बाणगंगा तरफ की सर्विस रोड बनाने से वाहनों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट किया गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) इस माह डबल डेकर फ्लाईओवर की एक लेन से वाहनों का आवागमन शुरू कर सकता है। यह लेन अरबिंदो अस्पताल की ओर से आने वाले वाहनों को सीधे बाणगंगा की दिशा में ले जाएगी। इससे रोजाना हजारों वाहन चालकों को लवकुश चौराहे के ट्रैफिक सिग्नल और लंबे जाम से राहत मिलेगी। आईडीए ने इस भुजा की बो स्ट्रिंग और सीमेंट के सेगमेंट का लोड टेस्ट पूरा कर लिया है। तकनीकी कंसल्टेंट द्वारा भी सुरक्षा संबंधी रिपोर्ट और संचालन की मंजूरी दे दी गई है। अब फ्लाईओवर पर केवल अंतिम फिनिशिंग, लाइटिंग की टेस्टिंग और ट्रायल रन का काम बचा है।

### अंतिम फिनिशिंग और एलईडी लाइटिंग का ट्रायल जारी

आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े का कहना है कि एक भुजा तैयार हो चुकी है, अंतिम फिनिशिंग के कार्य जारी हैं। आधुनिक एलईडी लाइटिंग की टेस्टिंग का कार्य भी किया जा रहा है। लवकुश चौराहा स्थित डबल डेकर फ्लाईओवर के शुरू होने से उज्जैन रोड और बाणगंगा की तरफ जाने वाले वाहनों को सुविधा मिलेगी। वहीं उज्जैन रोड से एमआर-10 पर आने वाली सर्विस रोड पर भी दबाव कम होगा। हालांकि अभी इसकी एक भुजा ही शुरू हो सकेगी और दूसरी भुजा के लिए करीब दो माह तक इंतजार करना होगा। उज्जैन रोड की ओर से आने वाले वाहन बिना चौराहे पर रुके सीधे बाणगंगा, मरीमाता और सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा सकेंगे। इससे यात्रा का समय घटेगा और चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव भी काफी कम होगा।

---


इंदौर पुलिस के साथ बदमाशों का डर खत्म, यहां गुंडे बेखौफ होकर खाकी पर भी हाथ उठा देते हैं

# 22 दिनों में पुलिस से मारपीट की तीसरी घटना

## खौफ खत्मः एसआई से हाथापाई की और सिपाही को काटा

### जिस पुलिस से आमजन को सुरक्षा मिलने की उम्मीद रहती है, वे खुद बदमाशों के हाथों पिट रहे हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



शहर में बदमाशों के बढ़ते हौसले का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब वे पुलिसकर्मियों पर हमला करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। जिस पुलिस से आमजन को सुरक्षा मिलने की उम्मीद रहती है, वे खुद बदमाशों के हाथों पिट रहे हैं। सोमवार रात अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया। दरअसल यहां एक सेल्स गर्ल से लूट करने के साथ ही उसे रेलवे पटरी की ओर खींचकर ले जाने के आरोपितों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। पिछले 22 दिनों में पुलिसकर्मियों से मारपीट की यह तीसरी घटना है, जिसने शहर में कानून-व्यवस्था और पुलिस की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना सोमवार रात करीब नौ बजे प्रभुनगर रेलवे पटरी के पास हुई। राजेंद्र नगर निवासी 28 वर्षीय युवती, जो एक कपड़ा शोरूम में सेल्स गर्ल है, ड्यूटी से घर लौट रही थी। तभी पीछे से आए दो बदमाशों ने उसे दबोच लिया। शोर मचाने पर उसका मुंह दबा दिया और अंधेरे की ओर खींचकर ले जाने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और मोबाइल लूट लिया। आसपास लोगों की आहट मिलने पर दोनों आरोपित भाग निकले। युवती के हाथ, कंधे और मुंह पर चोटें आई हैं।

### पकड़ने गई पुलिस टीम पर भी हमला

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वैशाली नगर झोपड़पट्टी निवासी शंकर और संजू की पहचान हुई। एसआइ जितेंद्र सिंह तथा सिपाही ऋषिकेश और विश्वेश्वर आरोपितों को पकड़ने पहुंचे तो दोनों आरोपितों ने पुलिस टीम से भी हाथापाई कर दी। एसआइ से धक्का-मुक्की की गई, जबकि एक सिपाही को काट लिया। काफी मशक्कत के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया।

**लूट की धारा बाद में जोड़ी गई-** प्रकरण में यह आरोप भी सामने आया कि एफआइआर में मोबाइल लूटने का उल्लेख होने के बावजूद शुरूआत में लूट की धारा नहीं लगाई गई। बाद में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद संबंधित धाराएं बढ़ाई गईं। इसे लेकर घटना की गंभीरता कम करके दिखाने के आरोप भी लगे हैं। बदमाशों ने युवती के पेंडल भी लूटना कुबूल लिया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में हुए उल्लेखनीय कार्य

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की परिकल्पना के अनुरूप मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया. अभियान के इस तृतीय चरण के अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य जन सहयोग से व्यापक रूप से कराए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मंगलवार को मंत्रालय में अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों से संबंधित पुस्तिका भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अभियान की सफलता के लिए मंत्री श्री सिलावट सहित विभाग की पूरी टीम को बधाई दी. इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा भी उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रदेश में गत तीन वर्षों से यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वर्षा काल के पूर्व जल स्त्रोतों की साफ सफाई, जीणोद्धार एवं आवश्यक मरम्मत आदि कार्य कराए गए।

---

स्कूल में बच्चों के बीमार होने की घटना के बाद जिला प्रशासन सख्त

# शिशुकुंज एजुकेशनल सोसायटी को सूचना पत्र जारी

### कमियां दूर करने के निर्देश, पुनः निरीक्षण के बाद ही खाद्य गतिविधियां प्रारंभ करने की अनुमति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

हाल ही में एक निजी विद्यालय में भोजन ग्रहण करने के उपरांत बच्चों के अस्वस्थ होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश एवं कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में संचालित मेस एवं कैंटीनों की सघन जांच लगातार की जा रही है।

इसी क्रम में विगत 22 जून 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शिशुकुंज एजुकेशनल सोसायटी बायपास रोड झलारिया इंदौर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों से संबंधित कई गंभीर कमियां पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के अंतर्गत संस्थान को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि खाद्य निर्माण क्षेत्र की खिड़कियां उचित रूप से कवर नहीं थीं, जिससे कीट एवं अन्य पेस्ट के प्रवेश की संभावना बनी हुई थी।

### एप्रन एवं ग्लव्स का उपयोग नहीं हो रहा था

रॉ-मैटेरियल का भंडारण अव्यवस्थित था तथा एक्सपायरी खाद्य पदार्थ भी संग्रहित पाए गए। खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी तथा खाद्य निर्माण में प्रयुक्त कुछ बर्तन फूड ग्रेड सामग्री के स्थान पर एल्यूमिनियम के पाए गए। इसके अतिरिक्त उपयोग किया हुआ कुकिंग ऑयल किचन में ही संग्रहित पाया गया। डीप फ्रीजर में तापमान नियंत्रण प्रणाली एवं तापमान प्रदर्शित करने वाला डिस्प्ले उपलब्ध नहीं था। फूड हैंडलर्स केवल कैप का उपयोग करते पाए गए, जबकि एप्रन एवं ग्लव्स का उपयोग नहीं किया जा रहा था। निर्माण में प्रयुक्त पानी की नवीनतम जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी।

### निरीक्षण के दौरानकुल 23 नमूने लिए गए थे

निरीक्षण के दौरान लिए गए कुल 23 खाद्य नमूनों में से ड्रिंकिंग वाटर, सोयाबीन तेल, ब्रीओ नमकीन, तुअर दाल एवं अमूल स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम के नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन मामलों में संबंधित वैधानिक कार्रवाई भी प्रचलन में है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा संस्थान को निर्देशित किया गया है कि 14 दिवस के भीतर निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी कमियों का निराकरण कर आवश्यक दस्तावेजों सहित अनुपालन प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में संतोषजनक अनुपालन प्रस्तुत नहीं किए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार लाइसेंस/पंजीयन के निलंबन सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 31 जुलाई तक बीमा अवश्य कराएं किसान

**इंदौर।** किसान बंधु वर्ष अल-नीनो के संभावित प्रभाव से अनियमित वर्षा एवं प्राकृतिक आपदाओं की संभावना को देखते हुए अपनी खरीफ फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसान कल्याण विभाग ने किसान बंधुओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपनी अधिसूचित फसल का बीमा 31 जुलाई तक अवश्य कराएं।

## झूठी शिकायत के मामले में 5 करोड़ का नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कांग्रेस नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता हर्ष जैन की ओर से अधिवक्ता सुजय शुक्ला के माध्यम से राहुल शर्मा, प्रिया शर्मा एवं अधिवक्ता राजवर्धन शांडिल्य को विस्तृत कानूनी नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि इन व्यक्तियों ने आपसी षड्यंत्र के तहत झूठी आपराधिक शिकायत दर्ज कराई, झूठे साक्ष्य प्रस्तुत किए तथा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से असत्य एवं मानहानिकारक आरोपों का प्रचार-प्रसार कर हर्ष जैन की सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुँचाने का प्रयास किया।

नोटिस के अनुसार, थाना कनाड़िया द्वारा की गई विस्तृत पुलिस जांच में कॉल डिटेल रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन, स्वतंत्र गवाहों के बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट पाया गया कि शिकायत में लगाए गए आरोप असत्य थे। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि कथित घटना घटित नहीं हुई तथा शिकायत झूठे तथ्यों के आधार पर केवल हर्ष जैन को फँसाने के उद्देश्य से दर्ज कराई गई थी।

नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिकायत दर्ज होने से पूर्व हर्ष जैन से धनराशि की मांग की गई तथा भुगतान न करने पर झूठे आपराधिक प्रकरण में फँसाने की धमकी दी गई। इस संबंध में कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध होने का भी उल्लेख नोटिस में किया गया है।

## इंदौर कलेक्टर ने सुनीं संवेदनशीलता से समस्याएं

### मौके पर दिए त्वारित समाधान के निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आयोजित हो रही साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बना रही है। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए त्वरित सहायता सुनिश्चित की।

जनसुनवाई में एक भावुक पल उस समय देखने को मिला, जब श्रीमती भावले अपनी तीन नातियों सुश्री सिद्धि भावले, तमन्ना भावले एवं हिमांशी भावले के साथ अपनी समस्या लेकर पहुंचीं। उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को बताया कि बच्चियों के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है, जिसके बाद उनके पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी उन पर आ गई है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बच्चियों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उनकी बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को बच्चियों की स्कूल फीस माफ कराने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने एवं शासन की पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी निर्देशित किया। प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से बच्चियों और उनकी नानी के चेहरे पर मुस्कान लौट आई तथा उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार दिव्यांग बालक मिहिर चौहान अपने पिता श्री लखन चौहान के साथ जनसुनवाई में पहुंचे। श्री लखन चौहान ने बताया कि उनके पुत्र को सुनने में परेशानी होती है और उसके कान में श्रवण यंत्र लगा हुआ है। श्रवण यंत्र की बैटरी समाप्त हो जाने के कारण उसे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नई बैटरी खरीदने में असमर्थ है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बालक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल 18 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फैसले पर संत समाज ने जताई खुशी

# पवित्र नदी अब सरकारी रिकॉर्ड में 'शिप्रा' दर्ज हुई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन की पवित्र नदी के नाम को लेकर चला आ रहा संशय अब खत्म हो गया है। भोपाल में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आपत्ति जताने के बाद राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि अब सरकारी दस्तावेजों में नदी का नाम 'क्षिप्रा' नहीं, बल्कि 'शिप्रा' लिखा जाएगा।

मुख्यमंत्री के इस फैसले का संत समाज, विद्वानों और तीर्थ पुरोहितों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि संस्कृत व्याकरण, प्राचीन कोशों, वैदिक मंत्रों और पौराणिक ग्रंथों के अनुसार नदी का शुद्ध एवं मूल नाम शिप्रा ही है, जबकि क्षिप्रा समय के साथ प्रचलित हुआ एक अपभ्रंश रूप है। रामानुजकोट के महंत रामानंदाचार्य ने कहा कि संस्कृत-हिंदी कोश में शिप्रा शब्द स्त्रीलिंग में वर्णित है। इसकी व्युत्पत्ति 'शिप' शब्द से मानी गई है। व्याकरण की दृष्टि से 'श' वाला शिप्रा ही शुद्ध है। उनके अनुसार यह एक विशेष सरोवर से निकली नदी का नाम है, जिसके तट पर उज्जयिनी नगरी बसी है। उनका कहना है कि संस्कृत व्याकरण, पौराणिक ग्रंथों और वैदिक मंत्रों के अनुसार नदी का शुद्ध नाम शिप्रा ही है, जबकि क्षिप्रा समय के साथ प्रचलित हुआ अपभ्रंश रूप है। संस्कृत व्याकरण के आधार पर 'शिप्रा' ही सही शब्द है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उसका शुद्ध रूप पुनः स्थापित किया है। वैदिक मंत्रों और पौराणिक ग्रंथों में स्पष्ट रूप से शिप्रा शब्द का ही उल्लेख मिलता है।



### सिप्रा, शिप्रा या क्षिप्रा क्या है सही?

उज्जैन के धर्माधिकारी एवं तीर्थ पुरोहित पंडित नारायण उपाध्याय के अनुसार इस नदी को तीन नामों से जाना गया है। सिप्रा, शिप्रा और क्षिप्रा। 'सिप्रा' नाम मालवा में 'श' को 'स' बोलने की स्थानीय परंपरा के कारण प्रचलित हुआ। स्कंद पुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है। वहीं महाकवि कालिदास ने अपने 'मेघदूत' में स्पष्ट रूप से शिप्रा शब्द का प्रयोग किया है। महाभारत, शिव पुराण और श्रीमद्भागवत पुराण में भी शिप्रा नदी की महिमा का वर्णन मिलता है। इसी नदी के तट पर स्थित सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और सुदामा ने शिक्षा ग्रहण की थी।

## देवास जिले की पारेषण क्षमता में हुई अतिरिक्त वृद्धि

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के उपक्रम मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने देवास जिले की पारेषण प्रणाली को सुदृढता प्रदान करते हुए 220 केवी सबस्टेशन चापडा की क्षमता वृद्धि कर 50 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊजीर्कृत किया है। इस ट्रांसफार्मर के ऊजीर्कृत होने से सबस्टेशन की स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढ़कर 153 एमवीए की हो गई है। इ इससे सबस्टेशन में सिंचाई के लिए एनवीडीए के पंप हाउस फीडर के साथ क्षेत्र मे सिंचाई एवं घरेलू लोड का उचित प्रबंधन किया जा सकेगा। अधीक्षण अभियंता अनिल सक्सेना ने बताया कि देवास जिले में अपने 12 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण का कार्य करती है, जिसमें 220 केव्ही सबस्टेशन देवास व चापड़ा तथा 132 केव्ही के आगरोद, सोनकच्छ, किशनगढ़. कन्नौद, खातेगांव एवं सतवास शामिल हैं।

## न्यूज कालम




## 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

**सनावद।** नशे के दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस थाना सनावद द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। रैली की शुरूआत थाना परिसर से हुई। इसके बाद रैली बस स्टैंड, मोटका चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली और पुनः थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता बैनर लेकर नागरिकों से नशे से दूर रहने की अपील की। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत करते हुए अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि मानसिंह राठौर, आरक्षक राजवीर गुर्जर, कृष्ण बिरला सहित समस्त थाना स्टाफ, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जैन मुक्ति धाम सनावद में दाह संस्कार शेड का जीर्णोद्धार पूर्ण



**सनावद।** नगर के जैन मुक्ति धाम में वर्षों से जीर्ण-शीर्ण हो रहे दाह संस्कार टीन शेड का पुनः जीर्णोद्धार एवं नवीन रंग-रोगन का कार्य पूर्ण हो गया है। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि यह पुण्य कार्य स्व. श्रीमती नाजुक बाई, स्व. सेठ श्री सोनचरण जी सा. एवं स्व. सेठ श्री सुरेशचंद जी सा. की पावन स्मृति में पुण्यराजक परिवार द्वारा धर्मार्थ दान स्वरूप कराया गया। दानदाता राजा जैन, ऋषभ जैन, सौरभ जैन, सुकेश जैन, राहुल जैन एवं अम्बरीश जैन ने बताया कि स्वजनों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए यह कार्य किया गया है। सकल दिगम्बर जैन समाज सनावद ने इस पुण्य कार्य की अनुमोदना करते हुए पुण्यराजक परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे पुण्य कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं।

## टांडा थाना प्रभारी संजय रावत की पदोन्नति ,डीएसपी बनेंगे



**टांडा।** टांडा थाना प्रभारी संजय कुमार रावत का उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति हुई है। मंगलवार को गृह विभाग के द्वारा निरीक्षकों को पदोन्नति की सूची जारी हुई। इस सूची में टांडा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत का भी नाम है। इस अवसर पर थाना प्रभारी रावत को टांडा थाना के स्टाफ सहित इष्ट मित्रों एवं पत्रकार गणों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। पुलिस विभाग में उनकी पदोन्नति को उनके लंबे अनुभव, उत्कृष्ट कार्यशैली और समर्पित सेवाओं का सम्मान माना जा रहा है।

## संघर्ष, संकल्प और सफलता की मिसाल बने अरविंद बलहोन

**खंडवा।** ग्राम टिटगांव के युवा शिक्षक अरविंद बलहोन ने कठिन संघर्ष, निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (रूक्कक्कस्ट) की परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण ग्रामीण परिवार से आने वाले अरविंद ने सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपनी पढ़ाई जारी रखी। पिता स्वर्गीय नानकराम के निधन के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सीएम राइज स्कूल आनंद नगर में शिक्षक के रूप में सेवाएं देते हुए लगातार रूक्कक्कस्ट की तैयारी करते रहे। उनकी मेहनत रंग लाई और उनका चयन उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में हुआ। वर्तमान में वे शासकीय महाविद्यालय गुड़ी, जिला खंडवा में पदस्थ हैं। अरविंद अपनी सफलता का श्रेय माता, स्वर्गीय पिता, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को देते हुए युवाओं से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन परिश्रम करने का संदेश देते हैं।

## डंपर चालक से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** धनगांव थाना पुलिस ने सनावद-पुनासा मार्ग पर डंपर चालक से रंगदारी मांगने और मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को घटना के कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों ने पैसे नहीं देने पर फरियादी से मारपीट की तथा डंपर पर पत्थर फेंककर उसके शीशे तोड़ दिए थे।फरियादी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पियुष राठौर, आकाश वादे तथा वसीम उर्फ मोहसीन को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराम जमरा सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मूंग खरीदी में देरी के विरोध में हरसूद में कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**खंडवा/हरसूद।** मूंग खरीदी शुरू नहीं होने और खरीदी सीमा कम निर्धारित किए जाने के विरोध में कांग्रेस बुधवार को हरसूद में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मूंग खरीदी तत्काल प्रारंभ करने तथा खरीदी सीमा एक क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर छह क्विंटल प्रति एक-ड़ करने की मांग की जाएगी। कांग्रेस ने किसानों से भी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का कुमकुम तिलक लगाकर तथा चॉकलेट भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में नए शैक्षणिक सत्र के साथ 25 वें बैच का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय स्वागत किया गया। महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का कुमकुम तिलक लगाकर तथा चॉकलेट भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और अपनत्व का वातावरण दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ।

पूजन महाविद्यालय के संचालक बी.एम. पाटीदार तथा अकादमिक संचालक संजय गर्ग के करकमलों से संपन्न हुआ। मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत का गायन कु. शिवानी केवट (बीकॉम तृतीय वर्ष) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बी.एम. पाटीदार ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना भी है।

अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। साथ ही महाविद्यालय की गरिमा के अनुरूप आपको अनुशासित होकर अपना अध्यापन पूर्ण करना होगा।

आप के सर्वांगीण विकास के लिए स्क्क्कष्ट परिवार प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ प्राध्यापक राजीव काले ने शिक्षा और विद्या के प्रमुख अंतर बताते हुए कहा कि आप विद्यालय से अब महाविद्यालय में प्रवेशित हो गए हैं,अब आपको जीवन में आगे बढ़ने के बहुत अधिक अवसर मिलेंगे, आप अपनी क्षमताओं को विकसित करते हुए,, अपना कौशल विकास भी करें, जिसमें महाविद्यालय आपका सहयोग करेगा। वरिष्ठ प्राध्यापक हरिवल्लभ शास्त्री ने क्लासरूम के साथझसाथ आपके कौशल का विकास विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने से ही संभव होगा। मां अहिल्या बाई के आदर्शों को अपनाने के लिए उनके जीवन के आदर्शों की जानकारी अवश्य लें।

## खेत की मेढ़ विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

**खरगोन।** गोगावां थाना क्षेत्र के ग्राम बेहरामपुर टेमा में खेत की मेढ़ को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। लाठी, लोहे की रॉड और पत्थरों से हुई मारपीट में एक युवक सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल खरगोन में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घायल ने पुलिस को दर्ज एफआईआर में बताया कि बेहरामपुर टेमा में शाम करीब 5.30 बजे फरियादी संजय अपनी मां रुकमणीबाई के साथ खेत से लौट रहा था। उसकी मां द्वारा गलती से खेत की मेढ़ निंदने पर पैर रख दिया। इससे नाराज होकर कुनाल और हुकुम ने उन्हें रोककर अभद्र गालियां दीं। विरोध करने पर कुनाल ने लाठी से उसके सिर पर वार किया, जबकि हुकुम ने उसे पकड़ लिया, जिससे उसकी पीठ पर चोंट आई। झगड़ा बढ़ता देख आकाश बीच.बचाव करने आया, तो कुनाल और हुकुम ने लाठी से उसे भी पीटा, जिससे कंधे व पीठ पर चोटें आईं। इसी दौरान विक्रम बचाने आया, तो संजय, कडवा, गोपाल और सुमित ने अभद्र गालियां देते हुए उससे मारपीट की। संजय ने लोहे की रॉड से विक्रम के सिर पर वार किया, जिससे खून बहने लगा। कडवा, गोपाल और सुनिल ने लाठियों से विक्रम को पीटा, जिससे उसके दाहिने हाथ व सिर में चोटें आईं। अनिताबाई, श्यामाबाई और बिनुबाई ने भी मौके पर पत्थर फेंके। युवक के भाई राकेश, दादा वल्लभ और दिनेश ने बीच.बचाव कर हमलावरों को हटाया। जाते.जाते हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी और लाठियों से युवक की मोटर साइकिल को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## लायंस क्लब स्नेह की नवीन कार्य कारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**सनावद।** लायंस क्लब सनावद स्नेह की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी ला.कुलभूषण मित्तल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई और लायनवाद के आदर्शों के अनुरूप सेवा कार्य का संकल्प दिलाया। प्रारंभ में ला.शिवानी मौर्य ने राष्ट्रगान एवं ध्वज वंदन किया। अतिथियों ने लायंस क्लब के संस्थापक मेलविन जोन्स के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण किया। जीएमटी चेयरमैन ला.अनिता चौधरी ने अतिथियों का परिचय दिया। क्लब का प्रतिवेदन उपाध्यक्ष ला.विपिन गुप्ता ने प्रस्तुत किया।डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी ने लायंस क्लब सनावद स्नेह के सेवाकार्यों की सराहना की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भागचंद जैन ने कहा कि लायनवाद के उद्देश्यों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण,बालिका शिक्षा,नारी स्वावलंबन,क्लब विस्तार एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। क्लब के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष ला.संजय आर्य,सचिव ला.अनिल अरझरे,सहसचिव ला.शिवानी मौर्य,कोषाध्यक्ष ला. हेमंत दातार, टेल ट्विस्टर ला.देवेंद्र पाटील,टेमर ला.आरती पाटील,जीएलटी चेयरमैन ला.ललित कोचर,जीएसटी चेयरमैन आदि उपस्थित थे।

## नवागत डीआईजी ने जनजागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

नशाखोरी रोकने के लिए पुलिस ने नशे से दूरी है जरुरी अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे, जिसकी शुरूआत जनजागरुकता रैली के साथ की गई। बुधवार को एसपी कार्यालय परिसर में नवागत डीआईजी सिमाला प्रसाद ने जनजागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीआईजी ने रैली से पूर्व नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस दौरान एसपी रविन्द्र वर्मा, एएसपी बिट्टू सहगल, एएसपी श्रीमती शकुन्तला रुहल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। रैली में 700 से अधिक पुलिसकर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान रास्तेभर नशा मुक्ति का संदेश देते हुए नशे से दूरी है जरूरी के नारे लगाए।

यह रैली एसपी कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए थाना कोतवाली खरगोन पर पहुंची। एसपी ने बताया नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। इसके अलावा नशे की प्रवृत्ति व्यक्ति को अपराध की ओर भी प्रेरित करती है, जिससे परिवार एवं समाज दोनों प्रभावित होते हैं। इस अभियान का उद्देश्य केवल नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना ही नहीं, बल्कि युवाओं को स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी, तभी एक सशक्त, सुरक्षित एवं विकसित भारत का निर्माण संभव होगा।



## कांग्रेस ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

**खंडवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ। शिविर में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, मतदाता सूची प्रबंधन, सोशल मीडिया और चुनावी रणनीति पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कांबले ने कहा कि कांग्रेस अब नए तरीके से संगठन को मजबूत कर रही है और आगामी समय में बूथ स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी उषा नायडू ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं, जबकि मतदाता सूची प्रभारी ललित सेन ने मतदाता सूची पर मजबूत पकड़ को चुनावी सफलता की कुंजी बताया। शिविर में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं परीक्षण हेतु 20 से 27 जुलाई तक लगेंगे विशेष शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं परीक्षण हेतु जिले विभिन्न स्थानों पर 20 से 27 जुलाई तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

सामाजिक न्याय विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार एडिप योजना अंतर्गत शिविरों में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण आन द स्पाट कृत्रिम हाथ एवं पैर, राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जायेगे।

20 जुलाई को मंगल भवन सेंधवा में, 21 जुलाई को पंचायत भवन बलवाड़ी में, 22 जुलाई को जनपद परिसर निवाली में, 23 जुलाई को जनपद परिसर पानसेमल में, 24 जुलाई को आजीविका भवन राजपुर में, 25 जुलाई को मांगलिक भवन ठीकरी में, 26 जुलाई को जनपद परिसर पाटी में तथा 27 जुलाई को जिला दिव्यांग एवं पुर्नवास केन्द्र बड़वानी में शिविर का आयोजन किया गया है।

दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या अधिक व यूडीआईडी प्रमाण पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र जिसमें 22500 रुपये प्रतिमाह से कम आय हो, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट फोटो दिव्यांगता दशार्ता हुआ, मोटराईज्ड ट्राईसिकल हेतु 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र, मोटराइज्ड ट्राई सिकल हेतु पिछले पांच वर्षो में किसी भी स्त्रोत से मोटराइज्ड ट्राई सिकल प्राप्त नही की हो।

## जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**बड़वानी** ।मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष श्री एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सचिव श्री अक्षय कुमार सिंह, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित समस्त प्रमुख विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए भौगोलिक परिस्थितियों और जन अपेक्षाओं के आधार पर जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग, जिला, तहसील और विकासखंड जैसी प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन की अनुशंसा के लिए आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का मुख्य उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और आमजन तक शासकीय सेवाओं की पहुंच को आसान बनाना है। प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के लिए आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

## खरीफ फसलों का 31 जुलाई तक करा सकेंगे फसल बीमा

**बड़वानी** । किसान भाईयों से अपील है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित हल्कों में अधिसूचित फसलो का ऋणी एवं अऋणी कृषकों का बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। अऋणी कृषक अधिसूचित फसलो का बीमा बैंक, लोक सेवा केन्द्र या प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल श्चद्वद्बद्ध4.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर किसान स्वयं सोयाबीन, मक्का, कपास, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूंगफली, मूंग व उड़द फसल का बीमा करा सकते हैं। ऋणी कृषको का बीमा संबंधित बैंकों के माध्यम से किया जावेगा। उपसंचालक कृषि श्री के.सी. वास्केल ने बताया की इस वर्ष अतनीनो के प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग एवं कृषि मंत्रालय द्वारा समय-समय जारी चेतावनियों के अनुसार कम बारिश और सुखे जैसी स्थिति से खरीफ की फसलों को नुकसान होने की अशंका है। अतः किसानो को आर्थिक नुकसान से बचाव हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराये जाने की अपील की जाती है। जिला स्तरीय तकनीकी समूह की दिनाँक 1 दिसम्बर 2025 को संपन्न बैठक मे स्वीकृत फसल ऋणमान वर्ष 2026-27 खरीफ एवं रबी सीजन हेतु निर्धारित किये गये। प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। कृषको द्वारा देय प्रीमियम खरीफ मौसम में अधिसूचित फसलो की प्रीमियम एवं कपास फसल प्रीमियम राशी 5 की दर से 3500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशी जमा कराई।

## डायरिया अभियान का एसडीएम नेहा साहू ने किया औचक निरीक्षण

**उज्जैन,।** खाचरौद अनुभाग में संचालित दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) सुश्री नेहा साहू ने बुधवार को खाचरौद ब्लॉक के ग्राम दीपाखेड़ी, नंदवासला एवं बुरानाबाद सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर अभियान की जमीनी स्थिति का जायजा लिया।घर-घर पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और स्क्रीनिंग की जांचनिरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी, एएनएम एवं आशा कार्यकताओं के साथ घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, वजन एवं ऊंचाई मापन तथा दस्त, निमोनिया एवं कुपोषण की स्क्रीनिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुभाग के सभी गांवों एवं मजरों-टोलों में 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए तथा कोई भी बच्चा जांच से वंचित न रहे।भ्रमण के दौरान अभियान के अंतर्गत दो अति गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चों की पहचान की गई, जिनके त्वरित उपचार एवं आवश्यक प्रबंधन के निर्देश मौके पर ही दिए गए। एसडीएम ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. कुमावत को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान गंभीर कुपोषण अथवा गंभीर एनीमिया से ग्रसित पाए जाने वाले बच्चों को तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उपचार सुनिश्चित किया जाए।लापरवाही पर होगी कार्रवाई, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया जागरूकएसडीएम ने बीएमओ को मैदानी अमले की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए ओआरएस पैकेट व अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिये।

## स्वास्थ्य के रंग फलों के संग कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन,** । मध्यप्रदेश विकलांग सहायता समिति द्वारा संचालित मनोविकास विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य के रंग फलों के संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की बेहतर देखभाल एवं स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक रूप से उत्तम और स्वास्थ्यवर्धक फलों के माध्यम से पोषण प्रदान करने के संबंध में जागरूकता प्रदान करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की अकादमिक निदेशक डॉ. प्रेम छाबड़ा, वित्त प्रबंधक फादर सेबास्टियन, प्राचार्या सिस्टर मेरिन सहित 200 से अधिक विशेष बच्चे एवं उनके अभिभावक, विशेष महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, मनोविकास विशेष विद्यालय के विशेष शिक्षक तथा पुनर्वास परियोजना दल मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय महिला बास्केट बॉल प्रतियोगिता में खंडवा की टीम का शानदार प्रदर्शन

**खंडवा।** इंदौर में आयोजित 75वीं राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिला बास्केटबॉल संघ खंडवा की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रुप मुकाबलों में तीसरा स्थान हासिल कर नॉकआउट चरण के लिए क्वालिफाई किया है। प्रतियोगिता 12 से 15 जुलाई तक नेशनल बास्केट बॉल अकादमी में आयोजित की गई। जिला बास्केट बॉल संघ के अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं सचिव धीरज बरोले ने बताया कि टीम ने कठिन मुकाबलों में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य कोच भीमसिंह एवं सहायक कोच लक्की कुमरावत को दिया गया। टीम की सफलता पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला खेल अधिकारी रूपसिंह कलेश सहित खेल प्रेमियों और विभिन्न संगठनों ने खिलाड़ियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एकीकृत बागवानी मिशन योजना अंतर्गत विभिन्न घटकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन** । उप संचालक उद्यान द्वारा दी गई जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एकीकृत बागवानी मिशन योजना अंतर्गत विभिन्न घटकों में अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र कृषकों से रूक्कस्नस्ज्ञस् पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।योजनान्तर्गत, बड़ी नर्सरी, नवीन बगीचों की स्थापना स्ट्राबेरी, ड्रेगनफ्रूट, आम, अमरूद, पपीता, सीताफल, आंवला फलोद्यान, सब्जी क्षेत्र विस्तार, प्याज क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार, जीर्णोद्धार, फैसिग, फ्रूट बंच कवर, वीडमैट, जैविक खेती अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, वगीबेंड, जैविक प्रमाणीकरण, बागवानी यंत्रीकरण, फसलोत्तर प्रबंधन अंतर्गत फार्मगेट पैक हाउस, प्री-कूलिंग यूनिट, कोल्ड रूम, कोल्ड स्टोरेज, राईपेनिंग चैम्बर, लो-कास्ट ओनियन गार्लिक स्टोरेज सहित अन्य स्वीकृति घटकों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।प्राप्त आवेदनों में से पात्र हितग्राहियों का चयन संचालनालय द्वारा आयोजित ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से शासन के दिशा निदेर्शानुसार किया जावेगा चयनित हितग्राहियों को शासन के दिशा निदेर्शानुसार अनुदान का लाभ प्रदाय किया जावेगा।योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन संबंधित विस्तृत जानकारी जिला उ?द्यानिकी कार्यालय उज्जैन अथवा संबंधित विकासखंड के उद्यानिकी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

## एआई तकनीक बनी दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की नई ताकत, डिजिटल टूल्स का मिला प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

आधुनिक तकनीक अब दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। इसी उद्देश्य से निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ, गणेश तलाई में एनेबल इंडिया एवं एमपीडब्ल्यूएबी कॉलेज ऑफ हेल्थ इंडिया के सहयोग से एक दिवसीय तकनीकी एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सहायक उपकरणों, डिजिटल तकनीकों और रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रशिक्षकों ने गूगल साइट, यूआई, विंडोज एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों के माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थी शिक्षा, रोजगार और दैनिक जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकते हैं। दूसरे सत्र में स्मार्ट ग्लासेस, स्मार्ट पेन, टॉकिंग एवं ट्रैकिंग कैलकुलेटर सहित कई एआई आधारित उपकरणों का लाइव प्रदर्शन किया गया। इंदौर से आए प्रशिक्षक नीरज सेन और सुरेंद्र बनाइन ने विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक सचिव नंदराम अवचे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### अंडा गली में विवाद होने पर 2 युवकों के बीच चले पाइप

**उज्जैन।** अंडा गली में मंगलवार-बुधवार रात मोबाइल पर बात करने को लेकर अयान पिता अनवर खान दानी गेट और रेहान उर्फ रियान पिता इम्तियाज खान उर्फ राजा लाला निवासी रामप्रसाद भार्गव मार्ग के बीच विवाद हो गया। दोनों ने पाइप से एक-दूसरे पर हमला किया। अयान को घायल होने पर चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। खाराकुआ पुलिस ने अयान की ओर से सोनू खान की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। वहीं दूसरी ओर से रेहान उर्फ रियान ने शिकायत दर्ज कराई है। चरक अस्पताल में भर्ती अयान ने रेहान उर्फ रियान पर गंभीर आरोप लगाया। उसका कहना था कि रेहान उस पर मादक पदार्थ बेचने का दबाव बना रहा था। मना करने पर मारपीट की है। पुलिस अयान के बयान दर्ज करेगी।

### होटल की चौथी मंजिल से गिरा था आलोट का मजदूर

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के अवंति अस्पताल के पास निर्माणाधीन होटल से गिरे मजदूर को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी मंगलवार-बुधवार रात मौत हो गई थी। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि मृतक मजूदर रामा पिता नारायण बागरी 26 साल निवासी विक्रमगढ़ आलोट ग्राम भोजाखेडी होटल की चौथी मंजिल से गिरा था। होटल का निर्माण कार्य चल रहा था। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार घटना के बाद ऊंचाई से गिरने की खबर मिली थी, उस वक्त मजदूर घायल था, उसकी हालत गंभीर होने पर बयान नहीं हो पाये थे। जांच में घटनाक्रम स्पष्ट हुआ है, फिलहाल मर्ग कायम किया गया, जांच में उसे काम पर रखने वाले ठेकेदार की जानकारी जुटाई जायेगी।

### दो बाइक भिड़ंत में 15 साल के बालक की मौत

**उज्जैन।** कायथा में मंगलवार रात कोल्ड स्टोर के सामने 2 बाइक में भिडंत हो गई। एक बाइक पर सवार ग्राम बोरदा मंदा का रहने वाला विवेक पिता लालचंद 15 साल और उसका काका अर्जुन सवार था। दूसरी बाइक पर राजेश पिता सत्यनारायण बैरागी ग्राम मेहरखेडी था। तीनों के घायल होने पर उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद 15 साल के बालक विवेक को मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि विवेक काका के साथ संधारण के लिये दिया गया पंखा लेकर वापस लौट रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर सवार घायल राजेश का कहना कि उसके जीजा उज्जैन आरडी गार्डी में भर्ती है। जिन्हे खाना देकर वापस लौट रहा था। चौकी पुलिस के अनुसार घटनाक्रम कायथा थाना क्षेत्र का है, जांच के लिये मर्ग डायरी भेजी जायेगी।

### खेत हांकने की बात पर 2 भाईयों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम उज्जैनिया में रहने वाले 2 भाईयों जालम पिता जसवंतसिंह पंवार 45 साल और पदम पिता जालमसिंह पंवार 56 साल के बीच खेत हांकने की बात पर विवाद हो गया। पदम ने अपने परिवार के साथ मिलकर जालम के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। जालम ने लात-घूंसों से पदम का पीटा। दोनों भाईयों के बीच विवाद का मामला घट्टिया थाने पहुंचा तो पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया। मारपीट का एक मामला पिता-पुत्र के बीच माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेडी में हुआ। घायल पिता तोलाराम पिता बल्ला गुर्जर 65 साल की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। तोलाराम का कहना कि पुत्र को खेत में काम करने को कहा था, उसने डंडे से मारपीट की। पिता से मारपीट करने के बाद पुत्र गांव से भाग निकला था।

### इंदौर-मुंबई ट्रेन में 2 युवकों का युवती से विवाद

**उज्जैन।** मुम्बई से विरेन्द्र पिता भीमसिंह अपने दोस्त जिग्नेश पिता उमेद कुमार के साथ महाकाल दर्शन करने आया था। दोनों इंदौर-मुम्बई सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोच ए-3 में मंगलवार देर शाम सवार हुये। उज्जैन स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के बाद कोच में इंदौर से सूरत की यात्रा कर रही युवती भी सवार थी। वह मोबाइल पर तेज आवाज में वीडियो देख रही थी। विरेन्द्र ने आवाज कम करने को कहा तो उनके बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बड गई कि युचती ने चप्पल से मारपीट कर दी। चलती ट्रेन में विवाद रतलाम तक पहुंचा। जहां युवकों ने जीआरपी को शिकायत की। युवती भी शिकायत लेकर पहुंच गई, मामला उज्जैन का होने पर तीनों को उज्जैन जीआरपी भेजा गया। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू की है। विरेन्द्र मुमबई में प्रिंटर कार्टेज रिफिलिंग में काम करता है, युवती सूरत जमोटो कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर बताई जा रही थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 470-1 | 347-4 |
| मेन बाजार | 237-2 | 357-5 |
| कल्याण नाइट | 179-7 | 157-3 |
| मिलन डे | 149-4 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 890-7 | 499-2 |
| मधुर डे | 269-7 | 360-9 |
| मधुर नाइट | 379-9 | 247-3 |
| शुभांक | 3 7 | 6 |

### लाश मिलने के बाद चंद घंटों में सुलझा अंधाकत्ल...

# भाई को किया था कॉल, हिरासत में हत्या करने वाला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

ईंट भट्टे पर मिली खून से सनी लाश का मामला अंधाकत्ल लग रहा था, पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की, भाई ने बताया कि रात में मोबाइल पर कॉल आया था और बताया था कि हाइवे पर शराब पीकर पडा है। पुलिस ने कॉल करने वाले को हिरासत में लिया तो उसने ईंट से हत्या करना कबूल कर लिया।

मामला नागदा थाना क्षेत्र स्थित जूना नागदा में बाबू कबाडी के ईंट भट्टे का है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मंगलवार शाम 5 बजे के लगभग खबर मिली थी कि भट्टे से कुछ दूरी पर हनुमान मंदिर के पास एक युवक का खून से लथपथ शव पडा है। घटनास्थल पहुंचने पर पता चला कि सिर पर किसी वजनी वस्तु से वार किये गये है। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये, कुछ देर में पता चला कि जूना नागदा की नई आबादी में रहने वाला लखन उर्फ लाला पिता गोविन्द मालवीय 23 साल है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। सुराग तलाशने के लिये एसआई योगिता उपाध्याय, वीरेन्द्रसिंह चौहान, एएसआई प्रभुलाल मुनिया, महिला प्रधान आरक्षक शर्मिष्ठा शुक्ला, दिनेश गुर्जर, विनोद माली, आरक्षक उस्मानी शबनम और थाना स्टॉफ की टीम गठित की गई। मामला अंधा कत्ल लग रहा था, जिसके चलते सायबर सेल प्रभारी प्रतिक यादव का सहयोग लिया गया। रात में पता चला कि हत्या में देव पिता लक्ष्मण चंद्रवंशी निवासी जूना नागदा शामिल है। टीम ने उसकी तलाश शुरू की और बुधवार सुबह चम्बल नदी चामुंडा माता मंदिर के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसने ईंट से सिर फोडकर हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपी के हिरासत में आने पर बुधवार शाम एएसपी करणदीप सिंह के निर्देशन में सीएसपी विक्रम अहिरवार द्वारा मामले का खुलासा कर दिया गया। गुरूवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जायेगा।



#### आरोपी ने मृतक के भाई को किया कॉल

थाना प्रभारी गवरी ने बताया कि मंगलवार शाम 5 बजे लाश मिलने के बाद मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई थी। भाई तिलक ने बताया कि रात में उसके मोबाइल पर देव ने कॉल किया था और बताया था कि शराब पीकर हाईवे पर पडा है। लखन नशे का आदी था, जिसके चलते परिवार ने ध्यान नहीं दिया। देव का नाम सामने आने पर उसकी तलाश की तो लापता होना सामने आया। रातभर उसकी तलाश के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। हत्या और लाश मिले में करीब 17 घंटे का अंतर रहा था।

#### पूछताछ में आरोपी बोला रात में ईंट से किया था हमला

सीएसपी विक्रम अहिरवार ने बताया कि आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसने हत्या को सोमवार-मंगलवार रात 12 बजे के लगभग अंजाम दिया था। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। आरोपी का कहना था कि मृतक लखन की बहन से उसके पूर्व में संबंध थे, बाद में मामला खत्म हो गया था, शराब पीने के दौरान पुरानी बात पर विवाद हो गया था लखन उसे ईंट से मारने के लिये दौड़ा था उसने भी ईंट से लखन के सिर पर कई वार कर दिये और खून से लथपथ होने के बाद मौके से भाग निकला था।

# स्नेचिंग के बाद चाकू की नोंक पर स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने लूटी चेन-घड़ी

**उज्जैन।** स्कूटी पर सवार 3 बदमाशों ने मंगलवार रात 10.30 बजे चाकू की नोंक पर सोने की चेन और घडी लूटने की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश उससे पहले चेन स्नेचिंग के साथ मोबाइल स्नेचिंग की वारदात कर चुके थे। 3 वारदात के बाद पुलिस हरकत में आ गई। बदमाशों का सुराग मिल चुका है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र सुभाषनगर स्थित ओम रेसीडेंसी में रहने वाला तुषार पिता मुकेश किशनानी फाजलपुरा में इलेक्ट्रॉनिक बाइक की दुकान संचालित करता है। मंगलवार रात 10.30 बजे वह अपने छोटे भाई कृष्णा और मां भावना किशनानी के साथ रेसीडेंसी के सामने गार्डन के पास टहल रहा था। उसी दौरान स्कूटी पर सवार 3 बदमाश आये और तुषार के हाथ पर झपटा मारकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल जमीन पर गिर गया। तीनों आगे निकल गये, वह कुछ समझ पाते तीनों वापस लौटे और एक बदमाश ने चाकू निकाल लिया। उसने तुषार के भाई कृष्णा को जान से मारने की धमकी देकर गले से चेन और हाथ की घडी देने का बोला। बदमाशों का विरोध किया तो दूसरे बदमाश ने कृष्णा पर कडे से हमला कर दिया और गिरा दिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर मारने की धमकी दी और कृष्णा के हाथ से घडी और चेन लूटकर भाग निकले। घटनाक्रम के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बदमाशों की स्कूटी पर नम्बर नहीं था। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। मामले में तुषार की शिकायत पर बुधवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चेन-घडी छीनने का मामला दर्ज किया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस को बदमाशों का सुराग मिल चुका है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा हो सकता है। बदमाशों के स्थानीय होने की आशंका है।

#### शाम को शास्त्रीनगर में चेन के साथ मोबाइल स्नेचिंग

बताया जा रहा है कि तीनों बदमाशों ने रात में चाकू की नोंक पर की गई लूट से पहले शाम के समय शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी के गले से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। यहीं अलखधाम नगर में शुभम सेन नामक बदमाश से मोबाइल छीनकर भाग निकले थे। बताया जा रहा है कि अशोक धनवानी और शुभम सेन ने भी अपने साथ हुई वारदात की सूचना पुलिस को दी थी। वहीं तुषार किशनानी के अनुसार तीनों बदमाशों की उम्र 18 से 20 साल के लगभग थी। जिन्हे सामने आने पर चेहरे से पहचान सकता है।

## राजगढ़ की महिला का पुलिस ने खोज निकाला पर्स



**उज्जैन।** राजगढ़ से आई महिला का छत्री चौक पर बुधवार शाम पर्स गुम गया। उसमें आभूषण और नगद रूपये रखे थे। खाराकुआ पुलिस को पर्स गुम होने की खबर मिली तो चंद घंटों में पर्स खोज निकाला और महिला को वापस लौट दिया।

खाराकुआ थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवडा ने बताया कि गुरूवार को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ यात्रा को लेकर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की तैयारी की जा रही थी। उसी दौरान खबर मिली कि राजगढ़ की भंवर कालोनी में रहने वाली श्रद्धा पतिरवि श्रीवास्तव उज्जैन आई हुई है। उनका छत्रीचौक क्षेत्र में पर्स गुम हो गया है। जिसमें सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी और नगद रूपये रखे है। महिला पर्स गुम होने के बाद से काफी परेशान है।

पुलिस तत्काल छत्री चौक पहुंची और महिला से जानकारी प्राप्त कर उनके आने वाले रास्ते का मूवमेंट पता किया, उसके बाद तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पर्स की तलाश शुरू की गई। चंद घंटो में तकनीकी साक्ष्य से गुम पर्स खोज लिया गया। उसमें रखे 4 हजार रूपये, मंगलसूत्र, अंगूठी और दस्तावेज सुरक्षित मिले। महिला को थाने बुलाकर पर्स सुपुर्द किया गया है। पर्स मिलने पर महिला द्वारा पर्स खोजने वाले पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खुशहाली के लिए नशे से दूर रहना आवश्यक -आईपीएस करणदीप

**उज्जैन।** नशा मुक्त अभियान में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरूआत बुधवार को नागदा ग्रेसिम इंडस्ट्रीज परिसर से की गई। आईपीएस करणदीप सिंह ने कहा कि खुशहाली के लिये नशे से दूर रहना आवश्यक है।




पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 में बिरलाग्राम पुलिस द्वारा ग्रेसिम इंडस्ट्रीज परिसर में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एएसपी ग्रामीण करणदीप सिंह (आईपीएस),सीएसपी नागदा विक्रम सिंह अहिरवार, थाना प्रभारी नागदा अमृतलाल गवरी, बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार के साथ ग्रेसिम के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। हजारो की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये करणदीप सिंह (आईपीएस) ने नशे के दुष्परिणामों को बताते हुये कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है, परिवार की खुशहाली के लिए नशे से दूर रहना आवश्यक है। युवाओं को नशे के प्रलोभन से बचने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का आव्हान किया। सीएसपी विक्रमसिंह अहिरवार ने कहा कि पुलिस का लक्ष्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाना भी है। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को नशा न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

### फव्वारा चौक पर बदमाश ने फोडे गाडियों के कांच

**उज्जैन।** रात 12 बजे के लगभग फव्वारा चौक पर एक बदमाश ने पथराव कर 3 कारों के कांच फोड़ दिये। कुछ लोगों द्वारा पथराव कर रहे बदमाश को पकड़ लिया। खबर मिलते ही कोतवाली थाना डायल 112 पहुंची और बदमाश को हिरासत में लिया। फव्वारा चौक पर रात के समय रहवासियों द्वारा अपने वाहन पार्क किये जाते है। रात 12 बजे के लगभग एक बदमाश द्वारा वाहनों पर पथराव किया गया। जिसके चलते यश गेहलोत, सुभाष यादव और हुसैन नामक व्यक्ति की कार के कांच फूट गये। बदमाश अन्य वाहनों पर पथराव का प्रयास कर रहा था, उसी दौरान कुछ लोगों द्वारा उसे पकड लिया गया। बदमाश नशे की हालत में था। कोतवाली थाना पुलिस फव्वारा चौक पहुंची और बदमाश को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है बदमाश हम्माली करता है और नशे का आदी है।

### तापमान पहुंचा 34 डिग्री पार, बढी गर्मी

**उज्जैन।** मानसून की बेरूखी के बाद दिन का तापमान 34 डिग्री पार पहुंच गया है। रात का तापमान भी 25 डिग्री दर्ज हो रहा है। जिसके चलते फिर से गर्मी बढ़ने लगी है।

# निर्माणाधीन मंछामन मल्टी में बदमाशों ने किया पथराव

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

प्रधानमंत्री आवास योजना में मंछामन कालोनी स्थित मल्टी का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार दोपहर को कुछ बदमाशों ने ठेकेदार से हफ्ता मांगा और नहीं देने पर पथराव कर दिया। घटनाक्रम में 2 मजदूर घायल हो गये और सह ठेकेदार की गाडी के कांच फूट गये। पुलिस ने एक नामजद और अन्य बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज किया है।

जयपुर के विधाधर नगर में रहने वाले नंदेश्वर पिता हरीदास बर्मन का हाल मुकाम मंछामन कालोनी है। नंदेश्वर प्रधानमंत्री आवास योजना की मंछामन कालोनी में बन रही मल्टी का ठेकेदार है। कुछ दिनों से एकता नगर में रहने वाला बदमाश कुलदीप बडे मजदूरों को आकर धमका रहा था, बुधवार को कुछ साथियों के साथ पहुंचा और ठेकेदार नंदेश्वर से हफ्ता मांगने लगा।

उसका कहना था कि यहां ठेकेदारी करना है तो हफ्ता देना पडेगा। विरोध करने पर बदमाश ने अपने साथियों के साथ पथराव कर दिया। इस दौरान पत्थरबाजी में मल्टी के सह ठेकेदार शाकीर पटेल केचार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 43 टी 1081 के कांच फूट गये। यहीं नहीं 2 मजदूर मेहरबान और इरशाद पत्थर लगने से घायल हो गये। बदमाशों का गद्दर देख मल्टी के सभी मजदूर एकत्रित हो गये। बदमाश ठेकेदारा को मारने की धमकी देकर भाग निकले। मंछामन मल्टी में पथराव की खबर पर नीलगंगा थाना पुलिस पहुंची थी लेकिन बदमाश भाग चुके थे। पुलिस ने ठेकेदार नंदेश्वर की शिकायत पर कुलदीप बडे और उसके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। कुलदीप एकतानगर का रहने वाला है, जिसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। उसके हिरासत में आने पर साथियों के नाम सामने आयेंगे।


## जाहिर सूचना
## ( सर्वसाधारण के लिए सूचना )

**सर्वसाधारण, संभावित क्रेता, विक्रेता, निवेशक, बैंक, वित्तीय संस्थानों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्री गुलाबचंद गोहर, निवासी मीरा सदन, मकान क्रमांक 38, एम.आई.जी., ऋषि नगर एक्सटेंशन नं. 1, उज्जैन ( म.प्र. ) द्वारा छोड़ी गई संपदा, जिसमें उनकी आवासीय संपत्ति स्थित मीरा सदन , मकान क्रमांक 38, एम.आई.जी., ऋषि नगर एक्सटेंशन नं. 1, उज्जैन ( म.प्र. ) सहित समस्त चल एवं अचल संपत्तियाँ, बैंक खाते, सावधि जमा ( एफ.डी.आर. ), निवेश एवं अन्य परिसंपत्तियाँ सम्मिलित हैं, के संबंध में वैधानिक उत्तराधिकार एवं हिस्सेदारी का विवाद विद्यमान है।**

**स्वर्गीय श्रीमती शशीबाई घारू, जो स्वर्गीय श्री गुलाबचंद गोहर की पुत्री थीं, का निधन उनके जीवनकाल में दिनांक 28.04.2009 को हो चुका था। उनके वैधानिक उत्तराधिकारी कु. मोनिका घारू एवं श्री युवराज घारू हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 एवं धारा 10 के अनुसार स्वर्गीय श्रीमती शशीबाई घारू की शाखा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्गीय श्री गुलाबचंद गोहर की संपदा में वैधानिक उत्तराधिकार एवं हिस्सेदारी का दावा रखते हैं। मेरे पक्षकारों द्वारा अपने उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों की सूचना संबंधित उत्तराधिकारियों एवं भारतीय स्टेट बैंक, माधवनगर शाखा, उज्जैन को विधिवत प्रेषित की जा चुकी है।**

**अतः सर्वसाधारण को सावधान किया जाता है कि उपर्युक्त संपत्तियों अथवा उनसे संबंधित किसी भी अधिकार, हित, बैंक जमा, एफ.डी. आर. अथवा अन्य परिसंपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का क्रय-विक्रय, हस्तांतरण, बंधक, नामांतरण, समझौता अथवा अन्य लेन-देन करने से पूर्व आवश्यक विधिक जांच-पड़ताल अवश्य कर लें। मेरे पक्षकारों के वैधानिक अधिकारों की उपेक्षा कर किया गया कोई भी लेन-देन संबंधित पक्षों के स्वयं के जोखिम, उत्तरदायित्व एवं परिणामों पर होगा, जिसके लिए मेरे पक्षकार उत्तरदायी नहीं होंगे।**

**दिनांक 15.07.2026**
**स्थान उज्जैन ( म.प्र. )**

**( अभिर लोट ) अधिवक्ता**
**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश**
**कु. मोनिका घारू एवं श्री युवराज घारू की ओर से**

# भविष्य से परे खुशी



क्या आशा केवल भविष्य में है? क्या जो बीत चुका है, उसमें वह नहीं होती? आगे और पीछे ले जाने वाली विचार की दोनों गतिविधियों में आशा निहित है। आशा समय की प्रक्रिया है। आशा जो सुखद था और जिसे सुधारा जा सकता है, उसके सातत्य की कामना है और उसका विपरीत है नैराश्य, हताशा। हम आशा और हताशा के बीच झूलते रहते हैं। हम कहते हैं कि हम जी रहे हैं, क्योंकि आशा है। हम कहते हैं कि हम आशा के सहारे जीते हैं, लेकिन क्या ऐसा है? जब भविष्य या अतीत हम पर हावी रहे, तो क्या वह जीना हुआ? क्या जीना अतीत की भविष्य की ओर गति है? जब आने वाले कल की चिंता रहती है, तब क्या आप जी रहे होते हैं? चूंकि वह कल इतना महत्वपूर्ण बन गया है, इसीलिए यह लाचारी और हताशा है। आने वाले कल की आशा की खातिर आप आज की बलि चढ़ाते हैं; किंतु खुशी हमेशा इस पल में होती है। जो नाखुश हैं, वे ही आगामी कल की चिंता से अपने जीवन को भर लेते हैं, जिसे वे आशा कहते हैं। खुशी-खुशी, प्रसन्नतापूर्वक जीना तो बिना किसी आशा के जीना है। आशावान मनुष्य प्रसन्न मनुष्य नहीं है; वह बस हताशा को जानता है। आशाहीन अवस्था आशा अथवा द्वेष का, हताशा या उज्वल भविष्य का प्रक्षेपण करती है। क्या एक ऐसी अवस्था नहीं है, जो न आशा है और न ही आशाहीनता; वह एक अवस्था, जो परम आनंद है? जब आप स्वयं को खुश समझते थे, तब आपमें आशा नहीं थी। है न? पहले आप आशा और आशाहीन स्थिति का सत्य देख लीजिए। बस यह देखिए कि कैसे आप मिथ्या में, आशा के विभ्रम में और फिर हताशा में जकड़े रहे। इस प्रक्रिया का निष्क्रिय अवलोकन कीजिए। यह उतना आसान नहीं है, जितना सुनने में लगता है।

आप पूछ रहे हैं कि प्रसन्नता की अवस्था में कैसे रहा जाता है? क्या यह प्रश्न ही आशा पर आधारित नहीं है? आपने जो खोया, उसे आप फिर से प्राप्त करना चाहते हैं, अथवा आपकी इच्छा किसी साधन से उस पर पुनः स्वामित्व पा लेने की है। यह प्रश्न कुछ प्राप्त करने की, कुछ बनने की, कहीं पहुंचने की इच्छा को इंगित करता है। है न? जब आपके सामने एक उद्देश्य है, आपकी दृष्टि में एक लक्ष्य है, तब आशा ही है; इसलिए आप अपनी ही अप्रसन्नता में फिर से अटक जाते हैं।

आशा की राह भविष्य की राह है, किंतु खुशी कभी समय का मसला नहीं होती। जब खुशी थी, तब आपने कभी नहीं पूछा कि उसमें निरंतर कैसे रहें; यदि आपने यह पूछा होता, तो नाखुशी का स्वाद आपको तभी मिल गया होता। आपकी समस्या अप्रसन्नता, नाखुशी है और उसे समझने के लिए सभी समस्याओं से मुक्त रहना आवश्यक है।



सम्पादकीय

## अंकित को इंसाफ

इस बर्बर हत्याकांड के पीड़ित परिजनों को ही नहीं, इंसाफपसंद हरेक भारतीय को इस क्षण का इंतजार था और करीब सवा छह साल बाद उनका यह इंतजार खत्म हुआ है। साल 2020 में दिल्ली दंगों के दौरान 25 फरवरी को जिस बेरहमी से आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या की गई थी, उसने देशवासियों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंकित के शरीर पर चाकुओं के 51 निशान हत्यारों की निर्ममता की गवाही दे रहे थे। सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह के 13 जुलाई के फैसले से यह साफ हो गया है कि इस बर्बर कृत्य को अंजाम देने वाले कौन लोग थे और उस दंगे के दौरान उन्होंने किस कदर कहर बरपाया था। अदालत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को अंकित की हत्या का दोषी करार दिया है, जबकि छह अन्य आरोपियों को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया है, तो इससे यही साबित हुआ है कि भारतीय न्याय-व्यवस्था नीर-क्षीर-विवेक फैसला करती है। बहरहाल, मुजरिमों की सजा पर अभी बहस होनी है, मगर यह तय है कि कानून उनके साथ नरमी नहीं बरतेगा। बरतना भी नहीं चाहिए। वैसे भी, काफी वक्त जाया हो चुका है।

साल 2020 का दिल्ली दंगा आधुनिक भारत की सबसे शर्मनाक घटनाओं में इसलिए गिना जाएगा कि यह घटना न सिर्फ देश की राजधानी के एक हिस्से में घटित हुई, बल्कि ठीक उस समय घटी, जब नई दिल्ली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगवानी कर रही थी। नागरिकता (संशोधन) कानून 2019 यानी सीएए के विरोध में भड़की नफरत की आग ने उन छह दिनों में 53 नागरिकों को निगल लिया था। दशकों से पड़ोसी की तरह जी रहे लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे क्यों हो गए थे? यह ताहिर हुसैन की संलिप्तता और दूसरे नेताओं के भड़काऊ भाषणों से स्पष्ट हो जाना चाहिए। गौरतलब है, यह दंगा दिल्ली पुलिस की नाकामियों के लिए भी याद किया जाएगा। इस सांप्रदायिक दंगे को लेकर 700 से अधिक एफआईआर दर्ज हुईं और ज्यादातर मामलों में पुलिस की तफ्तीश इतनी लचर रही कि आरोपी सुबूतों के अभाव में बरी हो गए। पिछले महीने की शुरूआत में ही शिव विहार में अनवर की कथित हत्या के आरोपी बरी हुए थे, जबकि इसके पहले अप्रैल में जौहरीपुर पुलिया पर मुशर्रफ के कत्ल के सभी 12 आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया था।

### लाभ का लालच ठगी का रामबाण

# लुटेरों का नया अवतार अदृश्य साइबर ठग

सुबह की शुरूआत चाय और अखबार से होती है। आज मेरा ध्यान ग्वालियर से बड़ी साइबर ठगी की ओर गया, जिसमें 70 वर्षीय उद्योगपति अशोक विजयवर्गीय से डिजिटल निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर 21 करोड़ 6 लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर अपराधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर उन्हें फर्जी निवेश योजना में फंसाया और धीरे धीरे पूरी राशि अपने खातों में स्थानांतरित करा ली।



आचार्य ललित मुनि
(दैनिक अवन्तिका)

लगभग हर दिन किसी न किसी समाचार में पढ़ने को मिलता है कि किसी से लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई। कहीं किसी से डिजिटल हाउस अरेस्ट के नाम पर करोड़ों रुपये ऐंठ लिए गए, कहीं बैंक अधिकारी बनकर खाते खाली कर दिए गए, तो कहीं निवेश के नाम पर जीवन भर की कमाई लूट ली गई। आश्चर्य की बात यह है कि इन घटनाओं की निरंतर चर्चा होने के बाद भी ठगी की संख्या कम नहीं हो रही है। प्रश्न यह है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। इसका उत्तर केवल तकनीक में नहीं, बल्कि मनुष्य के मनोविज्ञान में छिपा है। साइबर अपराधी कंप्यूटर से पहले मानव मस्तिष्क को हैक करते हैं। वे जानते हैं कि किस प्रकार भय, लालच, भरोसा और जल्दबाजी का लाभ उठाकर किसी भी व्यक्ति से उसकी मेहनत की कमाई निकलवाई जा सकती है।

भारत तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यूपीआई भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल सेवाओं ने जीवन को सरल बनाया है। लेकिन सुविधा के साथ खतरे भी बढ़े हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्रतिदिन हजारों शिकायतें दर्ज होती हैं। करोड़ों रुपये की ठगी हर महीने सामने आती है। विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक घटनाओं की संख्या इससे कहीं अधिक है, क्योंकि बहुत से लोग सामाजिक संकोच या निराशा के कारण शिकायत तक नहीं करते।

पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराधियों ने ठगी के ऐसे नए तरीके विकसित किए हैं, जिनकी कल्पना भी कुछ वर्ष पहले कठिन थी। इनमें सबसे चर्चित तरीका है डिजिटल हाउस अरेस्ट। इस ठगी में अपराधी स्वयं को सीबीआई, पुलिस, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स ब्यूरो या दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताकर फोन करते हैं। वे कहते हैं कि आपके आधार कार्ड से अपराध हुआ है, आपके बैंक खाते का उपयोग धन शोधन में हुआ है या आपके नाम से अवैध सिम कार्ड जारी हुआ है। इसके बाद व्यक्ति को वीडियो कॉल पर जोड़ा जाता है। कई बार नकली पुलिस वर्दी, सरकारी कार्यालय जैसे कमरे और फर्जी पहचान पत्र भी दिखाए जाते हैं ताकि सामने वाले को विश्वास हो जाए। इसके बाद पीड़ित को कहा जाता है कि वह किसी से बात न करे। उसे घर से बाहर न निकलने और लगातार वीडियो कॉल पर बने रहने के लिए कहा जाता है। यही स्थिति डिजिटल हाउस अरेस्ट कहलाती है। फिर जांच के नाम पर बैंक खातों का विवरण लिया जाता है और धन को तथाकथित सुरक्षित खाते में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया जाता है। जब तक व्यक्ति को सच्चाई समझ आती है, तब तक उसकी जीवन भर की जमा पूंजी अपराधियों के खातों में पहुंच चुकी होती है।

कुछ समय पहले देश के अनेक शहरों में ऐसे मामले सामने आए, जिनमें चिकित्सकों, प्रोफेसरों, सेवानिवृत्त अधिकारियों और व्यवसायियों से करोड़ों रुपये इसी तरीके से ठग लिए गए। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि साइबर अपराध केवल कम शिक्षित लोगों की समस्या नहीं है। उच्च शिक्षित और अनुभवी लोग भी भय तथा मानसिक दबाव में गलत निर्णय ले सकते हैं।

एक अन्य सामान्य तरीका बैंक अधिकारी बनकर फोन करना है। अपराधी कहते हैं कि आपका केवाईसी पूरा नहीं हुआ है, आपका एटीएम बंद हो जाएगा या आपका बैंक खाता निष्क्रिय होने वाला है। इसके बाद वे ओटीपी, कार्ड संख्या, सीवीवी अथवा यूपीआई पिन पूछते हैं। जैसे ही व्यक्ति जानकारी साझा करता है, खाते से धन निकल जाता है।

आजकल निवेश के नाम पर भी बड़े पैमाने पर ठगी हो रही है। सोशल मीडिया पर आकर्षक विज्ञापन दिखाई देते हैं जिनमें कुछ दिनों में दोगुना या तीन गुना लाभ देने का दावा किया जाता है। प्रारंभ में अपराधी थोड़ी राशि पर नकली लाभ दिखाकर विश्वास जीतते हैं। जब व्यक्ति बड़ी राशि निवेश करता है, तब पूरा मंच ही गायब हो जाता है।

रोजगार के नाम पर भी बड़ी संख्या में लोग ठगे जा रहे हैं। घर बैठे काम करने, वीडियो लाइक करने, होटल की रेटिंग देने या सोशल मीडिया पर छोटे छोटे कार्य करने के बदले हजारों रुपये प्रतिदिन कमाने का लालच दिया जाता है। पहले कुछ रुपये देकर भरोसा बनाया जाता है और बाद में सुरक्षा राशि या निवेश के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए जाते हैं।

क्यूआर कोड भी ठगी का एक बड़ा माध्यम बन गया है। बहुत से लोग यह नहीं जानते कि क्यूआर कोड स्कैन करने से पैसा प्राप्त नहीं होता बल्कि भुगतान भी हो सकता है। अपराधी कहते हैं कि पुरस्कार राशि लेने या सामान का भुगतान पाने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें। जैसे ही व्यक्ति ऐसा करता है, उसके खाते से धन निकल जाता है।

ओटीपी साझा करने की गलती आज भी सबसे अधिक होती है। बैंक और सरकारी संस्थाएं बार बार चेतावनी देती हैं कि ओटीपी किसी को न बताएं, फिर भी लोग विश्वास करके यह जानकारी दे देते हैं। याद रखना चाहिए कि कोई भी बैंक, रिजर्व बैंक, पुलिस या सरकारी विभाग कभी फोन करके ओटीपी या यूपीआई पिन नहीं मांगता।

अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है। अपराधी किसी व्यक्ति की आवाज की रिकॉर्डिंग लेकर उसी जैसी आवाज तैयार कर लेते हैं। इसके बाद परिवार के सदस्य को फोन करके कहते हैं कि मैं संकट में हूं, तुरंत पैसे भेजो। कई मामलों में लोग अपने परिचित की आवाज पहचानकर तुरंत धन भेज देते हैं और बाद में पता चलता है कि वह आवाज कृत्रिम रूप से बनाई गई थी। इन घटनाओं के बावजूद लोग ठगी का शिकार क्यों हो जाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि अपराधी व्यक्ति को सोचने का समय ही नहीं देते। वे भय पैदा करते हैं, जल्दबाजी कराते हैं और बार बार कहते हैं कि यदि अभी निर्णय नहीं लिया तो गिरफ्तारी हो जाएगी, बैंक खाता बंद हो जाएगा या कानूनी कार्रवाई होगी। भय की स्थिति में मनुष्य का विवेक कमजोर पड़ जाता है।

दूसरा कारण लालच है। जब बिना मेहनत के अधिक लाभ का वादा किया जाता है तो अनेक लोग जोखिम उठा लेते हैं। यह भूल जाते हैं कि यदि कोई योजना सचमुच इतनी लाभकारी होती तो उसे व्यक्तिगत संदेश भेजकर नहीं बेचा जाता।

## तर्पण का आखिरी घूंट

बनारस के मणिकर्णिका घाट पर चिताओं की लपटें आसमान को इस तरह चाट रही थीं जैसे कोई भूखा कुत्ता आखिरी हड्डी पर झपट रहा हो। पंडित भालचंद्र शास्त्री अपने फटे हुए झोले को छाती से चिपकाए घाट की आखिरी सीढ़ी पर बैठे थे जहाँ गंगा का मटमैला पानी उनके जर्जर पैरों को बार-बार छूकर लौट जाता था। लोग उन्हें सनकी समझते थे क्योंकि वे हर आती-जाती लाश को देखकर एक अजीब सी हँसी हँसते थे जिसमें व्यंग्य का नमक और भीतर बहते जख्मों का मवाद एक साथ घुला होता था। आज सुबह से ही शहर में एक अजीब सा सन्नाटा था मानो हवा ने अपनी सांसें रोक ली हों और घाट पर आने वाले डोम राजा भी मौन व्रत धारण कर चुके हों। भालचंद्र जी ने अपनी धुंधली आँखों पर चश्मा टिकाया और सामने जलती एक अनाम चिता की राख को उड़ते देखा तो उनके भीतर एक बेनाम करुणा का ज्वार उठा जो सीधे आत्मा के कपाट खटखटाता है। उन्होंने अपने झोले में हाथ डाला और उस मुड़े-तुड़े कागज को टटोला जिसके भीतर पूरे अस्सी साल की मुफलिसी और एक ऐसा गहरा राज दफन था जिसकी भनक इस घाट पर खड़े किसी भी ज़िंदा इनसान को नहीं थी। तभी उनके पीछे से एक कड़कती आवाज आई जिसने सन्नाटे को चीर दिया और भालचंद्र जी का पूरा बदन काठ की तरह कड़ा हो गया।

अरे ओ शास्त्री बाबू, आज कौने जनम का बदला चुकाने के लिए यहाँ आसन जमाए बैठे हो? घाट के पुराने मल्लाह घसीटे ने अपनी नाव की पतवार को जमीन पर पटकते हुए कहा। भालचंद्र जी ने पलटकर देखा और एक ठंडी आह भरकर बोले घसीटे, जब ज़िन्दगी खुद एक बहुत बड़ा बदला बन जाए तो मौत का तमाशा देखने में ही असली तृप्ति मिलती है, आज यहाँ एक ऐसा मुसाफिर आने वाला है जिसका इंतजार मैं पिछले चालीस सालों से कर रहा हूँ। घसीटे ने तंबाकू थूकते हुए कहा काहे जवानी के मुर्दों को उखाड़ रहे हो बाबू, यहाँ तो रोज सैकड़ों आते हैं और माटी में मिल जाते हैं, तुम्हारा कौन सा ऐसा सगा छूट गया है जिसके लिए आँखों का पानी सुखाकर पत्थर हो गए हो? भालचंद्र जी ने मुस्कुराने की नाकाम कोशिश की पर उनकी आँखों के कोरों से दो बूंद आंसू टपककर सीधे गंगा के आंचल में समा गए मानो वे पानी से ही पानी का हिसाब मांग रहे हों।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 जुलाई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:54 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - दुतिया 08:52 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - अश्लेषा 19:52 उपरांत मघा
योग - सिद्धि 25:22 उपरांत व्यतिपात
करण - कौलव
चन्द्रमा - कर्क में है। 19:52 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 01 तारिख

**मेष-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृषभ-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन-** संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**कर्क-** कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे।

**सिंह-** कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी।

**कन्या-** निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। धनार्जन होगा।

**तुला-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है।

**वृश्चिक-** पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु-** परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी।

**मकर-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ-** कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है।

**मीन-** किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे।

(व्यंग बाण)

## टीवी स्टूडियो बन जाए, जब हाट बाजार

जब भी मैं न्यूज चेनल या टीवी शो में राजनैतिक, सामाजिक या धार्मिक डिबेट (बहस) देखता हूँ, तो मुझे मेरे गाँव का साप्ताहिक हाट या सब्जी मंडी याद आने लगता हैं` जहाँ चारो ओर मात्र शोरगुल, कोलाहल की आवाज सुनाई देती हैं , समझ कुछ नहीं आता हैं` उस मार्केट में आड़तिया सब्जी की एक पोटली के बारे में परिचय देता हैं और पहली बोली लगाता हैं, उसके बाद तो नजारा देखने लायक होता हैं` आड़तिया भी दूर खड़े मंद-मंद मुस्कुराहट लिए देखता रहता हैं। उस पोटली के लिए ग्राहक बढ़ चढ़कर बोली लगाते हैं। खूब हल्ला मचता हैं, खूब शोरगुल मचता हैं। मैंने, उस एक पोटली को हासिल करने के लिए खींचतान मचते भी देखा हैं और जूतम- पैजार भी देखी हैं।



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

वैसे ही टीवी शो के एंकर बहस के लिए चयनित विषय में से कुछ प्रश्नों की पोटली तैयार करते हैं और वही पोटली अतिथि विश्लेषकों, विभिन्न पार्टी प्रवक्ताओं के सामने परोस देते हैं` उसके बाद जो शुरू होता हैं वो मात्र शोरगुल और कोलाहल के सिवाय कुछ नहीं होता` एक बात पल्ले नहीं पड़ती हैं। अरे ! विषय विशेषज्ञों और बुद्धिजीवी प्रवक्ताओं अपनी-अपनी बात रखने का आपको भरपूर अवसर मिलेगा` लेकिन नहीं हमे तो एक साथ, एक स्वर में बोलकर एकता का प्रदर्शन करना हैं` लोगों को यह दिखाना हैं कि- हम सबसे श्रेष्ठ बुद्धिजीवी हैं` अरे ! वो तो आप हैं ही, इसमें कोई संशय नहीं हैं , तभी तो आप टीवी शो में विराजित हैं` जनता सब जानती हैं, दिखाना जरूरी नहीं हैं` आपको यह जानना हैं कि- ये एक टीवी शो स्टूडियो हैं, कोई सब्जी मंडी या हाट बाजार नहीं हैं।

एंकर को भी चाहिए कि झ वह एक-एक करके सबको बोलने का मौका द। बीच में रोकने या टोकने वाले की आवाज को म्यूट करे, ताकि जो बोल रहा हैं उसे बोलने का भरपूर अवसर मिले। लेकिन एंकर ऐसा नहीं करते हैं क्यों ? वे भरपूर शोरगुल होने देते हैं क्यों ? कभी-कभी बहस जूतम-पैजार की स्थिति में पहुँचने देते हैं क्यों ? इस तरह बुद्धिजीवियों के आपस में ईगो टकराने लगते हैं। टीवी चेनल ये सब होने देता हैं , और एंकर दूर बैठे मुस्कराता रहता हैं।

इस बारे में कुछ लोगों का कहना हैं कि टीवी चेनल अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए ये सब करता हैं। टीआरपी का अर्थ हैं टेलीविजन रेटिंग पॉइंट अर्थात यह एक विशिष्ट लक्षित दर्शक वर्ग में किसी शो को देखने वाले कुल दर्शकों का प्रतिशत दर्शाता है। टीआरपी जितनी अधिक होगी, शो उतना ही लोकप्रिय या देखा जाने वाला माना जाएगा। कितना हास्यास्पद हैं, लोगों को जिस डिबेट की एक बात समझ नहीं आती, क्योंकि शोरगुल और कोलाहल ही इतना रहता हैं, तो ऐसे चेनल की टीआरपी बढ़ेगी या घटेगी, ये मेरी समझ से परे हैं जो शो समझ में आएगा वही तो देखा जाएगा, नहीं तो टेलीविजन बंद कर देगा या चेनल बदल लेगा। क्या वाकई में दुनिया उल्टी हैं या क्या पता यह मेरी सोच हैं ?, हो सकता हैं मैं ही उल्टा सोच रहा हूँ।

## उसूल भूल गए...?

सादगी की राहों पर जो चुपचाप बढ़ गया,
ईमान का दीप बनकर अँधेरों से लड़ गया।
जिनके महलों में भी ₹सेवा₹ का ही शोर है,
इस हिसाब में हर सुविधा का कोई छोर है।
कुर्सी मिली तो जनता का ही नाम भूल गए,
भत्तों की 'फेहरिस्त' में सारे उसूल भूल गए।
एक जनाब पैदल चलकर मिसाल लिख रहे,
बाकी तो लाल बत्ती में भी सवाल लिख रहे।
रिश्वत की धूल से जब 'आईना' धुंधला हुआ,
सच का चेहरा देख के हर चेहरा मिला हुआ।
यहाँ गांधी के नाम पे भाषण तो रोज हो गए,



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# थियेटर में मूवी देखते वक्त खाते हैं पॉपकॉर्न? तो हो जाएं सावधान



थियेटर में मूवी देखने जाते हैं तो पॉपकॉर्न तो जरूर खाते होंगे, लेकिन क्या आपको पता है कि ये पॉपकॉर्न हमें फायदे की जगह नुकसान पहुंचाता है। यूं तो पॉपकॉर्न बहुत फायदेमंद होता है मगर मल्टीप्लेक्स में मिलने वाले फ्लेवर वाले, मसाले वाले, चीज, बटर वाले पॉपकॉर्न्स जहर के समान हैं। सादे पॉपकॉर्न पर हल्का फुल्का नमक छिड़ककर खाया जाए तो ये बहुत फायदेमंद होता है, लेकिन जैसे ही इसपर मसाले, बटर, चीज आदि डालते हैं, ये हेल्दी की जगह अनहेल्दी हो जाता है।

सादा पॉपकॉर्न दुनिया के सबसे हेल्दी स्नैकफूड में से एक है। सबसे सस्ता और सेहत के लिए बहुत अच्छा। साइंटिस्ट और हर्बल मेडिसिन एक्सपर्ट ने बताया कि सिर्फ 100 ग्राम पॉपकॉर्न हमें बहुत फायदा पहुंचाता है। इसमें फाइबर्स, विटामिन इ कॉम्प्लेक्स, फॉस्फोरस, जिंक, मैगनीज और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। दिन में आपको 30 ग्राम फाइबर की जरूरत होती है, 100 ग्राम पॉपकॉर्न उसकी 50% भरपाई कर देता है। यूनिवर्सिटी ऑफ स्क्रेण्टन ने एक स्टडी में बताया कि पॉपकॉर्न में बहुत अच्छी मात्रा में पॉलीफिनॉल एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, ये पॉलीफिनॉल हमारे ब्लड सकुर्लेशन के लिए बड़े महत्वपूर्ण होते हैं। साथ ही ये पॉपकॉर्न पेट की सेहत को दुरुस्त रखने में भी अहम रोल निभाते हैं।

फाइबर्स खूब पाए जाने के कारण डायबेटिक रोगियों और मोटापे से त्रस्त लोगों के लिए पॉपकॉर्न बहुत फायदेमंद है। हर रोज 100 ग्राम सादे पॉपकॉर्न खाएं, पूरा 15 ग्राम फाइबर मिलेगा, पेट भरा-भरा सा भी रहेगा और शरीर को आवश्यक पोषक तत्व भी मिलेंगे। वहीं दूसरी तरफ मॉल में मिलने वाले पॉपकॉर्न, वेफर्स, पोटैटो चिप्स आदि हमारी आंतों के लिए जहर के समान होते हैं। पॉपकॉर्न खाना सेहत के लिए बहुत खास है लेकिन ध्यान रहे मिर्च मसाला, पेरी पेरी, चीज, बटर के बिना।

100 ग्राम सादे पॉपकॉर्न हर रोज खाओ और डिब्बा बंद और रेडीमेड पैकेट में मिलने वाले महंगे पॉपकॉर्न को न करो। अगर आपको वजन कम करना है और डायबिटीज कंट्रोल करना है तो खुद भी मेहनत करना होगा और घर पर पॉपकॉर्न बनाकर खाना होगा तभी हमें असल फायदा होगा। गांव के लोग अभी भी सेहत के मामले में शहर के लोगों से आगे हैं, क्योंकि वहां लोग आज भी अनाज को रेत में भूनकर उसका नाश्ता करते हैं। घर में 5-10 रुपये में तैयार होने वाले पॉपकॉर्न का ही फायदा है, तो फिल्में खूब देखिए लेकिन वहां मिलने वाले पॉपकॉर्न और कोल्डड्रिंक से तौबा कीजिए।

धर्म-आस्था

# क्या भगवान श्रीकृष्ण के कारागार जन्म को 'आघात' कहना उचित है?

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम॥
(भगवद्गीता 4.7)
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥ (भगवद्गीता 4.8)



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

भगवान श्रीकृष्ण का अवतार सनातन परंपरा में किसी व्यक्तिगत पीड़ा की कथा नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना, अधर्म के विनाश और सत्य की विजय का उद्घोष माना जाता है। यही कारण है कि जब उनके कारागार जन्म का उल्लेख किसी न्यायिक आदेश में सामाजिक पीड़ा अथवा आघात जैसे संदर्भों में सामने आया, तो देशभर में एक नया वैचारिक विमर्श प्रारंभ हो गया।

नासिक के चर्चित TCS धर्मांतरण प्रकरण में गर्भवती आरोपी निदा खान को जमानत देते समय अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की तरह किसी बच्चे को जेल में जन्म लेने की सामाजिक पीड़ा का सामना नहीं करना चाहिए। इसके बाद देश के लगभग सभी प्रमुख समाचार पत्रों और समाचार चैनलों ने इस टिप्पणी को अपने-अपने ढंग से प्रकाशित किया। किसी ने इसे आघात, किसी ने सामाजिक पीड़ा, तो किसी ने केवल श्रीकृष्ण की तरह जेल में जन्म के रूप में प्रस्तुत किया। शब्द अलग थे, लेकिन चर्चा का केंद्र एक ही था–भगवान श्रीकृष्ण का उल्लेख। यहाँ प्रश्न केवल जमानत का नहीं है। भारतीय कानून में जमानत का अर्थ दोषमुक्ति नहीं होता, बल्कि मुकदमे के दौरान कुछ परिस्थितियों में दी जाने वाली अस्थायी राहत होती है। वास्तविक प्रश्न उस भाषा और संदर्भ का है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग को न्यायिक आदेश का हिस्सा बनाया गया।

सनातन परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण का कारागार में जन्म आघात या पराजय का प्रतीक नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का दिव्य प्रारंभ माना जाता है। कंस की जेल में जन्म लेने वाले श्रीकृष्ण ने उसी अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। इसलिए करोड़ों हिंदुओं के लिए यह घटना पीड़ा नहीं, बल्कि आशा, साहस, धर्म और दिव्य संकल्प का प्रतीक है। यही कारण है कि न्यायालय की इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा शुरू हुई। अनेक लोगों ने प्रश्न उठाया कि क्या श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग को आघात या सामाजिक पीड़ा जैसे शब्दों से जोड़ना सनातन परंपरा की मूल भावना के अनुरूप है? वहीं कुछ विधि विशेषज्ञों का मत है कि न्यायालय का उद्देश्य केवल अजन्मे बच्चे के हित और मानवीय दृष्टिकोण को रेखांकित करना था, न कि किसी धार्मिक मान्यता पर टिप्पणी करना।

लेकिन इस पूरे प्रकरण में एक और प्रश्न उभरकर सामने आता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सामान्य आपराधिक प्रकरण नहीं था। आरोप ऐसे हैं जिनमें सनातन हिंदू धर्म के विरुद्ध कथित आपत्तिजनक टिप्पणियाँ, धर्मांतरण के प्रयास और महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। ऐसे संवेदनशील मामले में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का उल्लेख करना कितना आवश्यक था? क्या अदालत केवल संवैधानिक और मानवीय आधार पर जमानत का निर्णय नहीं दे सकती थी, जैसा कि अन्य अनेक मामलों में होता आया है?

यही प्रश्न आज सार्वजनिक विमर्श का केंद्र बन गया है। अनेक लोगों का कहना है कि जब विवाद का मूल विषय ही धर्म और धार्मिक संवेदनशीलता से जुड़ा था, तब न्यायिक आदेश में सनातन आस्था के सर्वोच्च आराध्य भगवान श्रीकृष्ण का उल्लेख करने से स्वाभाविक रूप से नई बहस छिड़नी ही थी। यदि वही कानूनी सिद्धांत बिना किसी धार्मिक उदाहरण के व्यक्त किया जाता, तो संभव है कि यह आदेश केवल एक न्यायिक निर्णय बनकर रह जाता। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण के संदर्भ ने इसे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चर्चा का विषय बना दिया। ध्यान देने योग्य तथ्य यह भी है कि इसी टिप्पणी को देश के विभिन्न मीडिया संस्थानों ने अलग-अलग शब्दों में प्रस्तुत किया। किसी ने आघात शब्द को प्रमुखता दी, किसी ने सामाजिक पीड़ा को, तो किसी ने केवल जेल में जन्म का उल्लेख किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि एक ही न्यायिक टिप्पणी की अलग-अलग व्याख्या संभव है और शीर्षक का चयन समाज में उसकी धारणा को भी प्रभावित करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,42,700 रवा- 1,42,500 चांदी- टंच- 2,24,000 पाट- 2,23,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे पटवारी, माँगों को लेकर कर रहे आंदोलन

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी पटवारी 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। यह निर्णय वर्षों से लंबित कैडर रिव्यू, पदोन्नति और समयमान वेतनमान जैसी मांगों के निराकरण की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत लिया गया है। जिला पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने बताया कि पटवारी संवर्ग लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं होने से संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में 15 से 17 जुलाई तक जिले के सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। संघ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सामूहिक अवकाश के दौरान राजस्व संबंधी कार्यों और अन्य शासकीय सेवाओं में अस्थायी व्यवधान आ सकता है। इसके लिए संगठन ने नागरिकों से क्षमायाचना करते हुए सहयोग और समर्थन की अपेक्षा जताई है। जिलाध्यक्ष हनोतिया ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या आमजन के खिलाफ नहीं, बल्कि लंबे समय से लंबित कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए विवश होकर किया जा रहा है।

## रेलवे फाटक के पास कार सवार युवकों से मारपीट, कार में तोडफोड़, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**शुजालपुर।** रेलवे फाटक के पास कार सवार तीन युवकों के साथ मारपीट और कार में तोडफोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अकोदिया निवासी सुनील कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मित्र कपिल राठौर और विकास कुशवाह के साथ रविवार रात करीब 11.30 बजे कार क्रमांक एमपी 13 जेडजी 8977 से अकोदिया लौट रहा था। शुजालपुर मंडी स्थित रेलवे फाटक के पास कृष्णा पान की दुकान पर गुटखा-सिगरेट लेने के लिए रुके थे। इसी दौरान बड़ी मस्जिद के पास रहने वाला राज वाल्मीकि अपने साथी सन्नी के साथ वहां पहुंचा और कार की लाइट बंद करने को कहा। फरियादी के अनुसार लाइट बंद करने की बात कहने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर राज वाल्मीकि ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे सुनील की पीठ में चोट आई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि बीच-बचाव करने आए विकास कुशवाह पर आरोपी सन्नी ने पान की दुकान से कांच की बरनी उठाकर फेंक दी, जिससे उसके पैर के पंजे में चोट लगी। वहीं राज वाल्मीकि ने डंडे से कार पर हमला कर पीछे का कांच तोड़ दिया। आरोप है कि कपिल राठौर के साथ भी थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की गई। घटना के दौरान पान दुकान संचालक कृष्णा ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोडफ ोड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जेठड़ा-कालापीपल मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

**दो युवक गंभीर रूप से घायल, एक की हालत नाजुक**



**शुजालपुर।** जेठड़ा-कालापीपल मार्ग पर ग्राम जामनेर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप मंगलवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए 108 एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार एक घायल का नाम सागर पिता नारायण सिंह राजपूत 25 वर्ष निवासी अकोदी का है एवं दूसरा घायल बबलू पिता रामसिंह अहिवार 37 वर्ष निवासी सतपिपलिया जिला सीहोर का है। बबलू की हालत चिंता जनक बताई जा रही है, बबलू जामनेर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आया था।

## पीडब्ल्यूडी महकमे में हर्ष का माहौल, मुवेल और मौर्य बने नियमित कार्यपालन यंत्री

**शाजापुर।** राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पदोन्नति की बाट जोह रहे अधिकारियों को बड़ी सौगात दी है। भोपाल से जारी हुए आदेश के बाद जिले के पीडब्ल्यूडी महकमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। शासन ने विभागीय पदोन्नति का रास्ता साफ करते हुए जिले में पदस्थ दो अधिकारियों को प्रमोशन का तोहफा देते हुए नियमित कार्यपालन यंत्री के पद पर प्रमोट किया है। मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 जुलाई 2026 को पदोन्नति की विस्तृत सूची जारी की गई। इस आदेश के तहत शाजापुर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री हर्षवर्धन सिंह मुवेल को कार्यपालन यंत्री के पद पर नियमित पदोन्नति प्रदान की गई है। मुवेल लंबे समय से प्रभारी के तौर पर जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे और अब उन्हें शासन ने नियमित पद की अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। इसी आदेश के क्रम में, जिले के शुजालपुर उपसंभाग में अनुविभागीय अधिकारी के पद पर उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे शुभम मौर्य को भी पदोन्नत किया गया है। मौर्य अब कार्यपालन यंत्री के पद पर प्रमोट हो गए हैं। उनके कार्यकाल में शुजालपुर क्षेत्र के निर्माण कार्यों में काफी गति देखी गई थी, जिसका ईनाम उन्हें इस पदोन्नति के रूप में मिला है। जिले के इन दोनों अफसरों को नियमित कार्यपालन यंत्री बनाए जाने की खबर जैसे ही स्थानीय कार्यालय और जिले में पहुंची, विभागीय अमले में उत्साह छा गया।

# 'मर जाऊंगी, पर पति का साथ नहीं छोड़ूंगी': दहेज प्रताड़ित होने पर भी पति संग रहना चाहती विवाहिता

**07 लाख रुपये माँग रहा ससुराल पक्ष**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



मंगलवार को जनसुनवाई में एक विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और घर से निकालने के आरोप लगाए। हाटपीपल्या तहसील के भोंपापुरा निवासी टीना का कहना है कि वह इन सबके बावजूद अपने पति के साथ ही रहना चाहती है।

टीना ने आवेदन में बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही उससे दहेज की मांग की जाने लगी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। उसने पहले भी थाना हाटपीपल्या में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। इसके अलावा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत न्यायालय में भी प्रकरण दायर किया था। टीना ने बताया कि समाज के लोगों की मौजूदगी में उसे साथ रखने का लिखित आश्वासन दिया गया था। लेकिन जब वह अपने परिजनों के साथ ससुराल पहुंची तो उसे अपनाने से इनकार कर दिया गया। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने कहा कि 7 लाख रुपए लेकर आओ, तभी घर में रखेंगे।

**एसपी से कार्रवाई की मांग**

टीना ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि वह अपने पति के साथ रहकर वैवाहिक जीवन बिताना चाहती है। उसने मामले में उचित कार्रवाई करने और अपने वैवाहिक अधिकार दिलाने की मांग की है।

**समझौते के बाद फिर शुरू हुई दहेज की मांग**

विवाहिता के अनुसार, ससुराल पक्ष ने भविष्य में प्रताड़ित नहीं करने का भरोसा देकर समझौता किया था। लेकिन कुछ दिन बाद फिर से दहेज की मांग शुरू हो गई। पीड़िता का आरोप है कि उससे 7 लाख रुपए मांगे गए। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। उसका कहना है कि मारपीट में उसका सिर फोड़ दिया गया। इसका वीडियो भी उसके पास है।

एएसपी ट्रैफिक एच. बाथम ने बताया कि मामले में संबंधित थाने को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### पांच दिन के भीतर लाखों के पेड़ काट ले गए बदमाश

# हाईवे किनारे खेत से पांच चंदन के पेड़ चोरी, सुरक्षा की माँग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास जिले में चंदन तस्करों की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। हाईवे किनारे स्थित एक खेत से बीते पांच दिनों के भीतर अज्ञात बदमाश पांच चंदन के पेड़ काटकर ले गए। लाखों रुपये कीमत के पेड़ों की चोरी के बाद किसान ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

पीड़ित किसान विजय सिंह ने बताया कि उनका खेत हाईवे से लगा हुआ है। पिछले पांच दिनों के दौरान अज्ञात तस्कर रात में खेत में घुसे और एक-एक कर पांच चंदन के पेड़ काटकर फरार हो गए। सुबह खेत पर पहुंचने पर उन्हें चोरी का पता चला।

विजय सिंह का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी चंदन के पेड़ चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उनका आरोप है कि प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चंदन तस्करों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

**बचे हुए पेड़ों की सुरक्षा की चिंता**

किसान ने बताया कि उनके खेत में अभी भी कई चंदन के पेड़ लगे हैं। उन्हें आशंका है कि तस्कर दोबारा भी वारदात कर सकते हैं।

**लाखों की लकड़ी पर हाथ साफ**

किसान के मुताबिक चोरी हुए चंदन के पेड़ों की कीमत लाखों रुपये है। उन्होंने पुलिस थाने में आवेदन देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है और जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## बिजली पोल पर तार जोड़ते समय करंट से किसान की मौत

**आगर मालवा।** जिले के पूरा साहब नगर में बुधवार सुबह घर की बिजली सप्लाई चालू करने गए 45 वर्षीय किसान दयाराम की करंट लगने से मौत हो गई। करंट की चपेट में आने के बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



पूरा साहब नगर के रहने वाले दयाराम पिता बालचंद (45) के घर की बिजली बंद थी। बुधवार सुबह करीब 11 बजे, दयाराम घर की लाइट चालू करने के लिए पास के ही एक बिजली के खंभे (पोल) पर तार जोड़ने गए थे। तार जोड़ते समय वे अचानक चालू लाइन के करंट की चपेट में आ गए। करंट का झटका इतना तेज था कि वे सीधे नीचे आ गिरे और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण दयाराम को लेकर जिला अस्पताल भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा तैयार किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक तौर पर यह करंट लगने से हुई दुर्घटना का मामला है और जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बिजली की खराबी होने पर खुद सुधारने के बजाय विभाग के कर्मचारियों की मदद लें।

## चाची-भतीजे के अश्लील फोटो फेसबुक पर अपलोड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

मृत जेठ की आईडी से अज्ञात आरोपी ने चाची और भतीजे के अश्लील फोटो फेसबुक पर अपलोड करते दिए। शाजापुर की रहने वाली 35 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 12 जुलाई की रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच उनके मृत जेठ की फेसबुक आईडी से उनकी और उनके नाबालिग भतीजे की फोटो अपलोड कर आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ पोस्ट की गई थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बारिश की लंबी खींच से सोयाबीन पर संकट

**कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी जरूरी सलाह**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

जिले में खरीफ फसलों की बुवाई के बाद बारिश की लंबी खींच से सोयाबीन की फसल में नमी की कमी महसूस होने लगी है। इसे देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र केवीके के वैज्ञानिकों ने खेतों का भ्रमण कर किसानों को फसल बचाने के लिए आवश्यक सलाह जारी की है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस एस धाकड़, डॉ. गायत्री रावल, डॉ. डी के तिवारी एवं डॉ. मुकेश सिंह ने बताया कि जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है वे मिनी स्प्रिंकलर से हल्की सिंचाई करें, ताकि फसल में नमी बनी रहे। साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए कुएं एवं नलकूप रिचार्ज तथा खेतों में भू-जल संवर्धन संरचनाएं विकसित करने की सलाह दी गई है।

वैज्ञानिकों ने कहा कि 15 दिन से अधिक पुरानी सोयाबीन फ सल में ट्रैक्टर, बैल या हस्तचालित डोरा चलाकर नमी संरक्षित की जा सकती है। वर्तमान मौसम में तना मक्खी कीट का प्रकोप बढ़ने की आशंका है, इसलिए किसान नियमित रूप से फ सल की निगरानी करें और आवश्यकता होने पर अनुशंसित मात्रा में इमिडाक्लोप्रिड या थायोमेथोक्साम का छिड़काव करें। उन्होंने किसानों को खरपतवारनाशी और कीटनाशी दवाओं का एक साथ छिड़काव नहीं करने की सलाह दी है। खरपतवारनाशी का प्रयोग पर्याप्त नमी होने पर ही करें तथा अलग-अलग प्रकार के नोजल का उपयोग करें।

**दवा के छिड़काव में बरतें सावधानी**

कृषि वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि दवा का छिड़काव करते समय धूम्रपान, तंबाकू या अन्य खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। दवा हमेशा पक्के बिल के साथ खरीदें, स्प्रेयर को उपयोग के बाद अच्छी तरह साफ करें तथा हवा की दिशा में ही छिड़काव करें। साथ ही दस्ताने, चश्मा और नाक-मुंह पर कपड़ा पहनकर ही दवा का छिड़काव करें, ताकि स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से बचा जा सके।

# पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान शुरू

शाजापुर। जिले के पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने एक खास पहल शुरू की है। अब अधिकारियों और पशु चिकित्सकों की टीम दफ्तरों से निकलकर सीधे पशुपालकों के दरवाजे तक पहुंच रही है। वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का आगाज किया गया है। यह अभियान 13 से 18 जुलाई तक चलेगा।

इस अभियान के तहत मुख्य रूप से उन छोटे पशुपालकों को लक्षित किया गया है, जिनके पास तीन से चार गाय या भैंस हैं। विभाग के अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी और मैत्री गौसेवक गांव-गांव और घर-घर जाकर इन पशुपालकों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। उन्हें पारंपरिक तरीकों की जगह वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि उनकी आय में सीधा इजाफा हो सके। डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान प्रशिक्षित विभागीय अमले द्वारा पशुपालकों को कई महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह दी जा रही है। इनमें मुख्य रूप से पशुओं का नस्ल सुधार और संतुलित पोषण, बीमारियों से बचाव के लिए पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और समय पर टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान की आधुनिक तकनीकें, सेक्स-सॉर्टेड सीमेन के उपयोग के तरीके और भविष्य में इससे होने वाले बड़े आर्थिक लाभ शामिल हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ. प्रशांत महाडिक ने बताया कि दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का यह तीसरा चरण है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी श्रीमती प्रियंका सोलंकी पति श्री शैलेन्द्रसिंह सोलंकी निवासी ग्राम देरखेडी तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 14 का पूर्वी भाग स्थित "खण्डेलवाल नगर सेक्टर-बी" सेंटपाल स्कूल रोड, एम.आर. 5 रिंग रोड आगर रोड उज्जैन में है। जिसका कुल क्षेत्रफल 94-50 वर्गमीटर है, जिसकी चर्तुःसीमा- पूर्व की ओर : नाला, पश्चिम की ओर -शेष भाग मकान क्रमांक 14, उत्तर की ओर :-कॉलोनी का रोड, दक्षिण की ओर भूखण्ड क्रमांक 10 व पैमाईश चौडाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 5-90 मीटर व बतरफ दक्षिण 6-70 मीटर। लंबाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 15-00 मीटर व बतरफ पश्चिम 15-00 मीटर है। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र कराया जाना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बावत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 15-07-2026 स्थान उज्जैन

**शुभम नगरिया एडवोकेट [दुकान नंबर -सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन] मोबाईल नंबर-97706-66658**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि अल्लानुर खान पिता कदिर खॉन जाति पिंजारा व दिनेश पिता बालचन्द जी पाटीदार कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की सहस्वामीत्व, मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 66 रकबा 1.700, कुल किता 01 कुल रकबा 1.700 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सौदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा क्रय कि जा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ती हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के ७ दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो। इति दिनांक :-15/07/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता डाक बंगला रोड सुसनेर**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री गोपाल पिता भेरूलाल जी व नागेश्वर पिता भेरूलाल जी जाति सुतार निवासीगण व कृषकगण ग्राम बरडिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म विक्रेता श्री गोपाल पिता भेरूलाल जी के स्वामित्व एवं आधिपत्य भुमि सर्वे नं 323/1 रकबा 0.40 हे. सर्वे नम्बर 325 रकबा 0.26 हे. सर्वे नम्बर 326/1/1 रकबा 0.04 हे. कुल किता 3 कुल रकबा 0. 70 हे. व नागेश्वर पिता भेरूलाल जी के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भुमि सर्वे नम्बर 323/2 रकबा 0.41 हे. सर्वे नम्बर 326/1/2 रकबा 0.30 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 0.71 हे इस प्रकार कुल रकबा 1.41 हे. भुमि ग्राम बरडिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है उक्त भुमि को विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 13/07/2026 को तय कर बयाना राशी विक्रेता पक्ष को अदा कर दि है व अपने पक्ष मे एक सौदा चिटठी का निस्पादन भी अपने पक्ष मे करवा लिया गया है। तथा उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक का कोई ऋण भार बोझ हक कर्जा या लेन देन किसी प्रकार का स्वत्व संबंधी या न्यायालय में किसी प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन हो या आपत्ति हो तो आज सुचना दिनांक से 7 दिवस के भीतर लिखीत प्रमाण दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके मियाद गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार कि कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा व मेरे पक्षकार के मुकाबले आपत्ति अवेध तथा शुन्यवत मानी जावेगी। दिनांक 15/07/2026

**प्रेमसिंह चौहान सर्विस प्रोवाइडर कार्यालय-कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन मो.- 8959194444, 6260482693**




## जनसुनवाई में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 147 ने लगाई न्याय की गुहार

**शाजापुर।** अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की उम्मीद लेकर जिलेभर से फरियादी कलेक्ट्रेट पहुंचे। मुख्यमंत्री जनसुनवाई में मंगलवार सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। इस दौरान कुल 147 लोगों ने अधिकारियों के सामने अपना दुखड़ा सुनाया और न्याय की गुहार लगाई। जिले के दूर-दराज गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए इन लोगों की समस्याएं मुख्य रूप से जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले ने सुनीं। उन्होंने एक-एक कर फरियादियों के आवेदन लिए, उनकी पीड़ा जानी और मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में अपनी बारी का इंतजार करते लोगों की खासी भीड़ नजर आई। आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने और लोगों को भटकना न पड़े, इसके लिए जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा सहित तमाम विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सोयाबीन की बोरी चोरी करते सीसीटीवी में दिखे बदमाश



**शाजापुर।** कृषि उपज मंडी से सोयाबीन की बोरी चोरी करते हुए बदमाश सीसीटीवी में नजर आए। जानकारी के अनुसार रविवार को मंडी से सोयाबीन की एक बोरी चोरी हुई थी। इसके बाद व्यापारियों ने सोमवार को मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में दो संदिग्ध युवक मंडी से सोयाबीन की बोरी चोरी करते हुए स्पष्ट दिखाई दिए। इसके आधार पर मंडी प्रबंधन ने संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद कृषि उपज मंडी के व्यापारियों में भी नाराजगी देखने को मिली। व्यापारियों ने मंगलवार दोपहर 2 बजे मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर चोरी की घटना की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और मंडी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

## निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के चेंबर में गिरे नंदी महाराज को गौरक्षा सेना ने बाहर निकाला

**शाजापुर।** पंप के चैंबर में गिरे नंदी का गौरक्षा सेना ने रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम सांपखेड़ा के आगे बेरछा रोड स्थित एक निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के चैंबर में नंदी के गिर जाने की सूचना गौरक्षा सेना को मिली। सूचना मिलने पर संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर की सहायता से सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया गया और नंदी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेस्क्यू अभियान में नगर महासचिव हर्षित परमार, सांपखेड़ा इकाई के सदस्य सुनील गुर्जर, आदित्य पांडे, विक्रम सोंती, माखन गुर्जर, होकम गुर्जर, अर्जुन गुर्जर एवं रोहित गुर्जर ने सक्रिय भूमिका निभाई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि कृषक (1) पार्वतीबाई पति मेहरबानसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम लसुल्डिया हमीर तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश), (2) गोपालसिंह पिता मेहरबानसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम लसुल्डिया हमीर तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश), (3) सुल्तानसिंह पिता मेहरबानसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम लसुल्डिया हमीर तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) व (4) राजेन्द्रसिंह पिता मेहरबानसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम लसुल्डिया हमीर तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) के स्वामित्व एवं आधिपत्य एवं हक्क एवं हिस्से की कृषि भूमि स्थित ग्राम लसुल्डिया हमीर (रोड पर) पटवारी हल्का नं. 00021 राजस्व निरिक्षक वृत्त 01 रूपाखेड़ी तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 204 रकबा रकबा 1.24 हेक्टेयर कृषि भूमि, सर्वे नं. 205 रकबा 1.07 हेक्टेयर कृषि भूमि, इस प्रकार कुल सर्वे नं. 02 कुल रकबा 2.31 हेक्टेयर अक्षरी (दो हेक्टेयर इकतीस आरे) कृषि भूमि, तथा कृषक बहादुरसिंह पिता मानसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम लसुल्डिया हमीर तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) के स्वामित्व एवं आधिपत्य एवं हक्क एवं हिस्से की कृषि भूमि स्थित ग्राम लसुल्डिया हमीर (रोड पर) पटवारी हल्का नं. 00021 राजस्व निरिक्षक वृत्त 01 रूपाखेड़ी तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 206 रकबा रकबा 0.78 हेक्टेयर कृषि भूमि, इस प्रकार कुल सर्वे नं. 01 कुल रकबा 0.78 हेक्टेयर अक्षरी (ठहत्तर आरे) कृषि भूमि स्थित है, जो शाहरुख पटेल पिता तेज मोहम्मद पटेल जाति मुसलमान आयु 27 वर्ष निवासी आजाद नगर, रतलाम जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) ने अनुबंध पत्र के माध्यम से विक्रय कर विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार महेन्द्र पटेल (इंदौर) व अनिल चौधरी (देवास) के पक्ष में संपादित किया जा चुका है तथा वर्तमान में उक्त भूमि पार्वतीबाई, गोपालसिंह, सुल्तानसिंह, राजेन्द्रसिंह तथा बहादुरसिंह के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का करार मेरे पक्षकार के विक्रय अनुबंध पत्र गवाहो के समक्ष संपादित किया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार मूल भूमि स्वामी से अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार का ऋण भार बोझ किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा शासन का उक्त भूमि पर बकाया हो तथा किसी प्रकार की हक्क स्वत, कब्जे संबन्धित किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज कराये। यह सूचित हो।

**एडवोकेट नाहिद हुसैन अंसारी कार्यालय :- 29/9 खांकरीपुरा, तराना, जिला उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 83199-66182**

## दूध डेयरी का गेट तोड़कर लैपटॉप व पर्स चोरी



**शुजालपुर.** क्षेत्र के जेठड़ा मार्ग स्थित एक दूध डेयरी में अज्ञात चोर ने रात के समय गेट तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर डेयरी से लैपटॉप, पर्स और महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम खलीलपुर निवासी ओमप्रकाश मालवीय जेठडा जोड़ से जेठड़ा गांव मार्ग पर पार्थ दूध डेयरी का संचालन करते हैं। फरियादी ने बताया कि 14 जुलाई की रात करीब 11.30 बजे वह डेयरी बंद कर ताला लगाकर अपने गांव चला गया था। बुधवार सुबह करीब 7 बजे जब वह डेयरी पहुंचा तो सामने लगा चद्दर का गेट टूटा हुआ मिला। डेयरी के केबिन की जांच करने पर लेनोवो कंपनी का करीब 40 हजार रुपये कीमत का लैपटॉप और पर्स गायब मिला। पर्स में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अन्य आवश्यक दस्तावेज तथा कुछ नकदी रखी हुई थी। आशंका है कि अज्ञात चोर गेट तोड़कर अंदर घुसा और सामान चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

## शिक्षकों का कार्यालय में अटैचमेंट खत्म

**गुना।** राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बड़ा निर्णय लिया है। अब विभिन्न कार्यालयों में अटैच किए गए शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें उनकी मूल पदस्थापना वाली शालाओं में वापस भेजा जाएगा। इस संबंध में विगत 13 जुलाई 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा सख्त निर्देश दिये हैं कि जिला कार्यालयों और संस्थाओं सहित अन्य विभागों में कार्यरत शिक्षकों को तत्काल मूल संस्था के लिए कार्यमुक्त करें। उक्त आदेश के पालन में ऐसे शिक्षक जो मूल में उपस्थित नहीं होते उनका वेतन रोका जाए। दरअसल इस निर्णय का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा विद्यार्थियों को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। लंबे समय से जिला एवं विकासखंड स्तर के विभिन्न कार्यालयों में अटैच शिक्षकों के कारण कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी की शिकायतें सामने आ रही थीं। शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से उनकी मूल संस्था में कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश के तारतम्य में कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर के पत्र का पालन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी गुना समर सिंह राठौर ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य ही कराया जाएगा और अनावश्यक कार्यालयीन अटैचमेंट की व्यवस्था समाप्त की जाएगी।

## 130 सहायक शिक्षक चतुर्थ क्रमोन्नति के लाभ से वंचित

**गुना।** म.प्र.कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं म.प्र.शिक्षक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने प्रेस जारी विज्ञप्ति में बताया कि म.प्र.शासन के आदेश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी गुना द्वारा एक जुलाई 2023 की स्थित में 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वालों 117 सहायक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देने की सूची 26 मई 2026 को जारी की गई है। जिसमें विभिन्न कारणों/आपत्तियां कारण से 130 सहायक शिक्षकों के नाम छोड़ दिये जाने से चतुर्थ क्रमोन्नति के लाभ से वंचित हो गये है। जिला शिक्षा अधिकारी गुना ने 29 मई को गुना के समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी जिला गुना एवं समस्त संकुल प्राचार्य उ.मा.वि./ हाई स्कूल जिला गुना को एक पत्र जारी कर चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान से लाभ वंचित सहायक शिक्षकों अपूर्ण प्रस्तावों की पूर्ति कर तीन दिवस में पुनः प्रस्ताव, पूर्ति करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त सूची में शिक्षक स्तर पर शिक्षकों ने कमियों की पूर्ति कर दीं हैं। कई शिक्षकों ने दो - दो बार सी.आर.के फार्म जमा कर दिये थे, फिर भी उनके नाम छोड़ दिये गये। ज्ञातव्य रहे संकुल प्राचार्यो को चतुर्थ क्रमोन्नति के प्रस्ताव एवं 5 वर्ष की आर.आर. भेजनी थी। अनेक शिक्षक तत्कालीन शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी गुना से मिले थे। 5 जुलाई के बाद चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान से लाभ से वंचित सहायक शिक्षकों की पुनः सूची जारी करने का आश्वासन दिया था।

## चलती कार में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

**ग्वालियर।** ग्वालियर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सूर्य मंदिर रोड पर बुधवार देर रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर बाद कार में जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार से धुआं उठता देख चालक ने तुरंत वाहन रोककर बाहर छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। इसके बाद आग तेजी से फैल गई और पूरी कार धू-धूकर जलने लगी। सूचना मिलते ही गोला का मंदिर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी मानी जा रही है। जली हुई कार का नंबर क्रं.-07-टीएच-1239 है, जो प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ऋषभ राजपूत के नाम पर पंजीकृत बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक के समर्थन में कई स्थानों पर हुआ प्रदर्शन




छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन करते छात्र



इंदौर में मार्च निकालते हुए में प्रदर्शन करते छात्र



जयपुर में आक्रोश जताते हुए युवा

**जयपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में हजारों छात्रों ने विशाल पैदल मार्च निकाला। छात्रों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ आवाज उठाई। जानकारी के अनुसार, इंदौर के तात्या भील चौराहा (भंवरकुआं) पर छात्र पिछले कई दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर भी बैठे हैं।

इसी प्रकार प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, पीडित परिवारों को मुआवजा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सख्त सुधार की मांग की। छात्रों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रखेंगे।

जयपुर और छत्तीसगढ़ में भी छात्रों ने सड़कों पर मार्च निकाला इस प्रकार छात्रों का हुंकार, जयपुर की सड़कों पर निकला विरोध मार्च।

जयपुर छत्तीसगढ़ के छात्र और युवा लद्दाख के शिक्षाविद सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को समर्थन दे रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट (NEET-UG) और अन्य परीक्षाओं में धांधली व पेपर लीक के खिलाफ उनका विरोध जारी है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करने के लिए लगातार समर्थन जुटाया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री अजय सिंह आज शुजालपुर प्रवास पर, कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात



**शुजालपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह के सुपुत्र एवं पूर्व मंत्री विधायक अजय सिंह गुरुवार 16 जुलाई को शुजालपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 3 बजे शुजालपुर पहुंचेंगे और प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार के अकोदिया नाका स्थित ट्रैक्टर शोरूम पर पहुंचकर स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर 3. 30 बजे वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार एवं कांग्रेस नेता सागर परमार के निवास पहुंचकर उनसे भेंट करेंगे तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। शुजालपुर प्रवास के पश्चात अजय सिंह शाजापुर जाएंगे, जहां वे पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा से मुलाकात करेंगे। इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मल्हार गार्डन में संवाद कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे। रात्रि 8 बजे वे पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गोहिल के निवास पहुंचेंगे तथा राधा गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में शामिल होकर मार्गदर्शन देंगे। शाजापुर में ही उनका रात्रि विश्राम रहेगा। अगले दिन सुबह 9.30 बजे वे रामवीर सिंह सिकरवार के निवास पर पहुंचेंगे। इसके बाद आगर के लिए रवाना होंगे, जहां देवी दर्शन करने के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर एवं स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ अभिमुखीकरण

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में बुधवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इको क्लब एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के नवाचार मेरा पेड़ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के अभिमुखीकरण ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, उपलब्ध सुविधाओं एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने नियमित अध्ययन के साथ खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का परिचय कराते हुए विभिन्न शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। अधिक विद्यार्थियों को एनसीसी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# नशे के विरूद्ध गुना पुलिस का जनआंदोलन शुरू

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने दिलाई सामूहिक शपथ





**गुना।** नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज निर्माण के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे राज्यव्यापी विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के अंतर्गत गुना पुलिस द्वारा जिले में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गुना पुलिस द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

15 जुलाई 2026 को अभियान के शुभारंभ अवसर पर गुना पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के द्वारा जिला पुलिस एवं एसएएफ के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगर/ग्राम रक्षा समिति सदस्यों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण के उपरांत पुलिस लाइन परिसर से एक विशाल जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से जेल रोड, अंबेडकर चौराहा, हनुमान चौराहा, तेलघानी चौराहा, स्टेशन तिराहा होते हुए जयस्तंभ चौराहा तक नगरवासियों को बैनर, तख्तियों के द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। रैली के दौरान पुलिस बल एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने नशामुक्त समाज के समर्थन में प्रेरक संदेश देकर आमजन से इस जनअभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन, डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित, प्रभारी सीएसपी आनंद राय, रक्षित निरीक्षक श्रीमती पूजा उपाध्याय, प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक हर्ष यादव, रक्षित निरीक्षक स्मृति दोहरे, कंट्रोल प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. आर्य, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदौस तबस्सुम, निरीक्षक मचल सिंह मंडेलिया सहित एस.ए.एफ. व जिला बल के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी देवेन्द्र राठौर पिता नानूराम राठौर निवासी-248, पावर हाउस के सामने सिविल लाईन देवास म.प्र. के स्वामित्व का एवं आधिपत्य का एक भवन पुराना म्यु. क्रमांक 1/1221/06 आर्य समाज मार्ग बहादुरगंज उज्जैन नया भवन क्रमांक 102 आर्य समाज मार्ग (बहादुरगंज) उज्जैन क्षेत्र/वार्ड 3/24 में स्थित है। उक्त भवन जी+1 गाडर फर्शी का निर्मित होकर आवासीय प्रायोजन का होकर रहवासी क्षेत्र में स्थित होकर भवन नगर पालिक निगम उज्जैन के सम्पति शाखा में देवेन्द्र राठौर पिता नानूराम राठौर के नाम से दर्ज है। उक्त संपति को मेरे पक्षकार पुनित माहेश्वरी पिता राधाकिशन माहेश्वरी, निवासी 106, आर्य समाज मार्ग बहादुरगंज ने भवन स्वामी देवेन्द्र राठौर पिता नानूराम राठौर से कय करने का (खरीदने का) लिखित अनुबंध किया है। तथा बयाना राशि अदा कर दी है। शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र कराया जाना बाकी है अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी बैंक पेढी निगम वित्तीय संस्था निजी व्यक्ति आदि का बकाया हो उक्त भवन में किसी अन्य का कोई हक हित हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत् किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नही होगी सो सूचित हो ।

इति दिनांक 15/07/2026 स्थान उज्जैन

**हेमन्त जैन सर्विस प्रोवाईडर**
**18 ब्राह्ममणगली बहादुरगंज उज्जैन**
**मो. 9424097549**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी श्री रामचंद्र पिता श्री रूपा जी जाति बागरी निवासी उज्जैन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 160/2 रकबा 1.00 हेक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 1.00 हेक्टर लगानी स्थित घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांक 15-07-2026

**कमलसिंह यादव ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 9424814613**


## आरोन सिविल अस्पताल बना वसूली का अड्डा,

**आरोन।** जिला गुना की तहसील आरोन का सिविल अस्पताल सरकारी सेवा की जगह अवैध वसूली का केंद्र बनता जा रहा है। अस्पताल की जन्म-मृत्यु शाखा में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों से खुलेआम पैसे मांगे जाने का मामला सामने आया है। ग्राम सुनगयाई निवासी परमाल सिंह ने 11 जुलाई 2026 को एसडीएम आरोन को आवेदन देकर अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। परमाल सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी ममता बाई की डिलीवरी 20 दिसंबर 2012 को इसी अस्पताल में हुई थी। उस समय हस्तलिखित प्रमाण पत्र दे दिया गया था। डिजिटल प्रमाण पत्र के लिए 10 जुलाई 2026 को सभी कागज जमा करने के बाद उन्हें सीधे अस्पताल के कमरा नंबर 28 में भेजा गया। आरोप है कि वहीं उनसे चालान के नाम पर 500 रुपये मांगे गए। रकम देने के बाद भी 2 दिन बीत जाने पर भी डिजिटल प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। पीड़ित का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। अस्पताल में रोजाना इसी तरह आम लोगों से पैसे ऐंठे जा रहे हैं। शिकायत में परमाल सिंह ने लिखा कि जन्म-मृत्यु शाखा में तैनात कर्मचारियों द्वारा सरकारी प्रक्रिया को दरकिनार कर प्रमाण पत्र के एवज में हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं। गरीब मरीज इलाज के लिए आता है और यहां कागज के लिए भी जेब ढीली करनी पड़ रही है। जब इस संबंध में बीएमओ डॉ. अविनाश रघुवंशी से बात की गई तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आवेदन मिल गया है, जांच चल रही है। उचित कार्रवाई होगी। लेकिन सवाल यह है कि कमरा नंबर 28 में महीनों से चल रहे इस खेल की भनक अस्पताल प्रबंधन को अब तक क्यो नहीं लगी। लोगों का कहना है कि अगर जन्म-मृत्यु जैसे जरूरी दस्तावेज के लिए भी रिश्वत देनी पड़े तो आम आदमी कहां जाए।

## तनावमुक्त जीवन के लिए नशे से दूरी आवश्यक है

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के तहत बुधवार को शुजालपुर में सीएम राइज विद्यालय से जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आयोजन पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक शाजापुर के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी शुजालपुर एवं थाना शुजालपुर मंडी व सिटी पुलिस के नेतृत्व में किया गया। रैली का नेतृत्व एसडीओपी निमेष देशमुख ने किया। रैली में करीब 400 से 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें सीएम राइज विद्यालय एवं आनंदम अकादमी के छात्र-छात्राओं के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल, शांति समिति सदस्य, नगर रक्षा समिति सदस्य, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य तथा शहर के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। रैली के माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। रैली के दौरान एसडीओपी शुजालपुर, थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी, थाना प्रभारी शुजालपुर सिटी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे की लत से बचाकर स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। जिले में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। अकोदिया थाना प्रभारी संजय राजपूत के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक सोनू जायसवाल, भूपेंद्र मनोरिया एवं अभिषेक परमार ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। तथा स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन के लिए नशे से दूरी आवश्यक है। इस दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया।


**श्री मानमल मीमराज रूईया शासकीय संस्कृत महाविद्यालय**
जयसिंहपुरा रोड, चारधाम मंदिर के पास, उज्जैन- 456001
Email Add. - Sanskrit_ujn@yahoo.com, hegbbscujj@mp.gov.in

**E-Tender के माध्यम से क्रय सम्बन्धी** दि. 02.07.2026

श्री मानमल मीमराज रूईया शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा तकनीकि माध्यम से शिक्षण व्यवस्था के उन्नयन करने हेतु E-Tender माध्यम से सामग्री क्रय करने के लिए टेण्डर क्रमांक 2026_HED_521616_1 जारी किया गया है, जिस पर इच्छुक दिनांक 15.07.2026 को सायं 05 से दिनांक 07.08.2026 को सायं 05 तक आवेदन किया जा सकता है।

**डॉ. सीमा शर्मा,** प्राचार्य,
श्री मानमल मीमराज रूईया शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन

### जाहिर सूचना
### ( बाबत नाम परिवर्तन )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रवीणा अमीन पति संजीव अमीन, 98, नजरअली मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) की निवासी हूं। मेरी पासपोर्ट जिसका नम्बर के 7166319 है जिसमे मेरा नाम प्रवीणा बेन अमीन (Pravina Ben Amin) है। मैने मेरा नाम परिवर्तीत कर प्रवीणा अमीन (Pravina Amin) कर लिया है तथा इसी नाम से मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि बने हुवे है। मैं वर्तमान में प्रवीणा अमीन (Pravina Amin) के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं।

**प्रवीणा अमीन (Pravina Amin)**
**निवासी 98, नजरअली मार्ग, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार लखन गेहलात पिता विक्रम सिंह गेहलात, निवासी-27, राजेन्द्र नगर, आगर रोड, उज्जैन के स्वामित्व का एक भवन क्रमांक 28, स्थित राजेन्द्र नगर, दाल मिल के पीछे, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है। उक्त भवन पूर्व स्वामी श्री बिहारीलाल आत्मज श्री बंसीलाल निवासी आगर रोड उज्जैन के देहांत पश्चात उनके वारिस श्री सुमिरनलाल उर्फ सुंदरलाल आत्मज श्री मांगीलाल उर्फ गरीबदास कौशल, निवासी आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त संपत्ति को श्री राकेश कौशल आत्मज श्री सुमिरनलाल उर्फ सुंदरलाल, निवासी आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) को ई-पंजीयन विक्रय विलेख क्रमांक एमपी 432022019 ए 1096123 दिनांक 08/02/2019 के माध्यम से विक्रय किया गया था, पश्चात उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय कर उक्त संपत्ति पर ऋण प्रदाता कंपनी से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त बाबत किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो उसकी सूचना मय प्रमाण मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। यदि 03 दिवस के पश्चात उक्त बाबत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आती है तो मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधंक कारक नहीं होगी। उक्त बाबत कोई आपत्ति होने की दशा में मुझसे सुविधानुसार दूरभाष पर सम्पर्क करने का कष्ट करें। सूचित हो। दिनांक 16/07/2 026

**डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट**
**ऑ.नं. 02, 33, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9424045696**

## न्यूज-कॉलम

### पंकज पवैया जावरा के नए होंगे तहसीलदार



**जावरा** । तहसीलदारों के ट्रांसफर होने के पश्चात शासन से आदेश आने के बाद सभी को रिलीव किया गया। कलेक्टर मिशा सिंह ने जिले के सभी तहसीलदार नायब तहसीलदारों को नए आदेश जारी कर पदस्य किया गया जावरा से सहदेव मौर्य का इंदौर ट्रांसफर होने के बाद अब यहां की जिम्मेदारी आलोट से पंकज पवैया जावरा आएंगे । रावटी तहसीलदार वंदना किराड को आलोट भेजा गया ।वहीं बड़ावदा टप्पा तहसील की जिम्मेदारी कालूखेड़ा रही श्रद्धा त्रिवेदी को दी गई ।बड़ावदा से भगवान सिंह ठाकुर ढोढर टप्पा पदस्थ किया गया। पिपलोदा नायब तहसीलदार देवेंद्र दान गढ़ को बजाना भेजा गया। पिंकी सादे रतलाम से आकर पिपलोदा तहसीलदार होगी।

### दान राशि की गणना में पहले दिन मिले 24 लाख रु.व विदेशी मुद्रा

**मन्दसौर।** सुप्रसिद्ध और आस्था के केंद्र श्री पशुपतिनाथ मंदिर के दानपात्रों की दान राशि की गणना का कार्य 15 जुलाई को कड़ी सुरक्षा और पारदर्शिता के बीच प्रारंभ किया गया। गणना के पहले दिन मंदिर के खजाने से कुल 24 लाख 2 हजार 450 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। भारतीय मुद्रा के साथ-साथ बाबा पशुपतिनाथ के दरबार में विदेशी भक्तों की श्रद्धा भी देखने को मिली, जिसमें विदेशी मुद्रा के रूप में ब्राजील और नेपाल का 1-1 नोट प्राप्त हुआ है। पहले दिन की गणना पूर्ण होने के बाद अधिकारियों ने बताया कि दानपात्रों की शेष बची हुई राशि की गणना का कार्य अगले दिन भी जारी रहेगा।

### निर्माणाधीन गड्डे में गिरने से महिला की दर्दनाक मौत

**नीमच।** जिले के जावद के समीपवर्ती ग्राम ढाणी में मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे एक दर्दनाक हादसे में शौचालय के पंचायत ढाणी के गांव निमार्णाधीन खड्डे में गिरने से 32 वर्षीय विवाहित महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रेखा चावड़ा (32) अपने पति दिनेश चावड़ा के साथ नवनिर्मित शौचालय के गड्डे की पानी से तराई कर रही थीं। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ने से गड्ढे में गिर गई सर के में लगी गहरी चोट के कारण मौत हो गई जिसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसे चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रकरण जांच में लिया हैं।

### भादवामाता मंदिर की दानपेटियां खुली

**नीमच** । जिले के प्रसिद्ध-चमत्कारिक आरोग्य तीर्थ मालवा की वैष्णवी देवी नाम से प्रसिद्ध महामाया भादवामाता मंदिर परिसर की दानपेटियां सोमवार को लगभग तीन माह में खोली गई। दानराशि की गणना शाम 7 बजे तक जारी रही द्य जिसमें कुल राशि 43 लाख 80 हजार 70 रुपयें नगद प्राप्त हुई । इसी प्रकार से पेटियों से 1 लाख 15 हजार 800 सौ रुपये की चिल्लर निकली द्य इन्हीं दान पेटियों से दान स्वरुप चांदी 4 सौ 70 ग्राम प्राप्त हुई। इस मौके पर तहसीलदार-संतोष पोरवाल एवं सबंधित बैंक अधिकारी कर्मचारीगण और संस्थान -प्रबंधक अजय ऐरन, व ग्राम पचांयत सचिव महेंद्र गुर्जर, पकजंशर्मा, राजमल कछावा, प्रेम सुख मेघवाल व संस्थान कर्मचारियों की उपस्थिति मे गणना संपन्न हुई ।

### महापौर की अध्यक्षता में अपील समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम** । महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम अपील समिति की बैठक में नगर पालिक निगम के विरूद्ध 2 अपीलों का निराकरण किया गया। आयोजित बैठक में अपीलकर्ता रत्तसार लुनिया पिता आनन्दीलाल लुनिया व महेन्द्र पिता आनन्द कुमार अजमेरा द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त किये जाने हेतु वाद दायर किये जाने पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण का निराकरण नगर निगम अपील समिति से करवाये जाने के निर्देश दिये जाने पर अपीलकर्ता व निगम अभिभाषक से उनका पक्ष जानने के पश्चात महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा निगम इंजीनियर के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया।

## घोड़ा चौराहा चौपाटी पर घमासान :
# निगम के अल्टीमेटम के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे दुकानदार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के सबसे व्यस्ततम और प्रसिद्ध घोड़ा चौराहा चौपाटी को हटाने के प्रशासनिक फरमान के बाद शहर में सियासी और प्रशासनिक घमासान चरम पर पहुंच गया है। नगर निगम द्वारा चौपाटी खाली करने के लिए दिए गए महज चार दिन के अल्टीमेटम के विरोध में दुकानदारों ने अपनी दुकानें पूरी तरह बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों से जारी इस बेमियादी हड़ताल ने अब पूरी तरह से राजनीतिक रंग ले लिया है।

चौपाटी को हटाने की कार्रवाई के बीच एक बड़ा खुलासा सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, घोड़ा चौराहा चौपाटी पर लगने वाली अधिकांश गुमटियां शहर के कई रसूखदार कांग्रेस नेताओं की बताई जा रही हैं। वहीं, कुछ दुकानों पर कांग्रेस नेताओं से सांठगांठ रखने वाले रेलवे में पदस्थ कर्मचारियों के कब्जे की बात भी सामने आई है।

हकीकत यह है कि मैदान में अपनी जान-जोखिम में डालकर दुकान चलाने वाले छोटे और आम दुकानदार तो सिर्फ दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। वे हर महीने इन रसूखदार 'मालिकों' को मोटा किराया चुकाकर जैसे-तैसे अपनी आजीविका चला रहे हैं। निगम की इस बेदखली कार्रवाई से अब इन रसूखदारों की मोटी कमाई पर संकट खड़ा हो गया है, यही वजह है कि पर्दे के पीछे से इस आंदोलन को हवा दी जा रही है।

नगर निगम ने अपनी कार्रवाई को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। निगम द्वारा जारी कड़े आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पूरी चौपाटी को चार दिन के भीतर हर हाल में खाली कर दिया जाए और दुकानदार अपनी गुमटियां तय स्थान पर शिफ्ट कर लें। इस आदेश से भड़के दुकानदारों और कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना शुरू कर दिया है। आंदोलन के लिए सजे मंच पर कांग्रेस के कई बड़े और दिग्गज नेता अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं ने इस पूरी कार्रवाई को 'तानाशाही' बताते हुए विस्थापित हो रहे दुकानदारों को अपना खुला समर्थन देने का ऐलान किया है।

घोड़ा चौराहे पर चौपाटी की वजह से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। चौपाटी पर रोजाना जुटने वाली भारी भीड़ और सड़क पर बेतरतीब खड़ी गाड़ियां आधे से ज्यादा मार्ग को अवरुद्ध कर देती हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अव्यवस्था से यातायात पुलिस को भी अच्छी-खासी 'कमाई' का मौका मिल जाता है, क्योंकि अक्सर यहां आने वाले ग्राहकों की गाड़ियां पुलिस कार्रवाई का शिकार बनती हैं। इसी ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन इस स्थान को खाली कराने पर अडिग है।

दूसरी ओर, नगर निगम प्रशासन ने शहर के व्यवस्थित विकास के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। निगम ने स्टेडियम मार्केट में एक सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक 'रूक्क 43' फूड जोन तैयार किया है।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, घोड़ा चौराहा चौपाटी से विस्थापित होने वाले सभी दुकानदारों को इस नए फूड जोन में शिफ्ट होने का अवसर दिया जा रहा है। दुकानों का आवंटन पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा, ताकि किसी भी छोटे दुकानदार के साथ भेदभाव न हो और रसूखदारों का एकाधिकार खत्म हो सके।

# सायबर सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर ठगों पर कसा शिकंजा

## ठगी की कुल 6.7 लाख से अधिक की राशि कराई होल्ड व रिफंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

24 जून से 8 जुलाई तक संचालित राज्य स्तरीय विशेष अभियान च्सायबर सेफ क्लिक 2.0 के तहत मन्दसौर पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बेहद प्रभावी और चौतरफा कार्रवाई को अंजाम दिया है।

एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन, एएसपी टी.एस. बघेल और एसडीओपी मन्दसौर ग्रामीण कीर्ति बघेल के निर्देशन में मन्दसौर पुलिस की विशेष टीम ने न केवल साइबर ठगों का पदार्फाश किया, बल्कि पीड़ितों की डूबी हुई गाढ़ी कमाई को वापस दिलाने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य साइबर ठगी के नए तरीकों को उजागर कर आम जनता को जागरूक करना और उन्हें डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना है। अभियान के दौरान पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर ठगी के तीन पेचीदा मामलों का पदार्फाश करते हुए आरोपियों को चिन्हित कर राउंड-अप करने में सफलता हासिल की है।

पहले मामले में थाना अफजलपुर के अंतर्गत एक पीड़ित को अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर लोन देने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग के नाम पर उसके मोबाइल से श्रिंग ऐपश के जरिए लोन लेकर राशि दूसरे खातों में ट्रांसफर कर ली। ठीक इसी तरह की घटना थाना सीतामऊ क्षेत्र में भी सामने आई, जहां खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले एक जालसाज ने पीड़ित की दुकान पर जाकर केवाईसी अपडेट करने के बहाने मोबाइल लिया और श्रिंग ऐपश से लोन लेकर राशि पार कर दी। वहीं, थाना कोतवाली क्षेत्र में एक अन्य पीड़िता के मोबाइल पर आए एक अज्ञात लिंक पर क्लिक करते ही उनका फोन पूरी तरह बंद हो गया और अगले ही दिन उनके खाते से 70 हजार रुपये गायब हो गए। एसपी द्वारा गठित विशेष टीम ने त्वरित तकनीकी कार्रवाई करते हुए इन तीनों मामलों में कुल एक लाख 14 हजार रुपये की ठगी गई राशि को होल्ड करवा दिया है, जिसे पीड़ितों को वापस सौंपने की कानूनी प्रक्रिया जारी है।एनसीआरपी पोर्टल की मदद से 5.58 लाख रुपये से अधिक कराए रिफंड-इन प्रमुख मामलों के अलावा मन्दसौर पुलिस की साइबर टीम ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की।



## मंदसौर में जैन आचार्यों का मंगल आगमन, 19 को निकलेगा चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ में वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु प्रेरक आचार्य श्री अशोकसागरजी म.सा सहित पांच पूज्य जैन आचार्यों का मंदसौर नगर में भव्य आगमन हुआ है। इस पावन अवसर पर आचार्यों के साथ मुनिराज और साध्वीजी के नगर प्रवेश पर समाजजनों में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान समाज के प्रबुद्ध जनों ने संतों की अगवानी कर उनका आशीर्वाद लिया। संतों के नगर आगमन पर जिला जेल परिसर के सामने आरआरबी चौराहा पर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ और श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ ट्रस्ट मण्डल सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भव्य अगवानी की।

इसके बाद बैंड-बाजों के साथ एक सादगीपूर्ण चल समारोह निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रेम कॉलोनी स्थित संघवी परिवार के निवास पर पहुंचा, अनिल संघवी, अरविन्द संघवी, अजय संघवी ने गहुली कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा यहां संघवी परिवार के द्वारा नवकारसी का भी आयोजन किया गया। संतों के चातुर्मास मंगल प्रवेश का मुख्य और भव्य ऐतिहासिक चल समारोह आगामी 19 जुलाई रविवार को निकाला जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर मंदसौर के जैन समाज और चातुर्मास समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

# शिवना नदी परियोजनाओं की खामियों पर नाराज हुए विधायक



## गुणवत्ता में सुधार न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

विधायक विपिन जैन ने बुधवार को शिवना नदी के किनारे चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर तकनीकी खामियां और निर्माण कार्य की घटिया गुणवत्ता को देखकर विधायक ने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू और नगर पालिका के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सीवरेज और सौंदर्यीकरण के कार्यों में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे जनता के हित में मंदसौर बंद जैसा उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे।

विधायक ने सबसे पहले लगभग 29 करोड़ रुपये की सीवरेज परियोजना का निरीक्षण किया, जहाँ सीवरेज पाइपलाइन के बार-बार फूटने और गंदे नालों का पानी सीधे पवित्र शिवना नदी में मिलने पर उन्होंने भारी आक्रोश व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने 7.87 करोड़ रुपये के शिवना पाथ-वे प्रोजेक्ट और 12.32 करोड़ रुपये की शिवना तट सौंदर्यीकरण परियोजना की भी समीक्षा की। विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी मंदसौर की आस्था और संस्कृति का केंद्र है, इसलिए इससे जुड़े सभी कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता और आपसी समन्वय के साथ पूरा किया जाए।

# नवीन एमसीएच भवन में ओटी एवं लेबर रूम शीघ्र शुरू करें-कलेक्टर

## कलेक्टर अदिति गर्ग ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवनिर्मित मातृ एवं शिशु कल्याण संस्थान भवन का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि यहाँ नव निर्मित ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम को शीघ्र अति शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि प्रसूताओं को इसका त्वरित लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके परिजनों को मिलने वाली सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। उन्होंने डॉक्टरों के बैठने की व्यवस्था को और बेहतर करने, गनेड़ीवाल धर्मशाला के जीर्णोद्धार करने तथा भर्ती मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में अलग से समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं ओपीडी, अस्थि रोग, दंत रोग, फिजियोथैरेपी और प्रसूति वार्ड का दौरा किया और वहां भर्ती महिलाओं व पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों की माताओं से चर्चा कर अस्पताल की सेवाओं का फीडबैक लिया, जिसे मरीजों ने संतोषप्रद बताया।

## विवेक सोमानी पदोन्नत होकर बने जिला अभियोजन अधिकारी।

**नीमच।** जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा बताया गया कि अभियोजन संचालनालय, भोपाल द्वारा अभियोजन अधिकारियों की प्रमोषन लिस्ट जारी की गई हैं, जिसमें जिला अभियोजन संचालनालय, नीमच में पदस्थ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री विवेक सोमानी को जिला अभियोजन अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया हैं। इस अवसर पर जिला अभियोजन संचालनालय, नीमच में पदस्थ सभी अभियोजन अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा श्री विवेक सोमानी का पुष्पों की माला पहनाकर पदोन्न्त होने एवं नवीन जिम्मेदारियों हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## राजस्व अमले ने लंबे समय से चली आ रही रास्ते की समस्या का त्वरित समाधान किया

**नीमच,।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले में बंद शासकीय रास्तों एवं रास्ता संबंधी विवादों के निराकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व विभाग ने मनासा तहसील के ग्राम कंजार्डा में 12 किसानों की लंबे समय से चली आ रही रास्ते की समस्या का त्वरित समाधान किया है। मनासा तहसील के पटवारी हल्का क्रमांक-45 अंतर्गत ग्राम कंजार्डा में सर्वे नंबरों की दक्षिण दिशा में गहरी खाई होने से शासकीय रास्ता अवरुद्ध हो गया था। इसके कारण रामचंद्र पिता मोडीराम, भंवरलाल पिता बालु, भागूबाई पति/पिता हरिराम, प्यारचंद पिता कजोड़, रामचंद्र पिता कंवरलाल सहित 12 किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

# कलेक्टर एवं एसपी ने दिखाई जनजागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मध्यप्रदेश पुलिस के प्रदेशव्यापी "नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0" के तहत बुधवार को नीमच में जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से आयोजित साइकिल रैली को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के तहत जिले में 15 से 30 जुलाई तक विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रैली के शुभारंभ से पूर्व कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने आईएमए के पदाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों तथा उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, भविष्य और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह नशे से दूर रहे तथा युवाओं को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने कहा कि "नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0" का उद्देश्य विशेष रूप से किशोरों एवं युवाओं को अवैध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही नशामुक्त समाज का लक्ष्य साकार किया जा सकता है। शपथ के उपरांत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास तथा वनमंडलाधिकारी श्री एस.के. अटोदे स्वयं साइकिल रैली में शामिल हुए। रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, बारादरी, घंटाघर, जाजू बिल्डिंग, पुस्तक बाजार, फोर जीरो, कमल चौक पहुंची।

## न्यूज कालम



### नगर में कल निकलेगी भगवान जगन्नाथजी का भव्य रथयात्रा

**नीमच।** शहर मे आज 16 जुलाई गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति, नीमच भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जावेगा । प्रतिवर्षअनुसार इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकलने वाली यात्रा यात्रा की तैयारी विगत एक माह से की जा रही थी । शहर के प्रमुख मार्गों पर रथयात्रा का स्वागत करने के लिए सजाया गया हैं द्य भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा जी रंग-बिरंगे फूलों से सजे रथ में सवार होकर शहर में निकलेंगेद्य जिसमे बेंड बाजा, नासिक के ढोल, अघोरी बारात, चलित झांकियां होंगी, इस भव्य आयोजन मे देशभर से पधारे संतों का भी सान्निध्य व आशीर्वाद मिलेगा द्य रथयात्रा समिति के संयोजक राजेंद्र गर्ग सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा संरक्षक व्यापारिक संगठनों द्वारा तैयारियां शिवनारायण गर्ग एवं ओपी मंत्री ने संयुक्त रूप से बताया कि कल गुरुवार शाम 5 बजे मुरु तिलक मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ बलदेवजी एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा का शुभारंभ होगा। जो शहर के नया बाजार, फवारा चौक,, टैगोर मार्ग कमल चौक उत्तर बाजार होकर निकलेगी फवारा चौक पर विशेष पुजा,आराधना का आयोजन होगा।

### सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर में बालिका शिक्षा परिषद का गठन हुआ




**पिपलिया मंडी।** 15 जुलाई 2026 को सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर पिपलियामंडी में बालिका शिक्षा परिषद का गठन किया गया। जिसमें बहिनों को विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपे गए। संरक्षक -श्रीमती मीना वैष्णव संयोजक -श्रीमती प्रेमलता सैनी सह संयोजक - श्रीमती पूजा पोरवाल अध्यक्ष - बहिन - परी सेजवार (कक्षा 12वीं) उपाध्यक्ष -बहिन - कनिका कमरिया (कक्षा 11वीं)। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय /प्रधानाचार्य, व आचार्य/ दीदी उपस्थित रहे।

### सावन में महाकाल सेना निकालेगी कावड़ यात्रा, भावसार बने संरक्षक



**जावरा** । महाकाल सेना की एक बैठक खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में हुई ।सेना का संरक्षक सुनील भावसार को मनोनीत किया गया । महाकाल सेना द्वारा इस वर्ष दसवीं कावड़ यात्रा निकाली जावेगी जो जावरा से प्रारंभ होकर उज्जैन महाकाल मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा 7 अगस्त को शाम 4 बजे खेड़ापति हनुमान मंदिर से शुरू होगी यात्रा नगर भ्रमण कर जागनाथ महादेव मंदिर पुल बाजार पहुंचेगी। जहां जलाभिषेक कर महाआरती की जावेगी। कावड़ यात्रियों का रात्रि विश्राम स्वामी जी की कुटिया पर रहेगा ।अगले दिन शनिवार सुबह 8 बजे उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में कावड़ यात्रा की तैयारीयो पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। संरक्षक बनाए गए सुनील भावसार का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर गणेश प्रजापत ,किशोर यादव ,गोपाल पांचाल ,कमलेश माली ,सोनू यादव ,दिव्यांश रावल ,राजू माली ,धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ,विशाल बामनिया, तेजराम चौधरी ,राजू मौर्य, मुकेश संग्राम, आदि मौजूद थे।

### श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास की साधारण सभा 20 जुलाई को

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास, मंदसौर की एक साधारण सभा की बैठक आगामी 20 जुलाई, सोमवार को रात्रि 8 बजे पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी में आयोजित की जाएगी। न्यास के अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया ने बताया कि इस बैठक में समाज के विकास और भविष्य की योजनाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए जाएंगे।बैठक के एजेंडे में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय पत्रक की प्रस्तुति, आगामी वर्ष के बजट की स्वीकृति और वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पर चर्चा शामिल है। इसके साथ ही होली गोठ, राजा टोडरमल जयंती के आय-व्यय की समीक्षा, वर्ष 2026 के परिचय सम्मेलन की रूपरेखा, प्रस्तावित पोरवाल धाम के निर्माण नक्शे का अनुमोदन, छात्रावास के किराए में वृद्धि, सभी समाजजनों के घरों पर समाज की नेम प्लेट लगाने और पोरवाल युवा संगठन द्वारा समाज की जनगणना कराने जैसे दूरगामी विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। न्यास के सचिव जगदीश काला ने समाज के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर इस बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।



### मारपीट करने वाले बाप - बेटे को एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** श्रीमती अंकीता गुप्ता खाड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला नीमच के द्वारा अपने निर्णय में घर विवाद के कारण लकड़ी व धोने से मारपीट कर फरियादी का पैर तोड़ने वाले आरोपीगण बाप-बेटे अश्विन पिता भंवरलाल बलाई, एवं आर्यन पिता अश्विन बलाई, दोनों निवासी-ग्राम चीताखेड़ा, तहसील-जीरन, जिला-नीमच को एक-एक वर्ष का कारावास।



## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सांदीपनि विद्यालय में वृहद पौधारोपण

**सुसनेर।** मध्य प्रदेश शासन के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र लोहार, माध्यमिक विंग के प्रधानाध्यापक संतोष जादमे, प्राथमिक विंग के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार जादमे, शिक्षक अभिषेक पाण्डे, मुकेश खटीक सहित समस्त शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, आम, जामुन सहित लगभग 50 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। वृक्ष पर्यावरण को संतुलित रखने, शुद्ध वायु प्रदान करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे केवल पौधे लगाएँ ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करें। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जन-जन तक पहुँचाने तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

## नगर परिषद ने परखा रंगीन फव्वारा, अंतिम दौर में पहुंचा सौंदर्यीकरण कार्य



**सुसनेर।** नगर परिषद द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। सोमवार शाम चौक पर लगाए गए आकर्षक रंगीन फव्वारे का सफल ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान फव्वारे से निकलती पानी की धाराएं और रंग-बिरंगी रोशनी ने चौक की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। फव्वारे के ट्रायल के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कार्य का निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को जल्द ही विकसित चौक की सौगात मिल सके। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि युगल किशोर परमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, मंडल महामंत्री कालूसिंह, कमल गर्ग सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने फव्वारे की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर परिषद द्वारा चौक पर आकर्षक फव्वारे के साथ सौंदर्यीकरण, हरियाली, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद पुराना बस स्टैंड स्थित दीनदयाल उपाध्याय चौक शहर का नया आकर्षण बनेगा और स्थानीय नागरिकों के साथ बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी यह स्थल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा

## नगर में 'दस्तक अभियान' का शुभारंभ



**खाचरौद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित 'दस्तक अभियान' का शुभारंभ आज खाचरोद नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र से किया गया।इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम घर-घर जाकर लगभग 4 हजार बच्चों (0 से 5 वर्ष) का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग करेगी। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर का आकलन कर उन्हें विटामिन-ए, आयरन सिरप एवं आवश्यक टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।स्वस्थ बचपन, कुपोषण मुक्त मध्यप्रदेश और सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ यह अभियान बच्चों के समुचित स्वास्थ्य एवं पोषण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## श्री गोदड हनुमान मंदिर पर चौदस अमावस्या को अखंड रामायण पाठ के साथ हवन पूजन

**बडौद।** नगर के श्री गोदर मंदिर हनुमान जी मंदिर हर माह की



चौदस और अमावस्या को 24 घंटा की अखंड रामायण पाठ किया जाता है। जिसमें भक्तगण अखंड रामायण पाठ में भाग लेकर हवन पूजन किया जाता है और साथ में भंडारे का आयोजन पिछले कई वर्षों से मंदिर से जुड़े भक्तगण करते चले आ रहे है! महंत विजय दास बैरागी ने बताया कि भक्तों के द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का आयोजन करवाया जाता है और साथ में भंडारे का भी आयोजन होता है! जो भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

## एसडीएम हिंगे का डिप्टी कलेक्टर बनने पर पत्रकारों ने किया स्वागत

**महिदपुर रोड।** अजय हिंगे एस डी एम महिदपुर का अपर कलेक्टर पद पर पदोन्नत होने पर आंचलिक पत्रकार संघ की और से पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान अंजनी पत्रकार संख्या जिला उपाध्यक्ष विशाल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रघुवीर सिंह जी राजपूत मनोज पोरवाल निलेश गरासिया अंकित जायसवाल लोके श माली और हेमंत राजपूत शाहिद सहित बड़ी संख्या में अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### सेवा सप्ताह के अंतर्गत देवनारायण मंदिर में विहिप-बजरंग दल ने लगाया

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों को मिला स्वास्थ्य परामर्श, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को मालीपुरा स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में करीब 250 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ सुबह करीब 11 बजे हुआ। इस दौरान मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. यश रूपारिया एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रखर यादव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। नर्सिंग स्टाफ ने भी पूरे शिविर के दौरान मरीजों की जांच एवं व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीजों का




ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं शुगर (ब्लड ग्लूकोज) की निःशुल्क जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उपचार संबंधी परामर्श भी दिया गया।

चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा एवं ग्रामीणजन पहुंचे। स्वास्थ्य जांच के बाद चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी।

शिविर के सफल आयोजन में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के , प्रखंड एवं खंड स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और व्यवस्था संभालने में योगदान दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। आयोजन के अंत में सभी सहयोगियों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विहीप जिला उपाध्यक्ष भरत भावसार बजरंग जिला संयोजक अनिल कावल प्रखण्ड उपाध्यक्ष शिवम शर्मा, प्रखण्ड सह मंत्री मनीष राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विहिप-बजरंग दल सेवा कार्यों में अग्रणीय

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा सप्ताह के माध्यम से संगठन केवल धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा के विभिन्न कार्यों के माध्यम से जनकल्याण का संदेश भी दे रहा है। इसी उद्देश्य से स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, मंदिरों की साफ-सफाई तथा चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

### राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर गूंजा विवेकानंद का संदेश,

# एबीवीपी ने निकाली विवेकानंद ध्येय पथ यात्रा छात्रों को किया राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महिदपुर द्वारा सोमवार को स्वामी विवेकानंद ध्येय पथ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं नगरवासी शामिल हुए।




यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान कार्यकताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों, राष्ट्रभक्ति, युवा शक्ति और चरित्र निर्माण के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। यात्रा का समापन पुनः राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य रहे। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को एबीवीपी मालवा प्रांत की प्रांत सहमंत्री अंजलि लखेरा ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है और युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित उज्जैन विभाग संयोजक आदर्श चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि ध्येय पथ यात्रा का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के अमर संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको को जन-जन तक पहुंचाना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रसेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण की भावना को मजबूत करना है।

इस अवसर पर जिला विस्तारक गोपाल योगी, जिला संयोजक राजदीप सिंह, महिदपुर भाग संयोजक आदित्य राज मेहता, नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह, नगर मंत्री कुलदीप आंजना सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज राजगढ़ में आयोजित होगी जिला स्तरीय स्टार्टअप कार्यशाला

**ब्यावरा-राजगढ़।** भारत सरकार की स्टार्टअप इंडिया (डीपीआईआईटी) पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजगढ़ द्वारा 16 जुलाई 2026 गुरुवार को प्रातः 10 बजे होटल संस्कृति राजगढ़ में एक दिवसीय जिला स्तरीय स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं, स्थानीय उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों, नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभाओं तथा भावी उद्यमियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, नवाचार आधारित उद्यमिता एवं स्वरोजगार के नवीन अवसरों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को सफल स्टार्टअप स्थापित करने की प्रक्रिया, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा व्यवसाय विस्तार के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप इकोसिस्टम, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, केंद्र एवं राज्य शासन की स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं, एमएसएमई प्रोत्साहन, इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन, फंडिंग के विभिन्न स्त्रोतों, निवेश के अवसरों तथा व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजगढ़ ने जिले के इच्छुक युवा उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों, उद्योगपतियों, विद्यार्थियों एवं नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत सभी प्रतिभागियों से इस कार्यशाला में सहभागिता करने का अनुरोध किया है ताकि वे निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से पूर्व पंजीयन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## पेट दर्द के इलाज से मरीज में जान से खिलवाड़

**ब्यावरा-राजगढ़।** मुन्ना भाई एमबीबीएस की तर्ज पर कई मुन्ना भाई दुकानें खोलकर बैठे है जिनके नाम के नीचे एमबीबीएस तो लिखा है मगर इलाज झोलाछाप डॉक्टर की तरह कर रहे हैं। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर की एक महिला मुन्ना भाई के इलाज से मरते मरते बाल बाल बची। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो माह पूर्व डॉ अरशद ए सैय्यद शास्त्री नगर रतलाम स्थित चेस्ट सेंटर के नाम पर संचालित क्लिनिक पर सामान्य दर्द होने पर महिला दिखाने पहुंची वहां पर बैठे मुन्ना भाई ने पहले पर्चा बनाया उस पर एक्सरे लिखा जो क्लिनिक के अंदर ही करवाया गया।

## जो स्वयं की प्रिय वस्तु दे सके वही दानी- श्री राधा कृष्ण महाराज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना

7 दिन और 7 रात तक श्री नरसिंह महाराज ने भगवान शंकर का भजन करा भगवान शंकर ने प्रसन्न होकर बोले नरसिंह क्या जाहिए,नरसिह विचार कर बोले भोलेनाथ आप मुझे प्रसन्न हो राजी हो तो आपको सबसे प्रिय है वह आप मुझे दे। जो स्वयं की प्रिय वस्तु दे सके वही दानी होता है और शंकर भगवान तो ओढरदानी है।मतलब बहुत अधिक देने वाले है।नरसिंह जी के जीवन में मौका आया मायरे, नरसिंह भगवान भरोसे भजन गाते रहे आखिर में भगवान मायरे गढरी लेकर सांवरिया सेठ बन कर आए।यह पूरा प्रसंग है नानी बाई रो मायरे का। यह बात बुधवार को राठी परिवार द्वारा आयोजित नानी बाई रो मायरो में गोवत्स राधाकृष्ण महाराज ने कही। 3



दिवसीय नानी बाई रो मायरो महालोक डिपो के पीछे श्री कृपा गार्डन में आयोजित हो रहा है। 15 एवं 16 जुलाई को दोपहर 2 से5 बजे तक वहीं17 जुलाई को दोपहर 12 से 3 तक आयोजित होगया। राधाकृष्ण महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति जीवन मे एक बार रथ में भगवान के दर्शन कर लेता है उसे संसार की यातना कभी नही सहनी पड़ेगी।भक्त है तो जगत है।भक्त नही तो जगत नही। व्यास गादी पर गोवस्त राधाकृष्ण का स्वागत संम्मान जगदीश राठी के द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी सँख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### 19 जुलाई को नागदा बनेगा मिनी 'पुरी धाम'

# भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन को उमड़ेंगे श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नागदा

भगवान श्री जगन्नाथ महोत्सव के पावन अवसर पर आगामी 19 जुलाई को नागदा नगर एक बार फिर आस्था और सनातन संस्कृति के अनुपम उत्सव का साक्षी बनेगा। श्रीकृष्ण भावना अमृत संघ (इस्कॉन) उज्जैन एवं नागदा के संयुक्त तत्वावधान तथा नगरवासियों के सहयोग से लगातार तीसरे वर्ष भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति को विश्वास है कि इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालु भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दिव्य रथ के दर्शन कर स्वयं को धन्य करेंगे।

रथयात्रा दोपहर 2 बजे कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, पुराना बस स्टैंड एवं महिदपुर रोड होते हुए ज्योति श्री गार्डन पहुंचेगी। यात्रा के समापन स्थल पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भोग प्रसादम) की व्यवस्था की गई है। मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया कि रथयात्रा को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संकीर्तन, घर-घर जनसंपर्क, आमंत्रण यात्राएं, पोस्टर, पंपलेट एवं धार्मिक संदेशों के माध्यम से नागरिकों को



रथयात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचार वाहन के माध्यम से रथयात्रा का व्यापक प्रचार किया जा रहा है।

आयोजन समिति के राकेश यादव, मुकेश डोडिया एवं डॉ. अनंत शर्मा के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों का भी आयोजन को भरपूर सहयोग मिल रहा है। विशेष रूप से महिला मंडल की सक्रिय भूमिका रहेगी, वहीं बंगाली समाज पारंपरिक बंगाली वेशभूषा एवं भक्ति-कीर्तन के साथ रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगा। नगर के वैष्णव वृंद भी सेवा एवं भक्ति के माध्यम से आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

मनोज राठी एवं घनश्याम राठी ने बताया कि माहेश्वरी समाज द्वारा यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए भोग-प्रसाद एवं सेवा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्षों में आयोजित रथयात्रा में 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं ने सहभागिता की थी। इस वर्ष 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, जिससे पूरा नगर एक बार फिर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होगा।

रथयात्रा के आमंत्रण अभियान के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 21 स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में आरती एवं संकीर्तन के साथ क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया। वहीं एप्रोच रोड स्थित केशव गार्डन एवं प्रकाश नगर में बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन की सहभागिता से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रकाश जैन ने रथयात्रा की व्यवस्थाओं एवं आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी नागरिकों से सहभागिता का आह्वान किया। ओमप्रकाश चौहान, मुकेश डोडिया, बृजेश शुक्ला एवं डॉ. अनंत शर्मा ने भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा का वर्णन करते हुए सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया।



## सेंट जोसेफ कॉन्वेंट विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**महिदपुर।** छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी संत जोसेफ कॉन्वेंट विद्यालय महिदपुर में दिनांक 13 जुलाई 2025 को गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माडल विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, उप प्रबंधक फादर सजी, प्राचार्य सोबी थॉमस, उप प्राचार्य अनिश थॉमस एवं नवनियुक्त हेड बॉय यजत पंवार, हेड गर्ल कृति जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। यलो हाउस की ओर से दिव्या पालीवाल मेडम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व अनुशासन और सेवा भावना के महत्व को समझाया । इसके पश्चात मुख्य अतिथि रामेश्वर सोनी सर ने अपने उद्बोधन द्वारा नेतृत्व क्षमता एवं दायित्व बोध की उपयोगिता बताते हुवे सभी नव नियुक्त छात्र – छात्रा को शुभकामनाएँ प्रेषित की। विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने उद्बोधन द्वारा कर्तव्य के महत्व को समझाते हुए सभी छात्रो को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गांव-गांव पहुंच रहा कौशल का पहिया, बदल रहा विद्यार्थियों के सीखने का तरीका




**महिदपुर।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जब पूरे देश में युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने की बात हो रही है, तब महिदपुर व नागदा क्षेत्र के कई ग्रामीण शासकीय विद्यालयों में यह प्रयास पहले से ही धरातल पर दिखाई दे रहा है। मेरा गाँव मेरी दुनिया संस्था द्वारा संचालित टेक ट्रक (मोबाइल स्किल लैब) नियमित रूप से गांव-गांव पहुंचकर शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक कौशल से जोड़ रहा है। इस अनूठी पहल के तहत विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि स्वयं वायरिंग करना, एलईडी बल्ब बनाना एवं उसकी मरम्मत करना, सोल्डरिंग, विद्युत सुरक्षा, सोलर एनर्जी की मूलभूत जानकारी तथा विभिन्न तकनीकी गतिविधियों को अपने हाथों से सीखते हैं। यही अनुभव उन्हें आत्मविश्वास के साथ सीखने और नई तकनीकों को समझने के लिए प्रेरित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां तकनीकी संसाधनों तक पहुंच सीमित होती है, वहां यह मोबाइल स्किल लैब विद्यालयों तक आधुनिक कौशल शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों में समस्या समाधान, टीमवर्क, नवाचार और आत्मनिर्भर बनने की सोच भी विकसित हो रही है। कई विद्यार्थियों ने पहली बार इलेक्ट्रिकल टूल्स और तकनीकी उपकरणों का उपयोग इसी पहल के माध्यम से किया। विश्व युवा कौशल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भविष्य केवल डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल से भी बनता है। महिदपुर ओर नागदा के गांवों में चल रही यह पहल इस बात का उदाहरण है कि यदि सीखने का अवसर बच्चों तक पहुंचाया जाए, तो ग्रामीण प्रतिभाएं भी आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकती हैं।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील का संयुक्त किसान मोर्चा ने किया विरोध




**ब्यावरा।** 15 जुलाई को संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में गुना और राजगढ़ के किसानों ने भारतझअमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते (ट्रेड डील) के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी ब्यावरा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि यह व्यापार समझौता वर्तमान स्वरूप में लागू किया जाता है, तो इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव देश के किसानों, पशुपालकों एवं डेयरी संचालकों पर पड़ेगा। सस्ते विदेशी कृषि एवं डेयरी उत्पादों के आयात से भारतीय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा तथा डेयरी क्षेत्र से जुड़े लाखों परिवारों की आजीविका भी प्रभावित हो सकती है। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में देश के किसानों, पशुपालकों और डेयरी क्षेत्र के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। किसानों के हितों के विपरीत कोई भी निर्णय स्वीकार्य नहीं होगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रस्तावित भारतझअमेरिका ट्रेड डील पर पुनर्विचार किया जाए तथा यदि इससे किसानों और डेयरी क्षेत्र को नुकसान होने की संभावना है, तो इसे तत्काल वापस लिया जाए। इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने स्पष्ट कहा कि देश की कृषि, पशुपालन और डेयरी व्यवस्था की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।



# जब अमर कथा सुनने की इजाजत गणेश जी को भी नहीं थी

## यह रहस्य जानते हैं आप?

माना जाता है कि मां पार्वती को अमरता का वृत्तांत सुनाने से पहले भगवान शिव ने नंदी, नाग, त्रिशूल और गणेश जी को अलग-अलग जगहों पर छोड़ा था। जिससे कि कोई यह कथा न सुन सके।

भगवान शिव और मां पार्वती की अमरकथा से जुड़ी एक रोचक कहानी सुनने को मिलती है। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने लिखा है कि सदियों पर भगवान शिव से माता पार्वती ने पूछा कि उन्होंने मुंड माला कब और क्यों धारण करना शुरू किया। जिस पर भगवान शिव ने जवाब देते हुए कहा कि जब भी देवी पार्वती का जन्म होता है, तो वह अपनी माला में एक और सिर जोड़ लेते हैं। तब देवी पार्वती ने कहा कि मैं बार-बार मरती हूं, लेकिन आप अमर हैं। इसलिए मुझे अपनी अमरता का कारण बताइए। जिस पर भगवान शिव-शंकर ने उत्तर देते हुए कहा कि पार्वती इसके लिए आपको अमर कथा सुननी होगी।



### दो कबूतरों ने सुनी अमरता की कथा

कोई भी अमरता से जुड़ा वृत्तांत न सुन पाए, यह सुनिश्चित करने के लिए भगवान शिव ने कालाग्नि को पैदा किया। कालाग्नि को गुफा के अंदर और इसके आसपास के सभी जीवों को नष्ट करने के लिए आग फैलाने का आदेश दिया। फिर भगवान शिव में मां पार्वती को अमरता का रहस्य बताना शुरू किया। लेकिन संयोगवश एक कबूतर के जोड़े ने अमरता का वृत्तांत सुन लिया और वह अमर हो गए। माना जाता है कि आज भी कई तीर्थयात्री उन पवित्र कबूतरों के जोड़े को वहां देखने का दावा करते हैं। वहीं तीर्थयात्री भी यह देखकर हैरान हो जाते हैं कि इतने ठंडे और पहाड़ी क्षेत्र में यह पक्षी जीवित कैसे रहते हैं।

### अमरकथा सुनाने से पहले क्या-क्या त्यागा



जब भगवान शिव जी माता पार्वती को अमरकथा सुनाने को तैयार हो गए। तो शिव-पार्वती ऐसी जगह के लिए चल पड़े, जहां पर अन्य कोई अमर कथा को न सुन सके। अमरकथा सुनाने के लिए उन्होंने अमरनाथ गुफा को चुना। लेकिन इससे पहले भगवान शिव ने अपने प्रिय भक्त और वाहन नंदी को पहलगाम में छोड़ दिया। वहीं अपने नागों को शेषनाग झील के किनारे छोड़ दिया। उन्होंने भगवान गणेश को महागुण पर्वत पर छोड़ा और जीवन के पंच तत्वों को पंजतरणी में त्याग दिया। जिनके वह स्वामी हैं। इन सभी को त्यागने के बाद भगवान शिव ने माता पार्वती के साथ अमरनाथ गुफा में प्रवेश किया और समाधि ले ली।



# क्या वाकई प्रेमी जोड़ों के लिए अशुभ है जगन्नाथ मंदिर के दर्शन?

**पुरी जगन्नाथ मंदिर में अविवाहित जोड़ों के प्रवेश को लेकर प्रचलित पौराणिक मान्यताओं का विश्लेषण करने पर राधा रानी के श्राप का प्रसंग सामने आता है। यह मान्यता मंदिर की परंपराओं और भक्तों की अटूट आस्था के बीच एक गहरा सांस्कृतिक संबंध स्थापित करती है। जगन्नाथ रथ यात्रा और मंदिर दर्शन के नियमों के बीच के अंतर को समझना श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक है।**

ओडिशा में स्थित जगन्नाथ मंदिर अपने चमत्कार के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। दूर-दूर से देश-दुनिया के लोग पुरी जगन्नाथ मंदिर का दर्शन करने आते हैं। माना जाता है कि जो भक्त सच्चे मन से इस मंदिर के दर्शन करने आता है उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वैसे आपने भी जगन्नाथ मंदिर संबंधित कई सारे चमत्कार की कहानी जरुर सुनी होगी, जहां पर भगवान ने भक्तों की मनोकामनाएं जरुर पूर्ण होती है। हालांकि शायद ही आप जानते होंगे कि इस मंदिर में शादी से पहले प्रेमी जोड़े दर्शन के लिए नहीं जा सकते हैं। क्या आपने इसके पीछे की मान्यता के बारे में सुना है, क्या है इसकी पौराणिक कथा? आइए आपको इस लेख में बताते हैं भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रेमी जोड़ो का जाना वर्जित क्यों हैं।

दरअसल, पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अविवाहित प्रेमी जोड़े या फिर जिन जोड़ों की शादी तय हो चुकी है लेकिन, हुई नहीं है उन लोगों के लिए दर्शन करने के लिए नहीं जाना चाहिए। असल में इसके पीछे एक पुरानी धार्मिक कथा है। लोककथाओं व मान्यताओं के अनुसार, एक बार राधा रानी जगन्नाथ भगवान के दर्शन करने के लिए पुरी पहुंची थी। हालांकि, राधा रानी को मंदिर के पुजारियों ने बाहर ही रोक दिया। पुजारियों ने कहा कि मंदिर में सिर्फ भगवान और उनकी पत्नियां ही प्रवेश कर सकती हैं। जब राधा रानी ने यह बात सुनी तो उन्हें काफी बुरा लगा। फिर राधा रानी ने उन्हें श्राप दिया कि यदि ऐसा है जो भी प्रेमी जोड़ा इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आएगा उनके प्रेम में बाधा आ जाएगी। इस श्राप के चलते आज भी भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रेमी जोड़े दर्शन के लिए एक साथ नहीं जाएंगे।




रिपोर्ट- बुमराह मुंबई इंडियंस के कप्तान बन सकते हैं

# पंड्या को दूसरी टीम से बदलने की संभावना, रिव्यू मीटिंग में होगा फैसला

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के अगले कप्तान बन सकते हैं। हार्दिक पंड्या और टीम में शामिल एक पूर्व भारतीय कप्तान ट्रेड हो सकते हैं। हेड कोच महेला जयवर्धने समेत कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव हो सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन सभी मुद्दों पर अंतिम फैसला अगले हफ्ते इंग्लैंड में होने वाली रीव्यू मीटिंग में लिया जा सकता है। बैठक में अंबानी परिवार और फ्रेंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। पिछले 5 सीजन में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा है। टीम पिछले सीजन में 4 मैच जीतकर 8 अंकों के साथ 9वें स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस ने अपना पिछला आईपीएल टाइटल 2020 में रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था। फाइनल में दिल्ली को 5 विकेट से हराया था।



फ्रेंचाइजी ने 27 नवंबर 2023 को हार्दिक पंड्या को ट्रेड करके अपने साथ जोड़ा और फिर कप्तान बनाया था। लेकिन पंड्या की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन नहीं सुधरा। ड्रेसिंग रूम में अनबन की स्थिति बनी और कुछ रिपोर्ट्स में गुटबाजी की बातें भी सामने आईं। हालांकि, इस पर टीम या मैनेजमेंट ने कुछ नहीं कहा।

ड्रेसिंग रूम में अनबन और लगातार बदलती रणनीतियों का असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई ने 39 मैच खेले हैं, लेकिन 15 में ही जीत हासिल की है।

# स्पेन 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

स्पेन 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। टीम ने पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराकर दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। डलास स्टेडियम में मिकेल ओयारजाबाल ने 22वें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में पेड्रो पोरो ने गोल दागकर स्पेन की जीत पक्की कर दी।

स्पेन 2010 के बाद फाइनल खेलेगा। तब टीम ने फाइनल में नीदरलैंड को 1-0 से हराकर अपना इकलौता वर्ल्ड कप जीता था। वहीं, फ्रांस 2018 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने से रह गया। स्पेन को 22वें मिनट में पेनल्टी मिली।

# आईसीसी की वनडे ऑलरांउडर रैंकिंग में अक्षर पटेल टॉप-10 में पहुंचे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

आईसीसी ने 15 जुलाई को वनडे रैंकिंग जारी की। इसमें भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल तीन स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गए।

शुभमन गिल दूसरे स्थान पर बरकरार हैं और नंबर-1 बल्लेबाज बनने से सिर्फ 11 रेटिंग अंक दूर हैं। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के बावजूद रोहित शर्मा और विराट कोहली टॉप-5 बल्लेबाजों में बने हुए हैं।



इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में अक्षर पटेल ने पहले 4 विकेट लिए, फिर 52 गेंदों में नाबाद 57 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन का असर क्ळउ की ताजा वनडे रैंकिंग में भी दिखा। अक्षर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 18 स्थान की छलांग लगाकर 73वें, गेंदबाजों में दो स्थान के सुधार के साथ 42वें और ऑलराउंडर रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 9वें नंबर पर पहुंच गए।

213 रेटिंग अंकों के साथ वह अपने करियर के बेस्ट रैंकिंग पर हैं। इससे पहले वह 7 जुलाई को जारी रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे थे। इस सूची में अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई 316 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, मैच जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले वाशिंगटन सुंदर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 177वें और ऑलराउंडर रैंकिंग में 55वें स्थान पर पहुंच गए।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान शुभमन गिल ने 75 गेंदों में 80 रन बनाए। वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर लौटे, लेकिन उनकी पारी भारत की जीत की नींव साबित हुई।

# लॉर्ड्स की 'क्वीन' बनीं वडोदरा की यास्तिका

**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स के 142 साल के इतिहास में खेले गए पहले महिला टेस्ट में भारत की जीत की हीरो रहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया के लिए यह शतक सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि पूरे परिवार का सपना पूरा होने जैसा था। तीसरी पारी में 158 गेंद पर 113 रन की पारी खेलने के बाद जब यास्तिका ने बैट उठाकर जश्न मनाया तो उनकी आंखों के सामने माता-पिता, बहन और दिवंगत दादाजी की तस्वीर थी। मैच के बाद उन्होंने पिता से फोन पर कहा, पापा, जब मैंने बैट उठाया तो मुझे आप चारों और दादाजी दिख रहे थे। यास्तिका के पिता ने बताया कि जब बेटी 91 रन पर थी और लंच ब्रेक हुआ, तब वे मंदिर पहुंचे और भगवान से प्रार्थना की-'भगवान, आज इसकी सेंचुरी पूरी करवा देना।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क
9827820470

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### बिचौली मर्दाना में 27 वर्षीय युवक की पांचवीं मंजिल से गिरने से मौत

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना स्थित एक अपार्टमेंट में बुधवार सुबह 27 वर्षीय युवक की पांचवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस फिलहाल हादसे और आत्महत्या दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना सुबह करीब 8.30 बजे करुणा सागर बिल्डिंग की है। मृतक की पहचान शिवराज रघुवंशी पिता मूलचंद रघुवंशी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शिवराज पांचवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में रहता था और वहीं से नीचे गिर गया। मृतक के बड़े भाई जगदीश ने बताया कि सुबह उनकी मां ने जोर से आवाज लगाई और बताया कि शिवराज नीचे गिर गया है। इसके बाद परिवार के सदस्य तुरंत नीचे पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। परिजनों के अनुसार शिवराज अक्सर छठी मंजिल की छत पर सिगरेट पीने जाया करता था।

### मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर के खिलाफ वसूली और गिरफ्तारी वारंट जारी

**इंदौर।** फैमिली कोर्ट इंदौर ने भरण-पोषण राशि का भुगतान नहीं करने पर मंदसौर जिले में पदस्थ जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने कहा कि जिम्मेदार प्रशासनिक पद पर कार्यरत अधिकारी से अदालत के आदेशों का पालन करने की अपेक्षा अधिक होती है। आदेश की अवहेलना पर कोर्ट ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ वसूली और गिरफ्तारी वारंट जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार, निर्मला ने अपने पति राहुल चौहान पिता- शंकरलाल चौहान के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-125 के तहत भरण-पोषण के लिए फैमिली कोर्ट इंदौर में आवेदन दायर किया था। राहुल चौहान वर्तमान में मंदसौर जिले की गरोठ तहसील में जॉइंट कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। मामले की सुनवाई के बाद प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश ने 4 मई 2026 को अंतरिम भरण-पोषण के रूप में 20 हजार रुपए प्रतिमाह देने का आदेश पारित किया था।

### छात्रों के बीच चाकूबाजी, तीन आरोपियों पर केस दर्ज, इंस्ट्रग्राम पर मांगा था नंबर

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रों के बीच विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर शुरू हुई कहासुनी के बाद बंगाली चौराहे पर तीन छात्रों ने 11वीं के छात्र और उसके दोस्तों से मारपीट की। इस दौरान एक छात्र ने दोस्त के पैर पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले रितीश जोशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सत्य साईं चौराहे के पास स्थित एक निजी स्कूल का छात्र है। उसका विवाद स्कूल में खो-खो खेल के दौरान दूसरे छात्र रिशीत से हुआ था। रितीश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह स्कूल में टीसी लेने गया था, जहां आरोपी छात्र उसे घूर रहा था। इसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उससे मोबाइल नंबर मांगा, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। रविवार शाम रितीश अपने दोस्तों लक्की और यश के साथ बंगाली चौराहे पर था।

### एमडी नशे का विरोध, युवक पर हमला धारदार हथियार से वार, चार पर केस

**धार।** धार शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नागर की वाड़ी में कथित एमडी नशे के कारोबार का विरोध करने पर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि देर रात कई लोग घर में घुस आए और धारदार हथियारों से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है, जबकि पुलिस ने चार नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घायल समीर उर्फ लाला पिता सलीम बागवान की शिकायत पर पुलिस ने गोलू पिता इकबाल, आवेश पटेल, सलमान और दद्दू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(ए), 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी देर रात घर पहुंचे और धारदार हथियारों से हमला कर फरार हो गए। घायल इरफान ने बताया कि उसके घर के आसपास रोजाना 15 से 20 युवक कथित रूप से एमडी जैसे नशीले पदार्थ का सेवन करते थे।

### शिव मंदिर की जमीन पर कब्जे का आरोप ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धार।** धार जिले के नौगांव स्थित परदेशी मोहल्ला वार्ड क्रमांक-3 के रहवासियों ने मंगलवार को जिला पंचायत पहुंचकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिव मंदिर की शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण, मंदिर परिसर में निर्माण कार्य और श्रद्धालुओं के साथ विवाद किए जाने के आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। रहवासियों का आरोप है कि परदेशी मोहल्ले में स्थित वर्षों पुराने शिव मंदिर की शासकीय भूमि पर एक परिवार द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा कर निजी मकान का निर्माण किया जा रहा है। उनका कहना है कि मंदिर परिसर का निजी उपयोग किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में परेशानी हो रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मंदिर में पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को रोका जाता है और उनके साथ विवाद किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे क्षेत्र की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और मंदिर का शांतिपूर्ण वातावरण प्रभावित हो रहा है।

### पृथक भील प्रदेश राज्य के गठन की मांग को लेकर भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने ज्ञापन सौंपे

**झाबुआ।** भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत एक पृथक 'भील प्रदेश' राज्य के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे। इस प्रस्तावित राज्य में राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल सीमावर्ती क्षेत्रों और दादरा एवं नगर हवेली को शामिल करने की मांग की गई है। झाबुआ जिला मुख्यालय के साथ-साथ रानापुर, पेटलावद और जिले के अन्य सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार से इस मांग पत्र पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। ज्ञापन में पृथक राज्य के गठन के पीछे कई ठोस कारण बताए गए हैं। इनमें भील समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक पहचान का संरक्षण प्रमुख है। इसके अलावा, अनुसूचित क्षेत्रों का समग्र विकास और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करना भी एक मुख्य उद्देश्य है।

### 6 वर्षीय मासूम के हत्याकांड पर न्याय में देरी पर निकाली जन आक्रोश रैली

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के कोदली गांव में 6 वर्षीय मासूम उत्कर्ष की हत्या के मामले में न्याय मिलने में हो रही देरी को लेकर क्षेत्र के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना के दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित परिवार और आम नागरिकों ने सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया। 'न्यायिक मानवाधिकार परिषद' के नेतृत्व में शहर में एक विशाल 'जन आक्रोश रैली' निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। यह आक्रोश रैली श्रद्धांजलि चौक से शुरू होकर शहर के मुख्य रास्तों से गुजरी। इसके बाद पुराना बस स्टैंड होते हुए रैली सीधे पेटलावद पुलिस थाने पहुंची। प्रदर्शन में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर आरोपियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा देने की मांग लिखी थी। थाना परिसर में उत्कर्ष के माता-पिता, दादा कुशल सिंह नायक और घटना में गंभीर रूप से घायल हुई दादी रमिला बाई भी मौजूद रहीं। यह जघन्य वारदात 5 मई 2026 को कोदली गांव में हुई थी। आरोपी जितेंद्र ने अपने चचेरे भाई चिराग के साथ मिलकर पैसे लूटने की योजना बनाई थी। दोनों ने अपने ही परिवार पर हमला कर 6 साल के उत्कर्ष की फावड़ा मारकर हत्या कर दी और लूटपाट की थी।

इंदौर में बच्चों के बीमार पड़ने के बाद एक्शनः निरीक्षण के दौरान मेस में मिलीं गंभीर खामियां

# पांच फूड सैंपल फेल, स्कूल प्रशासन को 14 दिन का अल्टीमेटम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शिशुकुंज स्कूल में भोजन करने के बाद बच्चों के बीमार होने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश और कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों की मेस और कैंटीनों की लगातार जांच की जा रही है।

इसी क्रम में बायपास रोड स्थित झलारिया की शिशुकुंज एजुकेशनल सोसायटी का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों में कई गंभीर खामियां मिलीं। इसके चलते संस्थान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र (इम्प्रूवमेंट नोटिस) जारी किया है।



#### फूड ग्रेड सामग्री के बजाय एल्यूमिनियम के बर्तनों का उपयोग

निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच संबंधी रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं मिली। वहीं, भोजन निर्माण में कुछ स्थानों पर फूड ग्रेड सामग्री के बजाय एल्यूमिनियम के बर्तनों का उपयोग किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान किचन में इस्तेमाल किया हुआ कुकिंग ऑयल रखा मिला। वहीं, डीप फ्रीजर में तापमान नियंत्रण और डिस्प्ले सिस्टम नहीं था। फूड हैंडलर्स केवल कैप पहने हुए थे, जबकि एप्रन और ग्लव्स का उपयोग नहीं किया जा रहा था। निर्माण में उपयोग किए जा रहे पानी की एनएबीएल लैब से प्रमाणित नवीनतम जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड भी अधूरा पाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 22 जून 2026 को किए गए निरीक्षण में पाया कि खाद्य निर्माण क्षेत्र की खिड़कियां सुरक्षित रूप से कवर नहीं थीं, जिससे कीट-पतंगों के प्रवेश की आशंका बनी हुई थी। रॉ मैटेरियल का भंडारण भी अव्यवस्थित मिला। इसके अलावा एक्सपायरी खाद्य सामग्री भी संग्रहित पाई गई, जिससे एफआईएफओ और एफईएफओ प्रणाली के पालन में गंभीर लापरवाही सामने आई।

**23 में से 5 खाद्य नमूने फेल-** जांच के दौरान लिए गए 23 खाद्य नमूनों में से ड्रिंकिंग वाटर, सोयाबीन तेल, ब्रियो नमकीन, तुअर दाल और अमूल स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम के नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन नमूनों के फेल होने के आधार पर संबंधित वैधानिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

**14 दिन में सुधार के निर्देश-** खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने संस्थान को 14 दिनों के भीतर सभी कमियों को दूर कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक सुधार नहीं होने पर लाइसेंस या पंजीयन निलंबित करने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सभी मानक पूरे होने पर ही मिलेगी अनुमति कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि संस्थान 14 दिनों के भीतर या उससे पहले सभी कमियों को दूर कर देता है तो प्रशासन का संयुक्त दल दोबारा निरीक्षण करेगा। निरीक्षण में सभी मानकों का पालन और आवश्यक दस्तावेज संतोषजनक पाए जाने पर ही स्कूल को मेस एवं खाद्य गतिविधियां दोबारा संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री यादव ने चिकित्सालय के लोकार्पण के दौरान कहा, एक देश में सभी के लिए समान कानून होना चाहिए

# समान कानून लागू करने की दिशा में बढ़ रही सरकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में 300 बिस्तरीय नए जिला चिकित्सालय के लोकार्पण के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक समान कानून लागू करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा- अगर रामचंद्र एक शादी करता है तो रहीम से भी एक ही शादी की अपेक्षा की जा सकती है। मुस्लिम बहनें भी हमारी बहन है। उनके जीवन में भी तो कष्ट आएगा। उनको क्या अलग कर सकते हैं?

उन्होंने कहा कि एक देश में अलग-अलग कानून नहीं होने चाहिए और सभी नागरिकों के लिए समान व्यवस्था जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश, एक निशान, एक प्रधान और एक विधान' का विचार दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर उस



#### पहले चरण में 34 बेड की विंग शुरू होगी

करीब 83.16 करोड़ रुपए की लागत से बने चार मंजिला 300 बिस्तरीय जिला अस्पताल से पश्चिमी इंदौर के लाखों लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। हालांकि पहले चरण में केवल 34 बेड की प्रसूति (मैटरनिटी) विंग शुरू की जाएगी। अस्पताल के शेष 266 बेड और मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग समेत अधिकांश प्रमुख विभाग फिलहाल शुरू नहीं होंगे।

संकल्प को आगे बढ़ाया। अब मध्य प्रदेश भी उसी भावना के साथ एक समान कानून लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में अलग-अलग समुदायों के लिए विवाह और अन्य व्यक्तिगत कानून अलग हैं, जबकि एक देश में सभी के लिए समान कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए भी यह जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में सरकार चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम चाहते तो इस कानून को विधानसभा से सीधे भी पारित करा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। समिति ने प्रदेश के सभी 55 जिलों और 10 संभागों में जाकर लोगों से संवाद किया और सुझाव लिए। इन सभी सुझावों का संकलन करने के बाद सरकार अब विधानसभा में कानून लाने की तैयारी कर रही है।

महापौर बोले- काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

# जनता ने गिनाई ड्रेनेज-स्ट्रीट लाइट की समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विधानसभा-4 के वार्ड-72 स्थित रेवेन्यू नगर में जनसंवाद कर लोगों की समस्याएं सुनीं। रहवासियों ने गार्डनों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइटों के नियमित मेंटेनेंस, ड्रेनेज लाइन की सफाई और कुछ गलियों में जलभराव की शिकायतें रखीं।

इस पर महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत दर्ज न करानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों से रखरखाव व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए। जनसंवाद के बाद महापौर सच्चिदानंद नगर योगशाला पहुंचे, जहां उन्होंने पौधारोपण किया और योग करने आए लोगों से क्षेत्र की सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम केवल दैनिक रखरखाव तक सीमित नहीं है, बल्कि अगले 20 से 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर शहर का आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है। महापौर ने बताया कि पेयजल और ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 25 वर्ष पुरानी पाइपलाइनें बदली गई हैं।

एसआईटी की चार्जशीट में खुलासा

# आईएएस संतोष वर्मा के प्रमोशन के लिए तोड़े नियम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के बहुचर्चित आईएएस संतोष वर्मा और तत्कालीन जिला न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत केस में एक बार फिर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने विजेंद्र सिंह रावत को विभागीय कार्रवाई से राहत देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है।

कोर्ट के इस फैसले के बाद विशेष जांच दल की चार्जशीट में दर्ज कई चौंकाने वाले तथ्य दोबारा सुर्खियों में आ गए हैं। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि एसआईटी की चार्जशीट में दोनों के बीच के घटनाक्रम को लेकर क्या बड़े दावे किए गए हैं। एसआईटी की जांच के अनुसार, तत्कालीन जिला न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत और आईएएस संतोष वर्मा के बीच मोबाइल पर करीब 140 बार बातचीत हुई थी। जांच एजेंसी का दावा है कि इन संपर्कों के बाद ही पूरे मामले में तेजी आई। चार्जशीट के मुताबिक, 6 अक्टूबर 2020 को दोनों के बीच फोन पर बात हुई और फिर दोनों ने इंदौर के ग्रैंड माचल रिजॉर्ट में मुलाकात की। इसी दिन न्यायाधीश ने कोर्ट से अवकाश लेने का आवेदन भी दिया था। चार्जशीट में दर्ज टाइम लाइन के अनुसार, आईएएस संतोष वर्मा की विभागीय पदोन्नति को हरी झंडी दिलाने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को कथित तौर पर असाधारण गति से आगे बढ़ाया गया।

खुडैल थाना क्षेत्र में महिलाओं ने पुरुषों के साथ हथियार लेकर घर पर बोला धावा

# पुरानी रंजिश में परिवार से मारपीट और घर में तोड़फोड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खुडैल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिलाएं खुलेआम हथियार लेकर मौके पर पहुंचीं और परिवार के लोगों से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और बाहर खड़ी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

खुडैल पुलिस के अनुसार आठ मील निवासी आसिफ पटेल की शिकायत पर अफसर पटेल, रिहान पटेल, परवीन, अरमान, अय्यूब, बबीता, आदिल, आरिफ पटेल सहित नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपनी कार से आठ मील जा रहा था, तभी आरोपियों ने रास्ते में रोककर डंडों से उसके साथ मारपीट की।



#### आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने भी की मारपीट

आसिफ के मुताबिक शोर सुनकर उनकी पत्नी शबाना और बुआ हारून बी मौके पर पहुंचीं तो आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद महिलाएं घर से अवैध हथियार लेकर आईं और परिवार के अन्य युवकों को उकसाकर शिकायतकर्ता के घर में घुसा दिया।

#### कार भी क्षतिग्रस्त

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसकर हंगामा किया और घर के बाहर खड़ी कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। घटना से घबराकर परिवार के लोगों ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया।

परिजनों का कहना है कि उन्होंने घर के अंदर से ही पूरी घटना के वीडियो रिकॉर्ड किए, जिन्हें पुलिस को सौंपा गया है। पुलिस वीडियो के आधार पर भी मामले की जांच कर रही है।

खुडैल थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर नौ आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और अवैध हथियार के साथ धमकाने सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फ्रूट व्यापारी के साथ 3.92 लाख रुपये की साइबर ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सराफा पुलिस ने लाखों रुपए की साइबर ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक फ्रूट व्यापारी के मोबाइल पर पेटीएम सस्पेंड होने का मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने ऐप अपडेट किया तो उनका अकाउंट हैक हो गया और करीब 3.92 लाख रुपए निकाल लिए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सराफा पुलिस के अनुसार, विद्याचल कॉलोनी निवासी कल्पेश जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कल्पेश ने बताया कि वे हुकुमचंद मार्ग पर फ्रूट का कारोबार करते हैं। 2 जून को उनके मोबाइल पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसमें पेटीएम सस्पेंड होने की जानकारी दी गई थी। इसके कुछ देर बाद दूसरा नोटिफिकेशन आया, जिसमें पेटीएम अपडेट करने का विकल्प था। उन्होंने ऐप अपडेट किया, जिसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। दोबारा चालू करने पर पेटीएम ऐप नहीं खुला। 5 जून को उन्होंने एक ग्राहक को पेमेंट करने की कोशिश की तो पता चला कि ट्रांजेक्शन लिमिट समाप्त हो चुकी है। बैंक जाकर जानकारी लेने पर पता चला कि 2 जून से 5 जून के बीच उनके अकाउंट से आधा दर्जन से अधिक ट्रांजेक्शन के जरिए 3 लाख 92 हजार रुपए निकाल लिए गए।

# किराएदार का सामान बाहर फेंका मकान मालिक पर चोरी का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में किराए के मकान का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंकने, कीमती जेवर गायब करने और विरोध करने पर दंपती से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार विदुर नगर निवासी निवेदिता राठौर ने शिकायत दर्ज कराई कि 13 जुलाई की रात करीब 9 बजे वह अपने पति राजेश राठौर के साथ किराए के मकान पर पहुंचीं। वहां देखा कि उनकी गैरमौजूदगी में मकान का ताला तोड़ दिया गया था और घर का पूरा सामान बाहर फेंक दिया गया था। महिला का आरोप है कि घर में रखा सोने के मंगलसूत्र का पेंडल और चांदी की पायल भी गायब है। राजेश राठौर मसालों का कारोबार करते हैं, जबकि आरोपी परिवार बिल्डिंग मटेरियल के व्यवसाय से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार जब दंपती ने इसका विरोध किया तो आरोपी नीता वर्मा, दीपक वर्मा, शोभा वर्मा, अमित वर्मा और अश्विन ने उनके साथ अभद्रता की। आरोप है कि नीता वर्मा और शोभा वर्मा ने निवेदिता के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जबकि बीच-बचाव करने आए राजेश राठौर के साथ अश्विन ने मारपीट की। घटना में दोनों को चोटें आईं। आरोपियों ने दंपती को मकान में प्रवेश करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com